www.anantgyaan.in
सूर्योदय 7:16 सूर्यास्त 5:21

आज का तापमान

| शहर | न्यूनतम | अधिकतम |
| --- | --- | --- |
| शिमला | 9.02 | 19.08 |
| धर्मशाला | 6.02 | 21.00 |

बाजार

| | |
| --- | --- |
| सेंसेक्स | 70506.31 |
| निफ्टी | 21150.20 |

# अनंत ज्ञान
करे हर सीमा पार



धर्मशाला | वीरवार, 21 दिसंबर 2023 | 6 पौष, विक्रमी संवत 2080 | वर्ष 1, अंक 3 | कुल पृष्ठ 16 | मूल्य : 5 रुपए

कबड्डी में भारत को स्वर्णिम करने वाली कैप्टन को अर्जुन अवॉर्ड...पेज 15

अनंत ज्ञान समाचार पत्र की एजेंसी लेने हेतु एवं प्रति न मिलने पर इन नंबरों पर संपर्क करें
ऊना-हमीरपुर-बिलासपुर 82192-07770
मंडी-कुल्लू 88949-01670
कांगड़ा-चंबा 98166-45634, 98052-49634
मुख्य कार्यालय 98162-32526, 98160-10065

# स्टोन क्रशर पर कांग्रेस-भाजपा में 'जंग'

## सुक्खू बोले- पांच साल स्टोन क्रशरों में हुआ घोटाला, अब क्यों हो रहा पेट दर्द?

पुनीत शर्मा, धर्मशाला

**विधानसभा** के शीतकालीन सत्र के दूसरे दिन विपक्ष ने स्टोन क्रेशर को बंद करने को लेकर सरकार पर भ्रष्टाचार के गंभीर आरोप लगाए। मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने जवाब दिया कि घोटाला हुआ है, लेकिन पूर्व सरकार के समय में हुआ है। वर्तमान सरकार ने पर्दाफाश किया है, उसी का दर्द भाजपा को हो रहा है। सरकार पारदर्शिता से काम कर रही है और 100 करोड़ का घोटाला स्टोन क्रशरों में हुआ है।

**बोले- नियमों के अनुसार ही चलेंगे स्टोन क्रशर**

मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार ने आपदा के समय स्टोन क्रशर को बंद किया था तो जांच में अनियमितता पाई गई हैं। नियमों को ताक पर रखकर स्टोन क्रशर चल रहे थे। 100 करोड़ रुपए का भ्रष्टाचार हुआ है। नियमों अनुसार ही स्टोन क्रशर चलेंगे। वाटर सेस को लेकर केंद्र के उपक्रम कोर्ट पहुंचे हैं, जबकि उत्तराखंड और जम्मू-कश्मीर में वाटर सेस दिया जा रहा है, उसको लेकर कोर्ट नहीं गए। हिमाचल के हितों से खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं होगा। (अनंत ज्ञान)



विस शीत सत्र के दूसरे दिन विपक्ष के सवालों का जवाब देते मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू।

### केंद्र सरकार को 9905 करोड़ का मेमोरेंडम ऑफ लॉस दिया, मिले सिर्फ 398 करोड़

**हिमाचल** में आई आपदा को लेकर मुख्यमंत्री ने कहा कि केंद्र सरकार की ओर से 633 करोड़ रुपए आने की बात की जा रही है, लेकिन प्रदेश सरकार की ओर से केंद्र सरकार को 9905 करोड़ का मेमोरेंडम ऑफ लॉस दिया गया। केंद्रीय नियमों के अनुसार, कम से कम 1605 करोड़ रुपए मिलने चाहिए थे। इसमें से भी 216 करोड़ रुपए पहले से ही दिए गए थे। अब तक 398 करोड़ रुपए की धनराशि ही केंद्र से आई है। यह कुल नुकसान का 6.40 प्रतिशत ही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि भाजपा ने हिमाचल प्रदेश को क्या दिया, जनता सब जानती है। केंद्र से विशेष पैकेज की उम्मीद नहीं की जा सकती है। सीएम सुक्खू ने कहा कि सांसद दिल्ली जाते हैं तो प्रधानमंत्री और गृह मंत्री से मिलने से घबराते हैं। मैं इस महीने के अंतिम सप्ताह प्रधानमंत्री और गृहमंत्री से मिलने जाऊंआ। वहां हिमाचल के हितों की बात को फिर से उठाया जाएगा। उन्होंने कहा कि भाजपा विधायक चाहें तो उनके साथ दिल्ली जाकर प्रधानमंत्री और गृहमंत्री से मिल सकते हैं।

## बंद किए स्टोन क्रशरों पर जवाब से नाखुश विपक्ष, सदन से वॉकआउट

अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला

**प्रदेश** में स्टोन क्रशरों के बंद होने का मुद्दा बुधवार को प्रश्नकाल में गूंजा। इस मुद्दे पर सत्तापक्ष और विपक्ष के बीच तीखी नोक-झोंक हुई। स्टोन क्रशरों को बंद करने पर उद्योग मंत्री हर्षवर्धन चौहान के जवाब से विपक्ष ने नाखुशी जाहिर की। विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया ने जैसे ही अगला सवाल पूछने की घोषणा की, तो विपक्षी सदस्य उखड़ गए और उन्होंने सरकार पर स्टोन क्रशर बंद करने की अधूरी जानकारी देने के आरोप लगाया। विपक्षी सदस्य अपनी सीटों पर खड़े होकर नारेबाजी करने लगे और सदन से वॉकआउट कर दिया। भाजपा ने दो बार सदन से वॉकआउट किया। रात आठ बजे तक सदन चलता रहा।

वहीं, मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा कि राज्य सरकार खनन से पांच करोड़ का राजस्व जुटाने पर विचार कर रही है। वर्तमान खनन नीति से सरकार को राजस्व घाटा हो रहा है। सरकार सुधार करने, कंक्रीट व रेत के दामों को निर्माण की कीमत से जोड़ने पर विचार कर रही है। इससे पूर्व विपिन सिंह परमार व बिक्रम ठाकुर ने सरकार की ओर से लिए गए फैसले को जनविरोधी बताया और कहा कि जहां सरकार की ओर से लिए गए निर्णय से जनता को महंगे दामों पर कंक्रीट व रेत खरीदने पड़े बल्कि 1600 लोगों ने रोजगार भी खोया।




गोबर की टोकरी लेकर विस परिसर पहुंचे नेता प्रतिपक्ष जयराम व भाजपा विधायक।

### गोबर की टोकरी लेकर विधानसभा पहुंचे भाजपा के विधायक, नारेबाजी

**धर्मशाला।** तपोवन में चल रहे विधानसभा शीतकालीन सत्र के दूसरे दिन विपक्षी दल भाजपा तल्ख तेवरों में नजर आया। सदन की कार्यवाही शुरू होने से पहले ही भाजपा विधायक कांग्रेस सरकार की गोबर खरीदने की गारंटी को लेकर हमलावर हुआ। विपक्ष के विधायक सिर पर गोबर की टोकरी लेकर विधानसभा पहुंचे और सुक्खू सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। भाजपा विधायकों ने सरकार को दो रुपए किलो गोबर खरीदने की गारंटी की याद दिलाई और इसे पूरा करने को कहा। नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा कि हिमाचल की कांग्रेस सरकार ने किसानों से दो रुपए किलो गोबर खरीदने का वादा किया था, लेकिन एक वर्ष बीत जाने के बाद भी राज्य सरकार ने अभी तक इस गारंटी को पूरा नहीं किया है। उन्होंने कहा कि एक साल में लोगों का गोबर सूख गया है, जिसे लेकर वे आज विधानसभा पहुंचे हैं।

## न्यूज शॉर्ट्स

### जम्मू-कश्मीर में भूकंप के झटके, 3.4 रही तीव्रता



**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर में एक बार फिर भूकंप के झटके महसूस किए गए। जम्मू संभाग के जिला किश्तवाड़ में बुधवार दोपहर 11 बजकर 57 मिनट पर धरती डोली। रिक्टर स्केल पर इसकी तीव्रता 3.4 दर्ज की गई। इसके बाद 12 बजकर 18 मिनट पर एक बार फिर भूकंप के झटके लगे, जिसकी तीव्रता 2.9 दर्ज की गई। राष्ट्रीय भूकंप विज्ञान केंद्र ने बताया कि जम्मू-कश्मीर और लद्दाख में पिछले तीन दिनों में 14 बार धरती कांपी है।

### अमृतसर में पुलिस एनकाउंटर वांटेड गैंगस्टर अमरी की मौत

**अमृतसर।** पंजाब में अमृतसर के जंडियाला गुरु में पुलिस एनकाउंटर में गैंगस्टर अमृतपाल अमरी मारा गया। वह तीन मर्डर केस में शामिल था, जिनमें चार लोगों की मौत हुई थी। मृतक गैंगस्टर जंडियाला गुरु के भगवां गांव का रहने वाला था। एसएसपी सतिंदर सिंह ने बताया कि अमरी ने दो किलो हेरोइन छिपा रखी है। पुलिस रिकवरी के लिए गई थी। वहां उसने पिस्टल छिपा रखी थी, जिससे उसने फायरिंग की।

### मुंबई एयरपोर्ट पर नौ करोड़ की ड्रग्स समेत विदेशी महिला गिरफ्तार

**मुंबई।** राजस्व खुफिया निदेशालय (कस्टम) की टीम ने मुंबई एयरपोर्ट पर विदेशी महिला को नौ करोड़ की ड्रग्स के साथ गिरफ्तार किया है। युगांडा से मुंबई आई महिला ने अपने अंडरगारमेंट्स में 890 ग्राम ड्रग्स छिपा रखी थी। कस्टम विभाग के अधिकारी ने बताया कि संदिग्ध महिला के दिखने पर कस्टम टीम ने उसे रोककर तलाशी ली। महिला ने अंडरगारमेंट की तलाशी महिला अधिकारियों ने ली और 890 ग्राम ड्रग्स मिली। कस्टम टीम ने विदेशी महिला को गिरफ्तार कर लिया।

## टॉप स्टोरीज

तीन मंजिला मकान में भड़की आग 14 कमरे जलकर राख ...पेज 2
आईपीएल-2024 की नीलामी खत्म, 72 खिलाड़ियों की बदली किस्मत ...पेज 3

संसद में मिमिक्री मामले से दुखी सभापति धनखड़, बोले-

## मैं पूरी आहुति दे दूंगा हवन में

एजेंसी, नई दिल्ली



**उपराष्ट्रपति** और राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ की मिमिक्री पर विपक्ष और खासकर कांग्रेस पार्टी बुरी तरह घिर गई है। टीएमसी सांसद कल्याण बनर्जी ने संसद परिसर में धनखड़ का मजाक उड़ा रहे थे। तब कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष और लोकसभा सांसद राहुल गांधी वीडियो बना रहे थे। अब बीजेपी ही नहीं, खुद सभापति धनखड़ ने इस पर आपत्ति जताई है।

धनखड़ ने कांग्रेस के वरिष्ठ सांसदों दिग्विजय सिंह और कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे से पूछा कि वो अपने सांसद (राहुल गांधी) के अमर्यादित आचरण पर चुप क्यों रहे?

### पीएम ने उपराष्ट्रपति को किया फोन 20 साल से मैं भी अपमान सह रहा हूं



**नई दिल्ली।** संसद में टीएमसी सांसद कल्याण बनर्जी के राज्यसभा सभापति और उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ की मिमिक्री के मुद्दे पर पीएम मोदी ने इस मुद्दे पर उपराष्ट्रपति धनखड़ को फोन किया। पीएम ने कहा कि मैं भी 20 साल से अपमान सह रहा हूं। राष्ट्रपति धनखड़ ने सोशल मीडिया 'एक्स' पर लिखा है कि पीएम ने मुझे फोन किया था और आपत्तिजनक व्यवहार को लेकर दुख जताया। वहीं, केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने कहा कि विपक्ष ने उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ का अपमान किया है, जिसकी वह निंदा करते हैं। कांग्रेस नेता राहुल गांधी और टीएमसी सांसद कल्याण बनर्जी ने उपराष्ट्रपति को अपमानित किया है।

### बुनियादी मुद्दों पर कोई बात नहीं



**नई दिल्ली।** कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने कहा कि मीडिया बुनियादी मुद्दों पर बातचीत करने की बजाय उपराष्ट्रपति के अपमान मामले को अधिक तूल दे रहा है। उन्होंने उपराष्ट्रपति का अपमान ही नहीं किया है, जो वीडियो उन्होंने लिया था, वह उनके फोन में है। राहुल ने कहा कि सदन से हमारे 151 सांसदों को बाहर निकाल दिया गया है। देश में अडानी, राफेल, बेरोजगारी और महंगाई सहित अनेक मुद्दे हैं, जिसे मीडिया को दिखाना चाहिए, लेकिन इन मुद्दों पर मीडिया का ध्यान नहीं है।

मंडाविया ने सभी राज्यों व केंद्र शासित प्रदेशों के स्वास्थ्य मंत्रियों के साथ की बैठक

## कोरोना के नए वेरिएंट जेएन-1 से हमें अलर्ट रहने की जरूरत, घबराने की नहीं

एजेंसी, नई दिल्ली

**कोरोना** के मामलों में तेजी से बढ़ोतरी हुई है। भारत में एक बार फिर से कोरोना महामारी पैर पसार रहा है। कोरोना के नए वेरिएंट जेएन-1 से लोगों में डर पैदा कर दिया है। इस बीच केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मंडाविया ने बुधवार को कोरोना के बढ़ते केसों और सांस लेने संबंधी बीमार लोगों की बढ़ती संख्या को देखते हुए उच्च स्तरीय समीक्षा बैठक की।

उन्होंने कहा कि अलर्ट रहने की जरूरत है, लेकिन घबराने की जरूरत नहीं है।

### डॉ. धनीराम शांडिल ने वर्चुअली लिया हिस्सा

**धर्मशाला।** कोरोना के नए वेरिएंट जेएन-1 को लेकर आयोजित वर्चुअल बैठक में प्रदेश के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री डॉ. धनीराम शांडिल ने वर्चुअली शामिल हुए। शांडिल ने बताया कि देश के कुछ राज्यों में कोरोना के नए वेरिएंट जेएन-1 के कुछ मामलें आने से प्रदेश स्वास्थ्य विभाग पूरी तरह से सतर्क है। प्रदेश में कोई मामला अभी सामने नहीं आया है।

### केरल में तीन की मौत 292 नए मामले आए

**दिल्ली।** केरल में कोरोना के नए मामले तेजी से बढ़ने लगे हैं। स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय के अनुसार, केरल में पिछले 24 घंटे में 292 नए सक्रिय मामले सामने आए हैं और तीन लोगों की मौत हुई है। राज्य में कुल सक्रिय मामलों की संख्या 2041 है। दल्ली और गुजरात में तीन-तीन, महाराष्ट्र में 11, तमिलनाडु में 13, तेलंगाना में चार, कर्नाटक में नौ मामले दर्ज किए गए हैं।

लोकसभा में तीन नए क्रिमिनल विधेयक पास

## राजद्रोह कानून खत्म, नाबालिग से रेप व मॉब लिंचिंग पर फांसी

एजेंसी, नई दिल्ली

**तीन** नए क्रिमिनल लॉ बिल लोकसभा में पास हो गए हैं। अब इसे राज्यसभा में रखा जाएगा। वहां से पास होने के बाद इसे मंजूरी के लिए राष्ट्रपति के पास भेजा जाएगा। गृहमंत्री अमित शाह ने कहा कि अंग्रेजों के समय का राजद्रोह कानून खत्म किया गया है। नाबालिग से रेप और मॉब लिंचिंग जैसे क्राइम में फांसी की सजा दी जाएगी।

**सशस्त्र विद्रोह करने और देश की संपत्ति को नुकसान पहुंचाने पर जेल**

बिल पर लोकसभा में अमित शाह ने कहा कि अंग्रेजों का बनाया राजद्रोह कानून, जिसके चलते तिलक, गांधी, पटेल समेत देश के कई सेनानी कई बार छह-छह साल जेल में रहे। वह कानून अब तक चलता रहा। मैंने राजद्रोह की जगह उसे देशद्रोह कर दिया है, क्योंकि अब देश आजाद हो चुका है, लोकतांत्रिक देश में सरकार की आलोचना कोई कर सकता है। अगर कोई देश की सुरक्षा, संपत्ति को नुकसान पहुंचाने का काम करेगा तो उसके खिलाफ कार्रवाई होगी। अगर कोई सशस्त्र विरोध करता है, बम धमाके करता है तो उसके खिलाफ कार्रवाई होगी, उसे आजाद रहने का हक नहीं, उसे जेल जाना ही पड़ेगा। कुछ लोग इसे अपनी समझ के कपड़े पहनाने की कोशिश करेंगे, लेकिन मैंने जो कहा उसे अच्छी तरह समझ लीजिए। देश का विरोध करने वाले को जेल जाना होगा। पहले रेप की धारा 375, 376 थी, अब जहां से अपराधों की बात शुरू होती है, उसमें धारा 63, 69 में रेप को रखा गया है। गैंगरेप को भी आगे रखा गया है। 18 साल से कम उम्र की बच्ची से रेप में आजीवन कारावास और मौत की सजा का प्रावधान है।

### गैर इरादतन हत्या को कैटेगिरी में बांटा

**प्रस्तावित** कानून में गैर इरादतन हत्या को दो हिस्सों में बांटा गया है। अगर गाड़ी चलाते वक्त हादसा होता है, फिर आरोपी अगर घायल को पुलिस स्टेशन या अस्पताल ले जाता है तो उसे कम सजा दी जाएगी। हिट एंड रन केस में 10 साल की सजा मिलेगी। मॉब लिंचिंग में फांसी की सजा होगी। स्नैचिंग के लिए कानून नहीं था, अब कानून बन गया है। किसी के सिर पर लाठी मारने वाले को सजा तो मिलेगी, इससे ब्रेन डेड की स्थिति में आरोपी को 10 साल की सजा मिलेगी।

### लोकसभा से दो और सांसद निलंबित

**लोकसभा** से बुधवार को दो विपक्षी सांसदों थॉमस चाजिकादान और एएम आरिफ को शीतकालीन सत्र की शेष अवधि के लिए निलंबित कर दिया। इसके साथ ही संसद के दोनों सदनों से निलंबित सदस्यों की संख्या 143 हो गई है। लोकसभा से निलंबित दोनों सदस्य थॉमस चाजिकादान और एएम आरिफ केरल से हैं। चाजिकादान केरल कांग्रेस (एम) से हैं, जबकि एएम आरिफ सीपीएम से हैं।

### ट्रंप राष्ट्रपति पद के लिए अयोग्य घोषित

**वॉशिंगटन।** अमेरिकी स्टेट कोलोराडो की सुप्रीम कोर्ट ने पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड



ट्रंप को चुनाव लड़ने के लिए अयोग्य घोषित कर दिया है। अब ट्रप का नाम कोलोराडो में होने वाले चुनाव के बैलेट पेपर पर नहीं लिखा जाएगा यानी रिपब्लिकन पार्टी के नेता अब ट्रंप को वोट नहीं दे पाएंगे। इसका सीधा असर 2024 में होने वाले राष्ट्रपति चुनाव में ट्रंप को मिलने वाले वोटों पर होगा। न्यूयॉर्क टाइम्स के मुताबिक, फैसला सिर्फ कोलोराडो राज्य में ही लागू होगा। इस फैसले में अपील बाकी है इसलिए इसे चार जनवरी तक होल्ड पर रखा गया है।



## डीसी मंडी अरिंदम चौधरी ने दिखाई सेना भर्ती रैली को झंडी, कुल्लू-मंडी और लाहौल-स्पीति से 2310 अभ्यर्थी भर्ती में लेंगे भाग

# पड्डुल मैदान में अग्निवीर भर्ती के लिए पहले दिन पहुंचे 255 युवा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**

मंडी के पड्डुल मैदान में बुधवार से सात दिनों तक चलने वाली भारतीय सेना के अग्निवीरों की भर्ती प्रक्रिया शुरू हो गई भर्ती रैली प्रक्रिया को डीसी मंडी अरिंदम चौधरी ने झंडी दिखाकर शुरू किया। कार्यालय मंडी के अंतर्गत आने वाली तीन जिलों मंडी, कुल्लू और लाहौल-स्पीति के 2310 अभ्यर्थी भाग ले रहे हैं।

बुधवार को भर्ती रैली के पहले दिन कुल्लू और लाहौल-स्पीति जिलों की सभी तहसीलों के 315 अभ्यर्थियों को बुलाया गया। वीरवार को मंडी जिला की औट, बागाचुनौगी, बालीचौकी, बलद्वाड़ा, बल्ह, भदरोता, चच्योट, छतरी, डैहर, ढलवाहन और धर्मपुर तहसीलों के 543 अभ्यर्थी भाग लेंगे। 22 दिसंबर को मंडी जिला की जोगिंद्रनगर, करसोग, कटौला, कोटली, लडभड़ोल, मकरीड़ी और मंडप तहसीलों के 504 अभ्यर्थी भाग लेंगे। 23 दिसंबर को निहरी, पद्धर, पांगणा, रिवालसर, संधोल, सरकाघाट, सुंदरनगर, थाची, थुनाग, टिहरा और टिक्कन तहसीलों के 553 अभ्यर्थी भाग लेंगे। 24 दिसंबर को मंडी सदर तहसील के 186 अभ्यर्थी भाग लेंगे। इसके अतिरिक्त 24 को ही अग्निवीर क्लर्क पदों के लिए 182, टेक्निकल पदों के लिए 82 और ट्रेडमैन पदों के लिए 25 अभ्यर्थी भाग लेंगे।


अग्निवीर भर्ती के लिए पहले दिन कुल्लू और लाहौल-स्पीति से आए युवा पड्डुल मैदान में भर्ती के दौरान दौड़ लगाते हुए।

### मौसम को ध्यान में रख दो दिन रखें हैं रिजर्व

**इसके** अलावा मौसम को ध्यान में रखते हुए दो दिन रिजर्व रखे गए हैं। सेना भर्ती कार्यालय मंडी के निदेशक कर्नल डीएस सामंत ने बताया कि पहले दिन कुल्लू और लाहौल-स्पीति के 315 अभ्यर्थियों में से 255 युवा भर्ती रैली में भाग लेने के लिए पहुंचे हैं। सेना भर्ती कार्यालय मंडी के निदेशक कर्नल डीएस सामंत ने बताया कि मौसम के कारण भर्ती की प्रक्रिया थोड़ी देरी से शुरू की जा रही है, ताकि आए हुए अभ्यर्थियों को पूरा मौका दिया जा सके। इसके साथ ही इस बार भर्ती स्थल पर एक बड़ी डिजिटल घड़ी लगाई गई है, ताकि दौड़ में भाग ले रहे अभ्यार्थियों को समय देखने का पूरा मौका मिल सके। इससे पहले भर्ती करवा रहे कर्मियों द्वारा ही अनाउंस करके समय की जानकारी दी जाती थी।

### रामपुर की इयाना बनी मॉडल


रामपुर के जाखड़ी गांव निवासी व चेल्सी स्कूल संजौली की नर्सरी की छात्रा इयाना अमेजॉन और फ्लिपकार्ट जैसी वेबसाइट पर मॉडलिंग करते नजर आएगी।

## न्यूज ब्रीफ

### हार्ट अटैक से किसान की मौत

**रेणुकाजी।** सिरमौर जिले के उपमंडल संगड़ाह के अंतर्गत आने वाले गांव डुंगी के प्रगतिशील किसान राम स्वरूप का चाय पीते-पीते दिल का दौरा पड़ने से आकस्मिक निधन हो गया। स्थानीय ग्रामीणों के अनुसार सोमवार प्रातः करीब साढ़े आठ बजे घास लेकर घर लौटे रामस्वरूप चाय पी रहा था, जब अचानक दिल का दौरा पड़ने से वह अचेत हो गया। परिजनों ने तत्काल से करीब तीन किलोमीटर दूर संगड़ाह अस्पताल पहुंचाया, जहां मौजूद डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया।

### सैनिक की दिल का दौरा पड़ने से मौत

**सरकाघाट।** उपमंडल की रखोह पंचायत के जंधरू गांव के सैनिक निखिल ठाकुर (39) की सेना में ड्यूटी के दौरान चंडी मंदिर में हार्ट अटैक होने से मौत हो गई। सैनिक का शव बुधवार को उसके पैतृक गांव में लाया गया, जहां सैकड़ों लोगों की नम आंखों ने उसका सैन्य सम्मान के साथ अंतिम संस्कार किया गया। पार्थिव देह को उसके दस वर्षीय बेटे विहान ठाकुर ने मुखअग्नि दी। मृतक के पिता रिटायर्ड रणवीर सिंह ठाकुर खुद डोगरा रेजीमेंट से रिटायर्ड हुए हैं। मृतक सैनिक अपने पीछे बूढ़ी मां कांता देवी, पत्नी आशु ठाकुर, मासूम बेटी वैष्णवी को छोड़ गया है।

### बेटी से पिता ने की मारपीट

**शिमला।** एक महिला ने अपने पिता पर मारपीट व दुर्व्यवहार करने का आरोप लगाया है। पुलिस थाना ननखड़ी में अंबिका (42) पत्नी करण चैहान गांव क्यारी तहसील कोटखाई जिला शिमला ने आरोप लगाया कि रात्रि दस बजे उसके पिता काहन चंद (70) वर्ष ने उसका रास्ता रोका व लाठियों से मारपीट की, जिसके चलते शरीर पर चोट आई हैं। उसके साथ दुर्व्यवहार किया और उसे गंभीर परिणाम भुगतने की भी धमकी दी है। पुलिस ने मामला दर्ज कर आगामी जांच शुरू कर दी है।

### रास्ता रोक की पिटाई, मामला दर्ज

**शिमला।** दो व्यक्ति द्वारा एक युवक के साथ मारपीट करने का मामला सामने आया है। पुलिस थाना रामपुर में तिलक राज (24) निवासी गांव रेठा ने मामला दर्ज करवाया है कि वह पूजा शर्मा की बेकरी की दुकान में काम करता था और पिछले महीने उसने काम छोड़ दिया था। दुकान के अंतिम लेन-देन का मामला था और रात को तकलेच में जय सिंह होटल में रात दोस्त के साथ रुका था। रात 11 बजे पवन कुमार और खेम राज निवासी सिहाला होटल में आए और मारपीट की, जब वह भागने की कोशिश कर रहा था तो होटल में दोनों व्यक्तियों ने उसका रास्ता रोका।

### होटल के कर्मचारियों ने युवक को पीटा

**शिमला।** चायल के एक होटल में दो कर्मचारियों द्वारा युवक से मारपीट की है। थाना ढली में मोहम्मद आसिफ निवासी चंडीगढ़, जो कि वर्तमान में आईटीसी होटल चायल में रहता है ने आरोप लगाया है कि ने होटल के दो कर्मचारी मुकेश दुनीचंद व उमेश ने इसके साथ मारपीट की तथा गाली-गलौज व मारने की धमकी दी है। युवक ने थाना ढली में इस मामले की शिकायत की है।

### व्यक्ति ने कार्यालय में मचाया हुड़दंग

**सैंज ।** जल शक्ति विभाग लारजी में एक व्यक्ति ने कार्यालय परिसर में कायदे-कानून व नियमों को तार-तार कर दिया। कार्यालय में बिना अनुमति के प्रवेश कर अधिकारियों व कर्मचारियों पर दबाव बनाने के बाद उत्पात मचाने लगा। काफी देर तक हुड़दंग मचाने के बाद जल शक्ति विभाग ने मामले को गंभीरता से लेते हुए पुलिस प्रशासन को मौके पर बुलाया तथा उत्पाती व्यक्ति को पुलिस ने गिरफ्तार कर थाने पहुंचाया। पुलिस ने उक्त व्यक्ति के खिलाफ मामला दर्ज कर जमानत पर रिहा कर दिया है।

## पांवटा साहिब में नवविवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत

**अनंत ज्ञान, पांवटा साहिब**

▶ गले और शरीर पर चोटों के निशान, परिजनों ने अचानक मौत पर उठाए सवाल

पांवटा साहिब के गुरुवाला में 26 वर्षीय नवविवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई है। जानकारी के मुताबिक नवविवाहिता को गंभीर हालात में सिविल अस्पताल पांवटा साहिब लाया गया। अस्पताल में डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। फिलहाल शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

घटना की सूचना मिलते ही रिश्तेदार अस्पताल परिसर में एकत्रित हो गए। परिजनों का कहना है कि उनकी बेटी ने अपनी मर्जी से पिछले फरवरी में शादी की थी, जिसके बाद से वह अपने मायके नहीं आती-जाती थी। उन्होंने बताया कि आस पड़ोस के लोगों से बातचीत कर पता चला है कि लड़की खुशनुमा मिजाज की थी और ससुराल में भी ठीक से रह रही थी। आज अचानक उन्हें सूचना मिली कि उनकी बेटी की मौत हो गई है। अस्पताल आने के बाद पता चला कि विवाहिता के शरीर पर कई चोटों के निशान हैं और गले पर भी निशान पाए गए हैं, तो महिला कि मृत्यु कैसे हुई सभी यह सवाल पूछ रहे हैं। सिविल अस्पताल पांवटा साहिब में तैनात सीनियर डॉक्टर राजीव चौहान ने बताया कि नवविवाहिता को अस्पताल लाने से पहले ही उसकी मौत हो चुकी थी। पोस्टमार्टम के लिए शव गृह में भेजा गया है।

हादसे में मृतका की पहचान किरण (26) पत्नी दिनेश सोनी निवासी गुरुवाला पांवटा साहिब के तौर पर हुई है। मामले की पुष्टि करते हुए डीएसपी मानवेंद्र ठाकुर ने बताया कि प्राथमिक जांच में मामला आत्महत्या का नजर आ रहा है। शव को पोस्टमार्टम के लिए शव गृह में रखा गया है। फोरेंसिक रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के असली कारणों का पता चल पाएगा, जिसके आधार पर आगामी कार्रवाई की जाएगी।

# तीन मंजिला मकान में भड़की आग, 14 कमरे जलकर राख

## घटना के वक्त घर के अंदर मौजूद थे दो मासूम, ग्रामीणों ने जान जोखिम में डाल बचाए

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

जैसे-जैसे ठंड का प्रकोप बढ़ रहा है। वैसे-वैसे आगजनी की घटनाएं भी निरंतर सामने आ रही हैं, जिससे लाखों-करोड़ों की संपत्ति जलकर तबाह हो रही है।

अब प्रदेश की राजधानी के नेरवा की पंचायत हलाऊ के शलन गांव में भीषण अग्निकांड हुआ है, जहां आग लगने से तीन मंजिला 14 कमरों का मकान जलकर राख हो गया।

परिजनों ने आग पर काबू पाने का प्रयास किया, लेकिन लपटे इतनी तेज थीं कि आंखों के सामने ही मकान जलकर राख के ढेर में तब्दील हो गया। बताया जा रहा है कि मोहन लाल के घर में अचानक ही चिंगारी सुलग गई, जिस वक्त घर में आग लगी और उस वक्त परिवार के सदस्य बाहर गए हुए थे और घर पर दो बच्चे ही मौजूद थे, जिन्हें मौके पर पहुंचे एक ग्रामीण ने अपनी जान जोखिम में डाल कर सुरक्षित बाहर निकाल लिया।

ग्रामीणों ने जब घर से आग उठती देखी तो वह मौके पर गए और आग पर काबू पाने में जुट गए। मगर, लपटे इतनी तेज थी कि कुछ भी बचाया नहीं जा सका और तीन मंजिला मकान के 14 कमरे जलकर राख हो गए।

मामले को लेकर पुलिस भी अपने स्तर पर जांच कर रही है और आग लगने के पूख्ता सबूत जुटा रही है।


नेरवा की पंचायत हलाऊ के शलन गांव में आग लगने से मकान जलकर राख।

# नंगल जरियालां से गायब किशोरी की मिली लाश

## कुछ दिन पहले घर से दुकान गई थी सामान लेने, वीरान स्थान से बरामद हुआ शव

**अनंत ज्ञान, गगरेट**

उपमंडल गगरेट के नगंल जरियालां गांव से रहस्यमय परिस्थितियों में लापता हुई



किशोरी का बुधवार को वीरान जगह पर पड़ा शव बरामद हुआ है। किशोरी 12 दिसंबर को घर से दुकान पर सामान लेने गई और उसके बाद से गायब हो गई।

किशोरी के परिजनों की शिकायत पर गगरेट पुलिस ने अपहरण का मामला दर्ज किया था, जिस तरह वीरान स्थान से किशोरी का शव बरामद हुआ है, उससे यह हत्या का मामला होने की आशंका जताई जा रही है। घटना की जानकारी मिलते ही एसएचओ गगरेट व डीएसपी डॉ. वसुधा सूद घटनास्थल पर पहुंचे और मौत के कारणों को जानने के लिए धर्मशाला से फोरेंसिक विशेषज्ञों को बुलाया गया है। पुलिस ने आरोपी तक पहुंचने के लिए अपने स्तर पर जांच शुरू कर दी है। मृतका किशोरी के पिता करीब चार माह पहले ही अपने परिवार के साथ यहां आए थे और यहां मेहनत मजदूरी करके अपने परिवार का पेट पाल रहा थे।

मृतका परिजनों की सबसे बड़ी बेटी थी और राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय घनारी की छात्रा थी। उसकी दो बहनें व एक भाई है। 12 दिसंबर को मृतका घर से सामान लेने के लिए दुकान पर गई। रास्ते में जाते समय उसने अपनी पड़ोसी का हाथ हिला कर अभिवादन किया। इसी बीच बताया जा रहा है कि दुकान पर पहुंचने से पहले ही एक मोटरसाइकिल चालक उसे कुछ कहकर अपने साथ ले गया। देर रात तक जब बेटी घर नहीं पहुंची तो परिजनों ने उसके अपहरण की आशंका जताते हुए गगरेट पुलिस थाना में शिकायत पत्र दिया, जिस पर पुलिस अपहरण का मामला दर्ज कर किशोरी की तलाश में जुट गई। अभी पुलिस उसे तलाश ही कर रही थी कि बुधवार सुबह ग्राम पंचायत नंगल जरियालां के टीका हरवाल में अपने खेतों में लकड़ियां लेने गए एक व्यक्ति ने वहां किशोरी का शव पड़ा देखा। चश्मदीद के अनुसार वह सोमवार को भी लकड़ियां लेने आया था, लेकिन तब यहां कुछ नहीं था। पुलिस मानकर चल रही है कि मंगलवार को ही शव यहां फेंका गया है। मौके पर पहुंचे एसपी अर्जित सेन ठाकुर ने बताया कि किशोरी की मौत के कारणों को जानने के लिए धर्मशाला से फोरेंसिक विशेषज्ञों की टीम बुलाई गई है। उनके आने पर ही मौत के कारणों का पुख्ता खुलासा हो पाएगा।


नंगल जरियालां से गायब किशोरी की मिली लाश एक विरान जगह पर पाई गई। इस दौरान मौके पर पहुंची पुलिस मामले की जांच करती हुई।

## साथी शिकारी को गोली मारने के आरोप में चार लोग गिरफ्तार

**अनंत ज्ञान, भरेड़ी**

▶ पांच लोग कर रहे थे बडैहर में जंगली सुअरों का शिकार

भोरंज उपमंडल की बड़ैहर पंचायत के सीर खड्डु के किनारे हुए गोली कांड में पुलिस ने चार शिकारियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस आरोपियों से गहन पूछताछ कर रही है। बीते मंगलवार को पांच लोग कुत्तों के साथ शिकार करने के लिए निकले थे। दोपहर करीब डेढ़ बजे जैसे ही बडैहर में सीर खड्डु के किनारे जंगली सुअरों को मारने के लिए घेरा डाला गया, तो साथ शिकार करने गए बलबीर सिंह ( 55) पुत्र मरचू राम निवासी बडैहर तहसील भोरंज की गोली लगने से मौत हो गई ।इस घटना की क्षेत्र में काफी चर्चा है, क्योंकि शिकारी कई दिनों से शिकार कर रहे थे।

भोरंज पुलिस ने जितेंद्र कुमार पुत्र ज्ञान चंद गांव बडैहर की शिकायत पर चार लोगों को, जिनमें दिनेश कुमार पुत्र धनी राम गांव लगमंवीं, मनोज कुमार पुत्र कश्मीर सिंह गांव हनोह, विपिन कुमार पुत्र रेलू राम गांव धमरोल व कपिल देव पुत्र बसंत सिंह गांव नगरोटा गाजियां को गिरफ्तार कर लिया है। चारों

**अनंत ज्ञान फॉलोअप**

आरोपियों से पुलिस ने गहन पूछताछ की है। पुलिस सूत्रों का कहना है कि तीन आरोपियों के पास बंदूकें भी पाई गई हैं। मामला गंभीर होने पर पुलिस ने मंडी से फारेंसिक टीम बुलाई है। टीम ने घटना स्थल का जायजा लेकर वहां पड़े खून के सैंपल भी लिए हैं। पुलिस ने बुधवार को मृतक के शव का मेडिकल कॉलेज व जिला अस्पताल हमीरपुर पोस्टमार्टम करवा कर स्वजनों को सौंप दिया है। उधर, जाहू पुलिस चौकी प्रभारी अजैब सिंह का कहना है कि पुलिस ने चार लोगों को गिरफ्तार किया है और उन्हें कोर्ट में पेश किया गया जहां उन्हें 13 दिसंबर तक रिमांड पर भेजा गया है।

## जोगिंद्रनगर में रेल इंजन का सफल ट्रायल, जल्द ट्रैक पर दौड़ेगी रेलगाड़ी


पठानकोट-जोगिंद्रनगर का रेल इंजन का सफल ट्रायल।

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर**

जोगिंद्रनगर रेलवे स्टेशन पर बुधवार दोपहर लगभग छह माह से बंद पड़ी रेल सेवा को बहाल किए जाने के लिए रेल विभाग ने रेलगाड़ी का इंजन भेज कर ट्रैक का सफर ट्रायल किया गया। उल्लेखनीय है कि पिछली बरसात से पहले इस रेल मार्ग पठानकोट-जोगिंद्रनगर पर रेल सेवाएं बंद कर दी गई थीं, क्योंकि कई जगह पर भूस्खलन होने से यह मार्ग बंद था। रेल न आने के कारण यहां का रेलवे स्टेशन बिलकुल सुनसान हो गया था। आज यहां पर इंजन को ट्रायल पर लाने से रेलवे स्टेशन पर भी लोगों का हुजूम नजर आया और लोगों ने खुशी जाहिर की कि अगर इंजन लंबे समय के बाद यहां आया है, तो रेल सेवाएं भी शीघ्र शुरू हो जाएंगी।

**सम्मान** | एसडीएम कृष्ण कुमार शर्मा ने दी बधाई, कांग्रेस सचिव जीवन ठाकुर ने 21 हजार रुपए देकर किया सम्मानित

# अंतरराष्ट्रीय धावक सावन बरवाल का जोगिंद्रनगर में स्वागत

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर**

▶ एसडीएम कृष्ण कुमार शर्मा व तहसीलदार डॉ. मुकुल शर्मा ने थपथपाई पीठ

▶ 20 राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय पदक अपने नाम कर चुके हैं सावन

अंतरराष्ट्रीय धावक सावन बरवाल का जोगिंद्रनगर पहुंचने पर परम श्रेष्ठ एथलेटिक्स प्रशिक्षण केंद्र जोगिंद्रनगर के धावक व धाविकाओं द्वारा गर्मजोशी व ढोल-नगाड़ों से स्वागत किया गया। इस बीच सावन बरवाल ने एथलेटिक्स प्रशिक्षण केंद्र के खिलाड़ियों के साथ अपना अनुभव साझा किया तथा खिलाड़ियों को जीवन में आगे बढ़ने के लिए समर्पण भाव के साथ कड़ी मेहनत करने के लिए प्रेरित किया।

इसके उपरांत अंतरराष्ट्रीय धावक सावन बरवाल ने परमश्रेष्ठ एथलेटिक्स प्रशिक्षण केंद्र जोगिंद्रनगर के पूर्व कोच गोपाल सिंह ठाकुर के साथ एसडीएम जोगिंद्रनगर कृष्ण कुमार शर्मा व तहसीलदार डॉ. मुकुल शर्मा से मुलाकात की।

उल्लेखनीय है कि एथलेटिक्स के अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी सावन बरवाल ने पिछले दिनों संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) में एशियाई हाफ मैराथन प्रतियोगिता में भारत के लिए व्यक्तिगत कांस्य पदक व टीम इवेंट का स्वर्ण पदक हासिल किया है। साथ ही उन्होंने हांगकांग में आयोजित विश्व स्तरीय मैराथन में भी दुनिया में दसवां रैंक अपने नाम किया, जिससे भारत को एथलेटिक्स में उन्होंने केनिया, इथियोपिया, मोरक्को जैसे देशों की कतार में खड़ा कर दिया है। इससे पहले अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी सावन बरवाल अपने नाम 20 राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय पदक अपने नाम कर चुके हैं।


अंतरराष्ट्रीय धावक सावन बरवाल को 21 हजार रुपए की प्रोत्साहन राशि प्रदान करते प्रदेश कांग्रेस सचिव जीवन ठाकुर।

### कांग्रेस सचिव जीवन ठाकुर ने दी 21 हजार की प्रोत्साहन राशि

**प्रदेश** कांग्रेस कमेटी सचिव जीवन ठाकुर ने भी सावन बरवाल का स्वागत किया और उन्होंने अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ी सावन बरवाल की इस उपलब्धि के लिए उन्हे 21 हजार रुपए की प्रोत्साहन राशि भी प्रदान की है। साथ ही सावन बरवाल को आगामी उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं।



# धर्मशाला विधानसभा शीतकालीन सत्र





मुख्यमंत्री को आपदा राहत कोष के लिए 51,000 रुपए का चेक सौंपता बेरोजगार संघ का प्रतिनिधिमंडल।



शीतकालीन सत्र के दूसरे दिन विधानसभा में पहुंचे पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर व अन्य भाजपा विधायक।

## न्यूज ब्रीफ

### छह साल की आयु में ही मिलेगी एडमिशन

**धर्मशाला।** हिमाचल में पहली कक्षा में अब छह साल की आयु में ही एडमिशन हो सकेगी। हिमाचल विधानसभा के शीतकालीन सत्र के दौरान शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने कांगड़ा के विधायक पवन काजल के सवाल के जवाब में जानकारी मुहैया करवाई है कि सरकार ने 24 नवंबर, 2023 को पहली कक्षा में प्रवेश के लिए छह व उससे ऊपर की आयु सीमा लागू करने के आदेश जारी किए हैं। इसके अनुसार जिस शैक्षणिक वर्ष में पहली कक्षा में प्रवेश लिया जाना है, उस शैक्षणिक वर्ष में 31 मार्च को बच्चे की आयु छह वर्ष होनी चाहिए। इसमें पहली अप्रैल को जन्मे बच्चे भी सम्मिलित हैं। पहली अप्रैल के बाद जन्मे बच्चों को अगले शैक्षणिक सत्र में ही दाखिला दिया जा सकता है।

### कॉलेजों में लाइब्रेरियनों के 103 पद रिक्त

**धर्मशाला।** प्रदेश के कॉलेजों में लाइब्रेरियनों के 103 पद रिक्त हैं। कुल सृजित 122 पदों में सिर्फ 19 पद भरे हुए हैं। भाजपा विधायक सतपाल सिंह सत्ती के सवाल का लिखित जवाब देते हुए शिक्षा मंत्री ने बताया कि न्यायालय की ओर से सहायक लाइब्रेरियनों को यूजीसी वेतनमान जारी करने के बाद, राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक स्कूलों में यूजीसी वेतनमान का पद सृजित न होने के कारण स्कूलों में कार्यरत 31 सहायक लाइब्रेरियनों को कॉलेज लाइब्रेरियनों के रिक्त पदों पर प्रतिनियुक्त कर दिया गया है।

### मेल हेल्थ वर्कर के 2072 पद स्वीकृत

**धर्मशाला।** हिमाचल में मेल हेल्थ वर्कर के 2072 पद स्वीकृत हैं। वहीं, महिला स्वास्थ्य कार्यकर्ता के 2301 पद स्वीकृत हैं। इनका अनुपात 1:1.11 है। यह जानकारी हिमाचल विधानसभा के शीतकालीन सत्र के दौरान स्वास्थ्य मंत्री डॉ (कर्नल ) धनी राम शांडिल ने भरमौर के विधायक डॉ. जनक राज के सवाल के जवाब में मुहैया करवाई है। जानकारी दी गई कि सरकार द्वारा पुरुष स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं की अंतिम बार भर्ती वर्ष 2019 में की गई थी। महिला स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं की अंतिम बार भर्ती वर्ष 2021 में की गई थी।

### आज विधानसभा का घेराव करेंगे सेवानिवृत्त कर्मचारी

**पपरोला।** परिवहन निगम से सेवानिवृत्त कर्मचारियों ने सरकार व परिवहन मंत्री के विरुद्ध अपनी मांगों की अनदेखी के चलते नारेबाजी की। संगठन के प्रधान विधि सिंह सचिव त्रिलोक चौधरी ने कहा कि बैजनाथ में आयोजित बैठक में सेवानिवृत्त कर्मचारियों ने निर्णय लिया कि 21 दिसंबर को स्टेट बाड़ी के आह्वान पर सभी सेवानिवृत्त कर्मचारी धर्मशाला में विधानसभा परिसर में धरना-प्रदर्शन करेंगे।

### 205 नई सड़कों का कार्य आरंभ

**धर्मशाला।** पहली अप्रैल से 15 नवंबर तक 205 नई सड़कों का कार्य आरंभ किया गया है। चुराह विधानसभा क्षेत्र में दो सड़कों की डीपीआर बनाई गई और दो नई सड़कों का कार्य आरंभ किया गया है। लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने यह जानकारी चुराह विधानसभा क्षेत्र के विधायक हंसराज की ओर से पूछे गए प्रश्न के लिखित उत्तर में दी।

### चरण दो में हिमाचल को मिली 112 सड़कें

**धर्मशाला।** प्रदेश में वर्ष 2017 के बाद प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना चरण दो में 112 सड़कों की स्वीकृति मिली है। इनकी लंबाई 1207 किलोमीटर है। इसमें 103 सड़कों का काम पूरा हो चुका है। इस पर 825 करोड़ की राशि खर्च की गई है। नौ सड़कें निर्माणाधीन हैं। प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना के चरण तीन में 299 सड़कें स्वीकृत हुई हैं। इनकी लंबाई 3123.2 किलोमीटर है। इसमें 44 सड़कें निर्माणाधीन हैं। लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने यह जानकारी भाजपा विधायक विपिन सिंह परमार की ओर से पूछे गए लिखित प्रश्न के उत्तर में दी।

## अभिमन्यु भनोट हत्या मामले को लेकर सीएम से मिला परिवार

**इंदौरा।** चंबा जिले के भरमौर के लूना में कांगड़ा जिले के अभिमन्यु भनोट की हत्या मामले को लेकर पीड़ित परिवार बुधवार को मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू से मिला। अभिमन्यु के बड़े भाई भीष्म ने मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू से इंसाफ की मांग करते हुए उन्हें इस मामले में आईपीएस अधिकारियों की स्पेशल इन्वेस्टिगेशन टीम बनाकर जांच करवाने की मांग की है। भीष्म का एतराज है कि भले ही इस मामले में स्थानीय पुलिस ने 15 लोगों के खिलाफ 302 और 120 बी की एफआई आर दर्ज की है, लेकिन अभी तक स्थानीय पुलिस जांच को लेकर गंभीर नहीं है। हमारी मांग है कि सरकार इस मामले को गंभीरता से ले और आईपीएस अधिकारियों की स्पेशल इन्वेस्टिगेशन टीम बनाकर इस मामले की जांच करवाई जाए। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने उन्हें आश्वासन दिलाया है कि इस मामले में उन्हें न्याय दिलाया जाएगा। भीष्म ने इस मामले की जांच को लेकर बनाई जाने वाली सीट में नूरपुर के एसपी अशोक रतन और धर्मशाला की एसपी शालिनी अग्निहोत्री को शामिल कर जांच करवाने की मांग रखी है।

# बिना पंजीकरण होम स्टे चलाने पर होगा एक लाख रुपए का जुर्माना

## पर्यटन विकास एवं पंजीकरण कानून में संशोधन करेगी हिमाचल सरकार: सुक्खू

**अनंत ज्ञान, धर्मशाला**

हिमाचल सरकार पर्यटन विकास एवं पंजीकरण कानून में संशोधन करेगी। कानून में संशोधन के मकसद से मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने बुधवार को विधेयक को सदन में पेश किया। विधेयक के पारित होने के बाद प्रदेश में पंजीकरण के बगैर चल रही होम स्टे व अन्य पर्यटन इकाइयों पर नकेल कसेगी।

संशोधन विधेयक के अधिसूचित होने के बाद केंद्र व राज्य सरकार की योजनाओं के तहत चल रही होम स्टे और अन्य पर्यटन इकाइयों को 30 दिनों के भीतर दोबारा से पंजीकरण के लिए आवेदन करना होगा। आवेदन करने वाले इकाइयों को उनके मौजूदा पंजीकरण लाइसेंस की अवधि खत्म होने तक शुल्क का भुगतान नहीं करना होगा। लाइसेंस की अवधि खत्म होने के बाद सरकार द्वारा तय पंजीकरण शुल्क अदा करना होगा।



शीतकालीन सत्र के दूसरे दिन विधानसभा की कार्यवाही में भाग लेते सीएम सक्खू।

पर्यटन इकाइयों को पंजीकरण के तमाम दस्तावेजों व अन्य औपचारिकताओं को 90 दिनों के भीतर पूरा करना होगा। सरकार ने साल 2002 में पर्यटन विकास एवं पंजीकरण कानून बनाया था। 2002 के कानून में पंजीकरण के बगैर चलने वाले होम स्टे संचालकों को छह महीने की सजा के साथ-साथ दस हजार रुपए की सजा का प्रावधान भी था, लेकिन सरकार ने संशोधन विधेयक में छह महीने की सजा को समाप्त करने का प्रस्ताव रखा है। साथ ही जुर्माने की राशि दस हजार रुपए से बढ़ाकर एक लाख रुपए करने का प्रावधान है। कानून में संशोधन के बाद होम स्टे पर्यटन विकास निगम की स्थापना की सूची में शामिल होगा। इसके अलावा संशोधन के बाद पंजीकृत होम स्टे का लाइसेंस दो साल तक वैध माना जाएगा।

### किन्नौर में करंट लगने से मृत्यु मामले की होगी जांच

**धर्मशाला।** मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा है कि जिला किन्नौर के विद्युत सब-डिवीजन रिकांगपिओ में टी-मेट के पद पर कार्यरत बिलासपुर जिला के त्यूण गांव से संबंध रखने वाले 24 वर्षीय अजय कुमार की मृत्यु के मामले की जांच होगी। ऐसे में अगर कोई इस मामले में दोषी पाया जाता है, तो उसके खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई भी अमल में लाई जाएगी। यह बात मुख्यमंत्री ने बुधवार को विधानसभा में विधायक रणधीर शर्मा की तरफ से नियम-62 के तहत उठाए गए मामले का उत्तर देते हुए कही। रणधीर शर्मा का कहना था कि मृतकों के परिजनों को लगता है कि यह दुर्घटना लापरवाही के कारण हुई है । जिसमें दोषियों के खिलाफ कार्रवाई होने चाहिए। उन्होंने कहा कि मृतक परिजनों को अधिकारियों की तरफ से सूचना नहीं दी गई। ऐसे में वस्तुस्थिति का पता लगाने के लिए मामले की निष्पक्ष जांच होनी चाहिए। उन्होंने मृतक के छोटे भाई को करुणामूलक के आधार पर नौकरी देने का आग्रह भी किया। मुख्यमंत्री ने इस पर कहा कि सरकार मृतक के भाई को करुणामूलक के आधार पर नौकरी देने के लिए बने नियमों का अध्ययन करने के बाद कोई निर्णय लेगी। उन्होंने स्पष्ट किया कि मामले में कार्रवाई करके जल्द ही अंतिम निर्णय लिया जाएगा। उन्होंने कहा कि इस मामले में अभी अंतिम खून के बायो-मैडीकल जांच की अंतिम रिपोर्ट आना बाकी है। इसके अलावा तकनीकी पहलुओं की विस्तृत जांच के लिए कमेटी का गठन किया गया है। अब तक की जांच में पाया गया है कि शट डाऊन होने के बावजूद तार में विद्युत प्रवाह हुआ, जिसके कारणों की विशेषज्ञों से राय ली जा रही है।

# केंद्रीय विश्वविद्यालय कांगड़ा के देहरा कैंपस का निर्माण शुरू

## विपिन सिंह परमार के सवाल के जवाब में शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने दी जानकारी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

शीतकालीन सत्र के दूसरे दिन शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने बताया



कि केंद्रीय विवि कांगड़ा के देहरा कैंपस का निर्माण कार्य शुरू हो गया है। देहरा कैंपस के निर्माण के लिए 115 हेक्टेयर की सभी औपचारिकताओं को पूरा करने के बाद केंद्रीय विवि के निर्माण के लिए यह भूमि विवि को हस्तांतरित कर दी गई है।

52,000 वर्ग मीटर भूमि भवन निर्माण के लिए प्रस्तावित है। भाजपा विधायक विपिन सिंह परमार के सवाल का लिखित जवाब देते हुए शिक्षा मंत्री ने बताया कि केंद्रीय विवि के उत्तरी परिसर के निर्माण के लिए धर्मशाला में निर्माण के लिए भूमि का चयन जदरांगल में 24-51-09 हेक्टेयर गैर वन भूमि केंद्रीय विवि के नाम हस्तांतरित कर दी गई है।

जदरांगल में ही 57.10 हेक्टेयर वन भूमि की प्रथम स्तर की सैद्धांतिक मंजूरी भारत सरकार के पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय की ओर से प्रदान कर दी गई है।

इसकी हस्तांतरण की प्रक्रिया प्रगति पर है। 54,000 वर्ग मीटर भूमि भवन निर्माण के लिए प्रस्तावित है। शिक्षा मंत्री ने बताया कि केंद्रीय विवि के कैंपस कांगड़ा के देहरा, धर्मशाला और शाहपुर में चलाए जा रहे हैं। इस विवि में भौतिक एवं पदार्थ विज्ञान, जीव विज्ञान, पृथ्वी व पर्यावरण विज्ञान, गणित, संगणक और सूचना विज्ञान, भाषा,



मानविकी, सामाजिक विज्ञान, शिक्षा, वाणिज्य एवं प्रबंधन विज्ञान, पर्यटन, यात्रा एवं आतिथ्य प्रबंधन, प्रदर्शन एवं दृश्य कला, पत्रकारिता, जनसंचार एवं न्यू मीडिया संकाय, दीनदयाल उपाध्याय कौशल केंद्र व विभाग में लगभग 34 विषय पढ़ाए जा रहे हैं। इन विषयों में सर्टिफिकेट, डिप्लोमा, स्नातक, स्नाकोत्तर और पीएचडी स्तर तक की शिक्षा प्रदान की जा रही है। इन विषयों में कुछ छात्र नामांकित 2392 है।

# आपदा राहत के लिए केंद्रीय मदद पर सुक्खू-जयराम आमने-सामने

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा कि भाजपा ने हिमाचल प्रदेश



के साथ जो किया है, उसे हिमाचल की जनता जानती है। वह इस महीने के अंतिम सप्ताह में प्रधानमंत्री और गृहमंत्री से मिलने जाएंगे। अगर अभी भी भाजपा विधायक चाहें तो उनके साथ दिल्ली चलकर प्रधानमंत्री और गृह मंत्री से मिल सकते हैं। प्रदेश के लोगों को आपदा से जो नुकसान हुआ है, एक-एक पाई कर उनक मदद दी जाएगी।

मुख्यमंत्री ने केंद्र से 633.73 करोड़ रुपए की मदद केंद्र से आने पर सदन में वक्तव्य दिया।

### केंद्र ने नहीं कहा कि आगे मदद नहीं मिलेगी

**इस** पर नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर



ने कहा कि केंद्र ने यह नहीं कहा कि आगे मदद नहीं मिलेगी। अपनी बात को केंद्र से ठीक रखें। ताली दोनों हाथ से बजती है। केंद्र से मदद आने के बावजूद कुछ नहीं किया, ऐसा कहना सही नहीं है। आगे लोकसभा चुनाव हैं। उसके लिए यह ऐसा कर रहे हैं। भाजपा सरकार पर कर्ज लेने का आरोप लगाते थे। अब यह 12 हजार करोड़ का कर्ज ले चुके हैं। जवाब में सुक्खू ने कहा कि अभी 340 करोड़ रुपए ही आए हैं। दिल्ली चलिए तो जो टाइम निकलेगा, वे उसी वक्त आने को तैयार हैं।

## केंद्रीय ऊर्जा मंत्री आरके सिंह ने राज्यसभा सांसद इंदु गोस्वामी को दी जानकारी

# नौ सालों में देश में बढ़ाई 193794 मेगावाट ऊर्जा उत्पादन की क्षमता

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

**संसद में हिमाचल**

केंद्रीय ऊर्जा मंत्री आरके सिंह ने राज्यसभा सांसद इंदु बाला गोस्वामी



को संसद में बताया कि हिमाचल प्रदेश सरकार ने 191 मेगावाट क्षमता की थाना पलौंन जल विद्युत परियोजना के निर्माण के लिए 30 जुलाई, 2021 को 406.79 हेक्टेयर बन भूमि डायवर्सन के लिए वन संरक्षण एवं संवर्द्धन अभियान 1980 के अंतर्गत भूमि के उपयोग के लिए आवेदन किया है तथा राज्य सरकार के आवेदन पर सक्रियता से विचार किया जा रहा है।

उन्होंने बताया कि इस परियोजना के निर्माण के लिए कुल 426.97 हेक्टेयर भूमि की जरूरत है, जिसमें से 20.18 हेक्टेयर भूमि निजी मालिकों की है। मंडी जिले के पंडोह डैम के 40 किलोमीटर नीचे ब्यास नदी के दाएं बैंक की और इस डैम साइट से सालाना 692.61 मिलियन यूनिट ऊर्जा का उत्पादन की क्षमता है। उन्होंने बताया की देश में ऊर्जा की पीक मांग सितंबर 2023 में बढ़ कर 243271 मेगावाट हो गई है, जो कि वर्ष 2013-14 में 135918 मेगावाट दर्ज की गई है तथा पिछले नौ बरसों में इसमें 79 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई है। उन्होंने बताया की देश में ऊर्जा खपत में वृद्धि का मुख्य कारण देश में आर्थिक गतिविधियों में बढ़ोतरी के इलावा इस दौरान 2.86 करोड़ नए घरों को बिजली कनेक्शन प्रदान करना है। केंद्रीय ऊर्जा मंत्री आरके सिंह ने राज्यसभा सांसद इंदु बाला गोस्वामी को संसद में बताया की पिछले नौ सालों के दौरान देश में 193794 मेगावाट ऊर्जा उत्पादन क्षमता बढ़ाई गई है। उन्होंने बताया की 31.03.2013 को देश में कुल ऊर्जा उत्पादन 223000 मेगावाट था जो कि अब बढ़ कर 425536 मेगावाट हो गया है।

केंद्रीय पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस राज्य मंत्री रामेश्वर तेली ने राज्यसभा सांसद इंदु बाला गोस्वामी को संसद में बताया पिछले वर्ष के मुकाबले कच्चे तेल और पेट्रोलियम पदार्थों के आयात बिल में 22.5 प्रतिशत की कमी आई है। उन्होंने बताया कि वर्ष 2023 -24 अप्रैल से अक्तूबर के दौरान आयात बिल 6,86,377 करोड़ रुपए दर्ज किया गया था, जबकि पिछले वर्ष इस दौरान आयात बिल 8,85,327 करोड़ रुपए दर्ज किया गया।

## यादविंद्र गोमा को मंत्री बनाने पर कहा थैंक्स

**पंचरुखी।** जयसिंहपुर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के सदस्यों ने बुधवार को धर्मशाला में मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू से मुलाकात की और यादविंद्र गोमा को मंत्री बनाने पर उनका धन्यवाद किया। जयसिंहपुर ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष जसवंत डढवाल ने कहा कि 57 साल बाद जयसिंहपुर विधानसभा को मंत्री पद मिला है। राजगीर से जयसिंहपुर के नाम पर बने इस विधानसभा क्षेत्र से आज तक किसी भी सरकार ने मंत्री नहीं बनाया, लेकिन सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने यहां से मंत्री बना कर पूरे हिमाचल में जयसिंहपुर विधानसभा का नाम रोशन कर दिया है। इस मौके पर पूर्व जिला पार्षद आशा क्लोत्रा, सुनीता देवी, सुमन कुमारी, लता सूद, विजय राणा, डिंपल, तेज राम, अभिषेक सूद, गौरव कटोच, सुरेश क्लोत्रा, संगम मन्हास, जगतार सिंह, प्रताप चंद, संजीव कुमार, प्रकाश चंद, जय चंद, संजीव राणा, ज्ञान चंद, राज, दीपू, रिंकू व सभी मंडल सदस्य उपस्थित रहे।

**सवाल-जवाब**

## उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने कोरोना वॉरियर्स को अन्य कार्यक्रमों में समायोजित करने का दिया आश्वासन

# हिम केयर योजना को बंद नहीं करेगी सुक्खू सरकार

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

हिमाचल प्रदेश की सुखविंद्र सिंह सुक्खू



सरकार हिम केयर योजना को बंद नहीं करेगी। उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने बुधवार को विधानसभा में यह घोषणा करते हुए कहा कि इस योजना के तहत देनदारियों को चुकता करने के लिए सरकार प्रतिबद्ध है और इन्हें जल्द चुकता कर दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि मौजूदा कांग्रेस सरकार ने सत्ता संभालने के बाद अब तक हिम केयर योजना के तहत 250 करोड़ रुपए से अधिक का भुगतान किया है।


अग्निहोत्री ने नियम 130 के तहत भाजपा विधायक विपिन सिंह द्वारा स्वास्थ्य सेवाओं को लेकर लाई गई चर्चा के जवाब में कहा कि सरकार कोरोना वॉरियर्स को लेकर संवेदनशील है। उन्होंने कहा कि कोरोना वॉरियर ने अत्यधिक विपरीत परिस्थितियों में सेवाएं दी हैं। ऐसे में यह सरकार इन्हें किसी न किसी स्वास्थ्य संबंधी कार्यक्रमों में समायोजित करने के लिए प्रयासरत है। उन्होंने कहा कि कोरोना काल में इन कोरोना वॉरियर्स के लिए 90:10 के अनुपात में केंद्र से मदद मिल रही थी, लेकिन अब यह मदद केंद्र सरकार ने बंद कर दी है, जिस कारण इनकी सेवाओं को जारी रखने में व्यवधान आया है। इससे पूर्व, चर्चा के मूल उत्तर में स्वास्थ्य मंत्री डॉ. धनीराम शांडिल ने कहा कि प्रदेश सरकार ने राज्य के बड़े संस्थानों पर मरीजों का बोझ करने के लिए 69 आदर्श स्वास्थ्य संस्थान खोलने का निर्णय लिया गया है और इन्हें अधिसूचित भी कर दिया है। उन्होंने कहा कि इन आदर्श स्वास्थ्य संस्थानों में चरणबद्ध ढंग से विशेषज्ञ डॉक्टरों की तैनाती की जाएगा।

स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि सरकार स्वास्थ्य सुविधाओं को बेहतर बनाने के लिए हर संभव प्रयास कर रही है। उन्होंने माना कि राज्य में गंभीर बीमारियों के इलाज के लिए विशेषज्ञों डॉक्टरों की कमी है। इस कमी को दूर करने के लिए सरकार ने मेडिकल कालेजों के सभी विभागों में पीजी, एमडी, डीएम और एमसीएच की सीटें बढ़ाई हैं। उन्होंने प्रदेशवासियों को गंभीर बीमारियों से बचने के लिए योग जैसी इलाज की पुरानी पद्धतियों को अपनाने का भी आह्वान किया।

डॉ. शांडिल ने कहा कि प्रदेश में इस समय टांडा, आईजीएमसी और नेरचौक मेडिकल कालेज में 133 टेस्ट निःशुल्क किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि सरकार अगले एक माह में ओटीए के 138 पद भरेगी। स्वास्थ्य मंत्री ने यह भी कहा कि हिमाचल टीबी की स्क्रीनिंग और इलाज में देशभर अव्वल हैं। स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि नौकरी से हटाए गए कोरोना वार्रियर को सरकार उनकी योग्यता के अनुसार अन्य स्वास्थ्य कार्यक्रमों में समायोजित करेगी। उन्होंने कहा कि हिम केयर की देनदारियों को सरकार अगले एक महा में चुकता कर देगी। इस मुद्दे पर आज हुई चर्चा में विधायक इंद्रदत्त लखनपाल, रीना कश्यप, संजय अवस्थी, त्रिलोक जंवाल, केवल सिंह पठानिया, सुखराम चौधरी, किशोरी लाल, दलीप ठाकुर, डीएस ठाकुर, सुरेंद्र शौरी, प्रकाश राणा, लोकेंद्र कुमार ने भी हिस्सा लिया।

### हिम केयर और सहारा योजना बंद करने में लगी सरकार

**नेता** प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने आरोप लगाया



कि सरकार ने हिम केयर और सहारा योजनाओं को बंद करने के आदेश दे दिए हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि जब से कांग्रेस सरकार सत्ता में आई है, तभी से इन दोनों योजनाओं की देनदारियों को रोक दिया गया है और अब लोगों को निःशुल्क इलाज की सुविधा नहीं मिल रही है।

### मेडिकल कॉलेजों में फ्री किए जा रहे 133 टेस्ट

**डॉ.** शांडिल ने कहा कि प्रदेश में इस समय



टांडा, आईजीएमसी और नेरचौक मेडिकल कालेज में 133 टेस्ट निःशुल्क किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि सरकार अगले एक माह में ओटीए के 138 पद भरेगी। स्वास्थ्य मंत्री ने यह भी कहा कि हिमाचल टीबी की स्क्रीनिंग और इलाज में देशभर अव्वल हैं। उन्होंने कहा कि हिम केयर की देनदारियों को सरकार अगले एक महा में चुकता कर देगी। इस मुद्दे पर आज हुई चर्चा में विधायक इंद्रदत्त लखनपाल, रीना कश्यप, संजय अवस्थी, त्रिलोक जंवाल, केवल सिंह पठानिया, सुखराम चौधरी, किशोरी लाल, दलीप ठाकुर, डीएस ठाकुर, सुरेंद्र शौरी, प्रकाश राणा, लोकेंद्र कुमार ने भी हिस्सा लिया।

## भाजपा ने वापस ली डिप्टी सीएम की नियुक्ति को खारिज करने की मांग

**शिमला।** भाजपा ने हिमाचल में डिप्टी सीएम की नियुक्ति को खारिज करने वाली मांग बुधवार को हाई कोर्ट में वापस ले ली है। सुनवाई के दौरान भाजपा विधायक सतपाल सत्ती सहित अन्य विधायकों ने उपमुख्यमंत्री की नियुक्ति को खारिज करने संबंधी मांग को वापस ले लिया है, जबकि अन्य सीपीएस की नियुक्तियों को खारिज करने की मांग को जारी रखा है। आगामी सुनवाई दो जनवरी 2024 को तय की गई है। मामले की सुनवाई हाई कोर्ट के न्यायाधीश न्यायमूर्ति विवेक सिंह ठाकुर व न्यायमूर्ति संदीप शर्मा की खंडपीठ के समक्ष हो रही है। याचिका में अर्की विधानसभा क्षेत्र से सीपीएस संजय अवस्थी, कुल्लू से सुंदर सिंह, दून से राम कुमार, रोहड़ू से मोहन लाल ब्राक्टा, पालमपुर से आशीष बुटेल और बैजनाथ से किशोरी लाल की नियुक्ति को चुनौती दी गई है।

## हर जगह अनंत ज्ञान


पुराना बस स्टैंड नगरोटा बगवां में अनंत ज्ञान समाचार पत्र पढ़ते हुए लोग।


जयसिंहपुर में सुबह-सुबह अनंत ज्ञान समाचार पत्र पढ़ता एक युवक।



जयसिंहपुर कॉलेज के प्रिंसिपल अनंत ज्ञान समाचार पत्र पढ़ते हुए।


अजय न्यूज एजेंसी के मालिक बैजनाथ में सुबह-सुबह अनंत ज्ञान समाचार पत्र पढ़ते हुए।


अनंत ज्ञान समाचार पत्र पढ़ते सरकारी कॉन्ट्रैक्टर अमित डोगरा।


जयसिंहपुर में सुबह-सुबह अनंत ज्ञान समाचार पत्र पढ़ते लोग।



नगरोटा बगवां में अनंत ज्ञान समाचार पत्र पढ़ते व्यापारी।


नगरोटा बगवां में अनंत ज्ञान समाचार पत्र पढ़ता एक युवक


यशपाल शर्मा एसडीएम जयसिंहपुर अनंत ज्ञान समाचार पत्र पढ़ते हुए।


सांबा पंचायत के रमेश शर्मा ने अनंत ज्ञान समाचार पत्र के प्रकाशन पर अनंत ज्ञान टीम को बधाई दी


लोअर कौना के कैप्टन मान चंद राणा ने अनंत ज्ञान के प्रकाशन पर शुभकामनाएं दी।

### सीएम बोले, प्रदेश की अर्थव्यवस्था में पिछले एक साल में 20 प्रतिशत तक आया सुधार

# सीएम ने कंदरोड़ी में रखी पेप्सी बॉटलिंग प्लांट की आधारशिला

**अनंत ज्ञान, इंदौरा**

सीएम सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने जिला कांगड़ा के इंदौरा विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत कंदरोड़ी में बुधवार को 268 करोड़ रुपए की लागत से बनने वाले वरुण बेवरेजेस लिमिटेड के पेप्सी बॉटलिंग प्लांट की आधारशिला रखी। कांगड़ा जिला में इतने बड़े निवेश से लगने वाला यह पहला उद्योग है। सीएम ने कहा कि इस उद्योग के माध्यम से दो हजार से अधिक युवाओं को रोजगार मिलेगा। इससे क्षेत्र में विकास को नई रफ्तार और आर्थिकी को बढ़ावा मिलेगा।

सीएम ने कहा कि प्रदेश की अर्थव्यवस्था में पिछले एक साल में 20 प्रतिशत तक सुधार आया है और राज्य सरकार ने वर्ष 2027 तक अर्थव्यवस्था को पटरी पर लाने और वर्ष 2032 तक देश का सबसे समृद्ध राज्य बनाने का लक्ष्य रखा है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार आने वाले समय में राज्य की उद्योग नीति में भी बदलाव करने जा रही है, ताकि प्रदेश के अधिक से अधिक युवाओं के लिए रोजगार के अवसर सृजित किए जा सकें। सीएम ने इंदौरा के औद्योगिक क्षेत्र में बेहतर सड़क सुविधा प्रदान करने के लिए पर्याप्त बजट प्रदान करने का भी आश्वासन दिया। सीएम ने कहा कि राजीव गांधी स्वरोजगार स्टार्ट-अप योजना के दूसरे चरण में युवाओं को सौर ऊर्जा परियोजना लगाने के लिए प्रोत्साहित किया जाएगा, ताकि उन्हें आजीविका के साधन उपलब्ध हों। इसके साथ ही किसानों की आय में बढ़ोतरी के लिए भी अगले बजट में एक योजना का प्रावधान किया जाएगा। बहरहाल, सीएम सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने जिला कांगड़ा के इंदौरा विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत कंदरोड़ी में बुधवार को 268 करोड़ रुपए की लागत से बनने वाले वरुण बेवरेजेस लिमिटेड के पेप्सी बॉटलिंग प्लांट की आधारशिला रखी।



कंदरोड़ी में 268 करोड़ रुपए की लागत से बनने वाले वरुण बेवरेजेस लिमिटेड के पेप्सी बॉटलिंग प्लांट की आधारशिला रखते हुए सीएम सुखविंद्र सिंह सुक्खू।


वरुण बेवरेजेस लिमिटेड के पेप्सी बॉटलिंग प्लांट की आधारशिला कार्यक्रम में सीएम को सम्मानित करते कांग्रेस कार्यकार्ता व अन्य गणमान्य।

### प्रयास जोरों पर

**सीएम** सुक्खू ने कहा कि हिमाचल प्रदेश पूरे देश में निवेश के लिए एक उपयुक्त स्थल है। सरकार निवेशकों को अपने उद्योग स्थापित करने के लिए कई सुविधाएं प्रदान कर रही है। राज्य को आत्मनिर्भर बनाने के लिए वर्तमान प्रदेश सरकार दिन-रात प्रयास कर रही है। हिमाचल के प्रत्येक निवासी पर एक लाख रुपए से अधिक का ऋण है, इसके बावजूद आगामी चार वर्षों में प्रदेश की अर्थव्यवस्था को पटरी पर लाया जाएगा।

### तीन माह में पूरी की औपचारिकताएं: हर्षवर्धन चौहान



**उद्योग** मंत्री हर्षवर्धन चौहान ने कहा कि यह प्लांट इंदौरा विधानसभा क्षेत्र में कई बदलाव लाएगा। इस प्लांट को स्थापित करने के लिए सभी औपचारिकताएं तीन माह में पूरी की गई हैं। बुधवार का दिन कांगड़ा जिला के लिए महत्वपूर्ण है। विधायक मलेंद्र राजन ने इंदौरा विधानसभा क्षेत्र में पेप्सी के मेगा प्लांट लगाने के लिए सीएम सुक्खू का आभार व्यक्त किया। वरुण बेवरेजिज लिमिटेड के चेयरमैन रविकांत जयपुरिया ने कहा कि यह पेप्सी प्लांट लगभग एक वर्ष में बनकर तैयार होगा, जिससे क्षेत्र में आर्थिक उन्नति आएगी। उन्होंने कहा कि सीएसआर के माध्यम से क्षेत्र के लोगों के लिए स्वास्थ्य सुविधाओं का विस्तार होगा और स्थानीय युवाओं के कौशल विकास के लिए भी कंपनी सहायता प्रदान करेगी।

### सीएम ने दिया सूझबूझ का परिचय

**नूरपुर।** प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता सुदर्शन शर्मा ने पत्रकारों को संबोधित करते हुए बताया कि पूर्व बीजेपी सरकार द्वारा धर्मशाला में इंवेस्टर मीट में करीब पच्चास करोड़ रुपए के खर्च के बावजूद पच्चास लाख भी इंवेस्ट नहीं करवा सकी जयराम सरकार। वहीं, मौजूदा सुक्खू सरकार द्वारा बिना इंवेस्टर मीट के इंदौरा विधानसभा क्षेत्र के इंडस्ट्रियल एरिया में 268 करोड़ की लागत से पेप्सी प्लांट का शिलान्यास करके अपनी राजनीतिक सूझबूझ व परिपक्वता का परिचय दिया। प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता सुदर्शन शर्मा ने पूर्व में रही बीजेपी सरकार द्वारा निरंतर अनुभवहीनता का ही परिचय देकर प्रदेश को 76000 करोड़ रुपए के कर्ज में डूबो दिया। प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता ने माननीय मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने दुबई में जाकर इंवेस्टर मीट कर हिमाचल प्रदेश में नए नए उद्योग स्थापित करने का निमंत्रण देकर अपनी दूरदर्शिता का परिचय दिया। सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने आपदा के दौरान अपने संयम से संसाधन जुटा कर प्रदेश की प्रभावित जनता को 4500 करोड़ रुपए का आर्थिक पैकेज का प्रावधान कर राष्ट्र में एक मिसाल पेश की जिसकी प्रशंसा अन्य राज्य भी कर रहे हैं।

## बाल विज्ञान मेले में राहुल चाड़क का दबदबा

**अतुल जसवाल, जयसिंहपुर**

उपमंडल के अंतर्गत आने वाले गांव कमांद के निवासी राहुल चाड़क हमीरपुर जिला के राष्ट्रीय तकनीकी संस्थान हमीरपुर में आयोजित राज्य स्तरीय बाल विज्ञान मेले में पहला स्थान प्राप्त करके, जयसिंहपुर विधानसभा का नाम रोशन कर दिया है। राहुल चाड़क हमीरपुर के हिम अकादमी स्कूल मे बाहरवीं कक्षा में पढ़ाई कर रहे हैं।

उल्लेखनीय यह है इस चिल्ड्रन साइंस प्रतियोगिता में 600 छात्रों ने भाग लिया, जिसमें राहुल चाड़क ने पहला स्थान हासिल किया और इसके साथ लगातार पिछले तीन वर्षों से पहला स्थान इस प्रतियोगिता में हासिल कर रहे हैं राहुल चाड़क। राहुल चाड़क के पिता भारतीय सेना से रिटायर आ करके वर्तमान समय में राजस्व विभाग में कार्यकरत हैं। राहुल की माता गृहिणी है। (अनंत ज्ञान)


राहुल चाड़क।



गणेश उत्सव पंडोल रोड बैजनाथ के सौजन्य से सजा लंगर। इस दौरान अनंत ज्ञान समाचार पत्र पढ़ते लंगर कमेटी के सदस्य।


विजय कुमार नायब तहसीलदार जयसिंहपुर अनंत ज्ञान समाचार पत्र पढ़ते हुए।


अधिशाषी अभियंता लोक निर्माण विभाग इंजीनियर विजय कुमार वर्मा जयसिंहपुर अनंत ज्ञान समाचार पत्र पढ़ते हुए।


तंगरोटी के साहिल चौधरी अनंत ज्ञान समाचार पत्र पढ़ते हुए।


सरदार रघुवंत सिंह और बैजनाथ कॉलेज में एससीए अध्यक्ष रहे रजिंद्र सिंह परमार अनंत ज्ञान समाचार पत्र पढ़ते हुए।

## बधाइयां


हिमाचल प्रदेश से दैनिक समाचार पत्र अनंत ज्ञान के प्रकाशन पर अनंत ज्ञान परिवार को हार्दिक बधाई।
-अभिषेक कुमार, कांग्रेस कार्यकर्ता



दैनिक समाचार पत्र अनंत ज्ञान के प्रकाशन पर समस्त अनंत ज्ञान परिवार को हार्दिक बधाई
-अरुण कुमार, प्रिंसिपल सुलह स्कूल


हिमाचल से दैनिक समाचार पत्र अनंत ज्ञान के प्रकाशन पर अनंत ज्ञान परिवार को हार्दिक बधाई।
-ध्रुव पटियाल, प्रधानाचार्य गढ़ जमूला स्कूल


दैनिक समाचार पत्र अनंत ज्ञान के प्रकाशन पर समस्त अनंत ज्ञान परिवार को हार्दिक बधाई।
-नीलू महाजन, इन्नर व्हील क्लब धर्मशाला


हिमाचल से दैनिक समाचार पत्र अनंत ज्ञान के प्रकाशन पर अनंत ज्ञान परिवार को हार्दिक बधाई।
-पवन राणा, थुरल कॉलेज


दैनिक समाचार पत्र अनंत ज्ञान के प्रकाशन पर समस्त अनंत ज्ञान परिवार को हार्दिक बधाई।
-राजकुमार, पलहूणी


हिमाचल से दैनिक समाचार पत्र अनंत ज्ञान के प्रकाशन पर अनंत ज्ञान परिवार को हार्दिक बधाई।
-राजेश रोशन, उपप्रधानाचार्य सन्दूं स्कूल


दैनिक समाचार पत्र अनंत ज्ञान के प्रकाशन पर समस्त अनंत ज्ञान परिवार को हार्दिक बधाई।
-रमेश चंद, प्रधानाचार्य ढाटी स्कूल


हिमाचल से दैनिक समाचार पत्र अनंत ज्ञान के प्रकाशन पर अनंत ज्ञान परिवार को हार्दिक बधाई।
-सचिन धीमान, कांग्रेस कार्यकर्ता


दैनिक समाचार पत्र अनंत ज्ञान के प्रकाशन पर समस्त अनंत ज्ञान परिवार को हार्दिक बधाई।
-सुधीर गुलेरिया, गढ़ बसदी


हिमाचल से दैनिक समाचार पत्र अनंत ज्ञान के प्रकाशन पर अनंत ज्ञान परिवार को हार्दिक बधाई।
- त्रिसेन सिहोतरा, राष्ट्रीय सहयोजक एनएसयूआई


दैनिक समाचार पत्र अनंत ज्ञान के प्रकाशन पर समस्त अनंत ज्ञान परिवार को हार्दिक बधाई।
-गुलशन चौहान, समाजसेवी नगरोटा बगवां


हिमाचल से दैनिक समाचार पत्र अनंत ज्ञान के प्रकाशन पर अनंत ज्ञान परिवार को हार्दिक बधाई।
-विक्रम ठाकुर, समाजसेवी, नगरोटा


दैनिक समाचार पत्र अनंत ज्ञान के प्रकाशन पर समस्त अनंत ज्ञान परिवार को हार्दिक बधाई।
-विजय पॉल, जिला उपाध्क्ष बीजेपी


हिमाचल से दैनिक समाचार पत्र अनंत ज्ञान के प्रकाशन पर अनंत ज्ञान परिवार को हार्दिक बधाई।
-सरस्वती जरयाल, प्रधान पंचायत धूपकियारा


दैनिक समाचार पत्र अनंत ज्ञान के प्रकाशन पर समस्त अनंत ज्ञान परिवार को हार्दिक बधाई।
-मुनीषा कुमारी, बीजेपी महिला मोचा अध्यक्ष, जयसिंहपुर


हिमाचल से दैनिक समाचार पत्र अनंत ज्ञान के प्रकाशन पर अनंत ज्ञान परिवार को हार्दिक बधाई।
-विनता कटोच, प्रधान गंदड़


दैनिक समाचार पत्र अनंत ज्ञान के प्रकाशन पर समस्त अनंत ज्ञान परिवार को हार्दिक बधाई।
-राजेशना कुमारी, प्रधान कोसरी

# आरएस बाली ने की ठेहडु और हार में सड़क को पक्का करने की घोषणा



पंचायत थाना बडग्रां के कार्यक्रम में पहुंचने पर आरएस बाली का स्वागत करते कांग्रेस कार्यकर्ता।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, नगरोटा बगवां**

हिमाचल प्रदेश पर्यटन विकास निगम के अध्यक्ष व पर्यटन विकास बोर्ड के उपाध्यक्ष (कैबिनेट रैंक) आरएस बाली बुधवार को विधानसभा क्षेत्र की पंचायत थाना बडग्रां एक कार्यक्रम में मुख्य अतिथि बनकर पहुंचे।

यहां पहुंचने पर उनका पंचायत प्रधान, सदस्यों और ग्रामवासियों ने पुष्प देकर स्वागत किया। इसके उपरांत कैप्टन मदनलाल, पंचायत प्रधान सुरेश कुमारी और पंचायत सदस्यों ने पगड़ी पहनाकर मुख्य अतिथि को सम्मानित किया। कार्यक्रम में रण सिंह, स्वर्ण सिंह और मदन लाल ने अपने विचार मुख्यअतिथि समक्ष रखे। अपने संबोधन दौरान मुख्यातिथि ने हिमाचल प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू द्वारा किए जा रहे विकास कार्यों के के लिए उनका धन्यवाद किया। उन्होंने कहा नगरोटा बगवां विधानसभा क्षेत्र में निरंतर विकास कार्य किए जा रहे हैं। ये विकास कार्य निरंतर जारी रहेंगे। कार्यक्रम के अंत में उन्होंने थाना बडग्रां पंचायत के अंतर्गत वार्ड-एक में ठेहडु और हार में सड़क को पक्का करने की घोषणा की, टिला के लिए 150 मीटर का एंबुलेंस मार्ग बनाने और लोगों द्वारा बताई गई बस समस्या का निवारण करने की घोषणा की। उन्होंने मौके पर स्वयं पहुंचकर पक्के किए जाने वाले रास्ते का निरीक्षण किया और मौके पर उपस्थित सभी लोगों की समस्याएं सुनी और उनका निवारण किया।

आज के कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सहित पूर्व विधायक सुरेंद्र काकू, तहसीलदार शिखा राणा, पंचायत प्रधान सुरेश कुमारी, कैप्टन मदन लाल, सुरजीत कुमार, वरिष्ठ कांग्रेस कार्यकर्ता सुभाष कुमार, समस्त विभागों के अधिकारी और ग्रामीण मौजूद रहे।

## लावारिस पशुओं से शहर में बढ़ रहे हादसे, लोगों को करना पड़ रहा दिक्कतों का सामना

# जवाली में सड़कों पर बेसहारा घूम रहा गोवंश, फिर किस काम की गोशाला

**अनिल छांगू, जवाली**

हिमाचल प्रदेश की कांग्रेस सरकार भले ही खुद को किसान बेसहारा पशुओं की हितैषी करार दे रही है, लेकिन हकीकत में सरकार के दावे फेल हो रहे हैं। इसका अंदाजा विधानसभा क्षेत्र जवाली के अधीन तीन करोड़ की लागत से निर्मित गो सेंक्चुरी खबल की दशा को देखकर ही लग रहा है।

हिमाचल प्रदेश सरकार में कृषि एवं पशुपालन मंत्री चंद्र कुमार अपने विधानसभा क्षेत्र जवाली के अधीन गो सेंक्चुरी खबल को आज तक सुचारु करवाने के लिए नाकाम साबित हुए है। ज्ञात रहेगी कि गो सेंक्चुरी खबल का कार्य डेढ़ वर्ष पहले पूरा हो चुका है तथा इसका लोकार्पण वर्ष 2022 में तत्कालीन मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर द्वारा किया जा चुका है, लेकिन कांग्रेस सरकार अभी तक इसको चालू नहीं कर पाई है। गो सेंक्चुरी खबल के संचालन के लिए राजनीति की जा रही है तथा राजनीति की इस चक्की में किसान पिस रहे हैं जबकि बेसहारा गोवंश सड़कों पर भटक रहा हैं। वहीं, गो सेंक्चुरी खबल का मुख्य गेट हवा से नीचे गिरा हुआ है और वहीं, कृषि एवं पशुपालन मंत्री चंद्र कुमार के गृह क्षेत्र जवाली में बेसहारा गउएं। इस तरह सड़कों पर भटक रही है कि न तो इनका कोई मालिक है और न ही इनकी सरकार आखिर यह गोवंश जाए तो जाए कहां, शायद आज यंही सोचकर यह बेसहारा गोवंश कृषि एवं पशुपालन मंत्री चौधरी चंद्र कुमार के घर के बाहर खड़ी होकर अपना आशियाना मांग रही है। एक तरफ किसानों की फसलें चट कर रही है, जिससे किसान परेशान होकर गोवंश से मारपीट करते हैं। इससे सड़कों पर बेसहारा गोवंश, घूम रहा है और सड़क दुर्घटनाओं का कारण बन रहा है। जवाली उपमंडल के किसान राकेश कुमार, विजय कुमार, कुलवंत सिंह, राजेश कुमार, कर्ण सिंह, सुशील कुमार ने कहा कि इस महंगाई में बहुत महंगा बीज व खाद खेत में डाल रहे हैं, लेकिन वह बेसहारा पशु हमारी फसल को चट कर रहे है। उन्होंने कहा कि कई जगह पर लोगों बेसहारा पशुओं की बजह से फसल बीजना ही बंद कर दी हैं। स्थानीय किसानों ने मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू व कृषि मंत्री चंद्र कुमार से मांग की है कि किसानों के हित को देखते हुए खबल में बनी गो सेंक्चुरी का संचालन शीघ्र किया जाए। इस बारे डिप्टी डायरेक्टर संजीव ने कहा कि एसडीएम लेबल की कमेटी का गठन का काम चल रहा है शीघ्र ही इस गो अभ्यारण्य को चलाया जाएगा। (अनंत ज्ञान)

**लोगों ने पशुपालन मंत्री से जल्द इस समस्या से निजात दिलाने की मांग उठाई**



खाली पड़ा गो अभ्यारणय खबल।




जवाली की सड़कों पर खुले में घूमता गोवंश। कभी भी हो सकता है बड़ा हादसा।



जवाली में लागों की फसलों को तबाह करता गोवंश।




जवाली में गो अभ्यारण्य खबली की हालत।

## न्यूज ब्रीफ

### लोकसभा चुनाव को लेकर बनाई रणनीति

**गरली।** भाजपा मंडल कार्यसमिति एवं मंडल सशक्तिकरण अभियान प्रशिक्षण वर्ग की बैठक बुधबार को गांव खबली दोसड़का में आयोजित हुई। भाजपा युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष देहरा रजनी कांत की अध्यक्षता में आयोजित हुए इस कार्यक्रम में विशेष तौर पर जिला युवा मोर्चा अध्यक्ष रमन शर्मा ने शिरकत की। इसमे भाजपा मंडल अध्यक्ष निर्मल सिंह, भाजपा जिला मीडिया प्रभारी शिवेंद्र सैनी, जिला महामंत्री प्रिंस चौधरी, जिला उपाध्यक्ष निशेष, जिला मीडिया प्रभारी अक्षय अत्री, कार्यालय सचिव चरणजीत व मंडल देहरा के कार्यकर्ता मौजूद रहे। वहीं, इस दौरान अगामी लोक सभा चुनावों को लेकर जहां रणनिति तैयार की गई तो वहीं, प्रत्येक युवा वोटर और नए वोटरों से संपर्क करने के लिए निर्देश दिए गए युवा मोर्चा लोकसभा चुनावों में अहम भूमिका निभाने को तैयार है।

### हरसर स्कूल में छह दिवसीय कैंप का शुभारंभ

**जवाली।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला हरसर में बीकानेर (राजस्थान) में होने जा रही राष्ट्र स्तरीय स्कूली बच्चों की भारोत्तोलन प्रतियोगिता के लिए जाने वाली हिमाचल की भारोत्तोलन टीम के प्रशिक्षण हेतु छह दिवसीय कैंप का शुभारंभ हुआ। इसकी अध्यक्षता स्कूल के वरिष्ठ अध्यापक बलवंत सिंह ने की। इस शिविर में राज्य भर से आए हुए स्कूली खेलों की भारोत्तोलन टीम के खिलाड़ी हरसर पहुंचे हुए हैं और प्रशिक्षण ले रहे हैं। बुधवार को खिलाड़ियों ने खूब पसीना बहाया। प्रशिक्षण शिविर के समन्वयक एवं कोच शिवेंद्र जम्वाल एवं टीम मैनेजर भूषण बाला ने खिलाड़ियों को टिप्स दिए।

### कैंब्रिज स्कूल में वार्षिक समारोह की धूम

**डरोह।** कैंब्रिज स्कूल चूला में वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह मनाया गया। इस मौके पर मुख्यध्यापक ने आए हुए अतिथियों का अभिनंदन किया। स्कूली बच्चों ने रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किया। विभिन्न गतिविधियों में प्रथम आने वाले विद्यार्थियों को पारितोषिक वितरित किए गए। बाहर से आए अतिविशिष्ट व्यक्तियों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। इस दौरान स्कूल मुख्याध्यापक ने वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत की। इस कार्यक्रम में मुख्यातिथि के रूप में हिमाचल प्रदेश सहकारी कृषि एवं ग्रामीण विकास बैंक के चेयरमैन संजय चौहान ने शिरकत की।

### शिवनगर स्कूल में शिविर का शुभारंभ

**जयसिंहपुर।** राजकीय महाविद्यालय शिवनगर में राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वावधान में सात दिवसीय शिविर का शुभारंभ बुधवार से हुआ हुआ। कार्यक्रम के संयोजक प्रो. विवेकानंद शर्मा ने प्राचार्य महोदय, प्राध्यापक वर्ग, विषय विशेषज्ञ और स्वयंसेवियों का स्वागत करते हुए कार्यक्रम का आरंभ किया। प्रथम दिवस के मुख्यातिथि प्राचार्य प्रो. उपेंद्र शर्मा ने स्वयंसेवियों को संबोधित करते हुए अपने अनुभव के आधार पर कार्यक्रम को सफल बनाने के महत्वपूर्ण सुझाव दिए और सभी को शुभकामनाएं दी। उसके बाद विषय विशेषज्ञ के रूप में क्षेत्र के होनहार युवा और भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान पटना में एमटेक के छात्र ऋषभ रनौत ने स्वयंसेवियों को संबोधित किया। अंत में विवेकानंद शर्मा ने मुख्य अतिथि, विषय विशेषज्ञ और सभी प्राध्यापकों का धन्यवाद करते हुए स्वयंसेवियों का सात दिवसीय शिविर में स्वागत किया। इस अवसर महाविद्यालय के सभी अध्यापक एवं कर्मचारी भी उपस्थित रहे।

## चार महीने से ग्राम पंचायत नियांगल की पानी की सप्लाई ठप



संदीप सिंह समकड़िया।

**जवाली।** जवाली विधानसभा की पंचायत नियांगल के उपप्रधान ठाकुर संदीप सिंह समकड़िया का कहना है की बरसात में भूस्खलन के कारण गांव नियांगल में पानी की पाइपें टूटने से पानी की सप्लाई चार महीने पहले बाधित हो गई थी। उस समय दो-तीन हेडपंपों में मोटर लगवा कर पानी कुछ घरों तक पहुंचा दिया था, परंतु आदि से ज्यादा परिवारों को पिछ्ले चार महीने से एक बूंद पीने का पानी उपलब्ध नहीं हो पा रहा है। इन चार महीना से जल शक्ति विभाग द्वारा पानी की सप्लाई पहुंचाने के लिए धरातल पर कोई कदम नहीं उठाया है। मजबूरी में ग्राम पंचायत नियांगल के लोगों कों नालों का दूषित जल का उपयोग करने के लिए मजबूर है। इस कारण से ग्राम पंचायत नियांगल के लोगों में दूषित जल के उपयोग से बीमारी महामारी का खतरा बना है। अतः माननीय मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंद्र सिंह सुक्खू को उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री उपायुक्त कांगड़ा से निवेदन है कि ग्राम पंचायत नियांगल में पानी की समस्या को जल्द से जल्द दूर किया जाए। बहरहाल, जवाली विधानसभा की पंचायत नियांगल के उपप्रधान ठाकुर संदीप सिंह समकड़िया का कहना है की बरसात में भूस्खलन के कारण गांव नियांगल में पानी की पाइपें टूटने से पानी की सप्लाई चार महीने पहले बाधित हो गई थी। उन्होंने ने मांगा की है की जल्द इस समस्या का समाधान किया जाए।



नूरपुर। राजकीय आर्य महाविद्यालय नूरपुर बी. वॉक. हॉस्पिटैलिटी एंड टूरिज्म के छात्रों द्वारा एक बार फिर से मील का पत्थर स्थापित किया गया। छह विद्यार्थियों का चयन होटल रेडिसन ब्लू अमृतसर द्वारा किया गया। इसमें मंजीत कुमार और हीना मल्होत्रा को फ्रंट ऑफिस, अमनदीप और प्रीति को फूड प्रोडक्शन, ज्योति बाला को हाउस कीपिंग वह कोमल कुमारी को एफ एंड बी सर्विस में चयनित किया गया।

## 23 दिसंबर को करेंगे विधानसभा का घेराव

**परागपुर।** वनरक्षकों के समर्थन में ऑल इंडिया अंबेडकर महासभा ने मोर्चा खोल दिया है। वहीं वनरक्षकों को हिमाचल की आम जनता से किए गए बादे पूरे न करने पर ऑल इंडिया अंबेडकर महासभा अगामी 23 दिंसबर को तपोवन धर्मशाला में विधानसभा का घेराव करेगी। उपरोक्त महासभा हिमाचल प्रदेश जर्नल सैक्टरी सीता राम भाटिया ने जानकारी देते हुए कहा कि हम कई संगठनों के साथ मिकलकर 23 दिसंबर को धर्मशाला तपोवन पहुंचकर विधानसभा के घेराव करेंगे सीता राम भाटिया ने कहा कि प्रदेश मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू व अन्य सरकारी नुमाइंदों से पूछेंगे कि जब वन मित्रों की नोटिफेक्शन जारी की गई, तब आपको वनरक्षकों की याद क्यों नहीं आई।

# बैजनाथ व्यापार मंडल की बैठक में हंगामा

## प्रधान पद के उम्मीदवार का नाम लेने पर भड़के सदस्य, बैठक की स्थगित

**अनंत ज्ञान, बैजनाथ**



बैठक के दौरान हंगामा करते बैजनाथ व्यापार मंडल के सदस्य।

बैजनाथ व्यापार मंडल की बुलाई गई बैठक भारी हंगामे के बाद आगे की कार्रवाई के लिए स्थगित कर दी गई। गौरतलब है कि स्थानीय व्यापारियों की मांग पर बैजनाथ व्यापार मंडल के चुनावों के दृष्टिकोण से एक अहम बैठक आज तीन बजे बुलाई गई थी।

बैठक के आरंभ में ही मौजूदा प्रधान अनिल शर्मा ने साफ कर दिया कि वे इस बार चुनाव लड़ने के हक में नहीं है। इतने में व्यापार मंडल के प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य मुल्क राज मेहता ने सचिन अवस्थी का प्रधान पद के लिए नाम उछाल दिया। कुछ लोगों ने इसका समर्थन किया परंतु कुछ लोगों ने इसका विरोध करते हुए कहा कि वह मनीष शर्मा को व्यापार मंडल के प्रधान के लिए अपना उम्मीदवार बनाते हैं। इतने में दोनों पक्षों की ओर से एक दूसरे के पक्ष में जमकर शोर होना शुरू हो गया। कुछ लोग कह रहे थे कि हाथ उठाकर अगले अध्यक्ष का चुनाव कर दिए जाएं, परंतु लोगों ने इसका विरोध करते हुए कहा कि ऐसा उन्हें कतई मजबूर नहीं है। ऐसे में रमेश चड्डा ने सुझाव देते हुए कहा कि एक पांच सदस्य की कमेटी बनाई जाए। उसे निष्पक्ष तरीके से चुनाव करवाने की जिम्मेदारी दी जाए। व्यापारियों ने इस सुझाव का स्वागत किया तथा तब यह तय किया गया कि 25 दिसंबर तक नामांकन किया जा सकेगा। 27 दिसंबर तक नाम वापस लिए जा सकेगा तथा अगर आपसी सहमति न बन पाई तो दस जनवरी को चुनाव करवाए जाएंगे। आप तो यह आने वाला समय ही बताएगा की व्यापार मंडल के इन चुनावों में आपसी सहमति बन पाती है या फिर एक बार वोटों से ही अगले अध्यक्ष का फैसला होगा।

## 26 से पहले जमा करवा दे बिजली का बिल

**देहरा।** विद्युत उपमंडल ढलियारा के सहायक अभियंता मनीष संधू ने जानकारी देते हुए बताया विद्युत उपमंडल ढलियारा के अंतर्गत आने वाले सभी उपभोक्ताओं को दो टूक चेतावनी दी। उन्होंने कहा कि जिन उपभोक्ताओं ने अपने बिजली के बिलों का तय तिथि तक भुगतान नहीं किया है वे सभी उपभोक्ता 26 दिसंबर तक अपने बिजली के बिलों को उपमंडल ढलियारा या बिजली बोर्ड की ऑनलाइन साइट के माध्यम से जमा करवा दें। अन्यथा उपरोक्त दिनांक के बाद डिफाल्टर उपभोक्ताओं के बिजली के कनेक्शन बिना किसी पूर्व सूचना के अस्थायी तौर पर काट दिए जाएंगे। यह सूचना सहायक अभियंता विद्युत उपमंडल ढलियारा मनीष कुमार संधू ने दी है। बहरहाल, लोगों से अपील है कि उपभोक्ता 26 दिसंबर तक अपने बिजली के बिल जमा करवा दें।

## नहीं हुई एक भी गारंटी पूरी: बिक्रम ठाकुर



**धर्मशाला।** पूर्व मंत्री बिक्रम सिंह ने कहा कांग्रेस सरकार ने कोई भी गांरटी नहीं की पूरी, जिसको मध्य नजर रहते हुए आज विपक्ष ने टोकरियों में गोबर लाकर कांग्रेस सरकार को उनकी गोबर खरीदने की गारंटी को याद दिलाया। इसके अतिरिक्त उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार ने दस में से कोई भी गांरटी अभी तक पूरी नहीं की। प्रदेश की जनता आज भी गांरटी पूरा होने की आस में है।

# केंद्रीय विवि शाहपुर में राष्ट्रीय गणित सप्ताह के तहत वेबिनार आयोजित



शाहपुर केंद्रीय विवि परिसर में वेबिनार के दौरान छात्रों को जागरूक करते हुए।

**अनंत ज्ञान, शाहपुर**

हिमाचल प्रदेश केंद्रीय विश्वविद्यालय के गणित, कंप्यूटर एवं सूचना विज्ञान स्कूल के तहत वैदिक गणित अनुसंधान केंद्र और श्रीनिवास रामानुजन गणित विभाग ने संयुक्त रूप से शाहपुर परिसर में 18 से 22 दिसंबर तक चलने वाले राष्ट्रीय गणित सप्ताह समारोह के दौरान वैदिक गणित विषय पर 20 दिसंबर को एक वेबिनार का आयोजन किया।

इस वेबिनार का मुख्य उद्देश्य छात्रों को श्रीनिवास रामानुजन के कार्यों के विभिन्न दिलचस्प पहलुओं से परिचित कराना और वैदिक गणित को लेकर छात्रों के बीच में अनुसंधान-उन्मुख दृष्टिकोण को बढ़ावा देना था। राष्ट्रीय गणित सप्ताह का उत्सव हिमाचल प्रदेश केंद्रीय विश्वविद्यालय के माननीय कुलपति प्रो. सत प्रकाश बंसल के बहुमूल्य मार्गदर्शन और पर्यवेक्षण के तहत शाहपुर परिसर में 18-22 दिसंबर तक पहले से ही प्रक्रिया में है। वैदिक गणित पर चर्चा करने के लिए इस वेबिनार में राष्ट्रीय सचिव, शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास, नई दिल्ली से अतुल कोठारी ने मुख्य अतिथि और मुख्य वक्ता के रूप में भाग लिया। वेबिनार की शुरुआत सरस्वती वंदना और हिमाचल प्रदेश केंद्रीय विश्वविद्यालय के कुलगीत के उद्धरण से हुई। इस वेबिनार के संयोजक एवं विभागाध्यक्ष प्रो. राकेश कुमार ने मुख्य अतिथि श्री अतुल कोठारी और विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सत प्रकाश बंसल का स्वागत किया तथा विश्वविद्यालय के शाहपुर परिसर में मनाए जाने वाले राष्ट्रीय गणित सप्ताह के महत्व पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने प्रतिभागियों को राष्ट्रीय गणित सप्ताह समारोह के दौरान आयोजित की जाने वाली विभिन्न प्रतिस्पर्धी गतिविधियों तथा मिलने वाले पुरस्कारों से अवगत कराया। उन्होंने आगे कहा कि विभाग आधुनिक गणित के साथ वैदिक गणित के दिलचस्प संबंध स्थापित करने और संबंधित शोध क्षेत्रों पर ध्यान केंद्रित कर काम करने के लिए प्रयासरत है। प्रो. कुमार ने आगे कहा कि इस वेबिनार में श्रीनिवास रामानुजन के जीवन और कार्य पर शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास से विशेषज्ञ श्री अतुल कोठारी अपना ज्ञान साझा करेंगे और संबंधित क्षेत्र में ज्ञान के सृजन के लिए अपने बहुमूल्य सुझाव देंगे।

# एयरपोर्ट विस्तारीकरण परियोजना को लेकर 15 जनवरी को होगी जनसुनवाई

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

एयरपोर्ट विस्तारिकरण परियोजना के लिए 15 जनवरी, 2024 को ग्राम सभा में जनसुनवाई होगी। एडीसी रोहित राठौर ने बताया कि पर्यटन एवं नागरिक उड्डयन विभाग, हिमाचल प्रदेश सरकार द्वारा तहसील कांगड़ा एवं तहसील शाहपुर में स्थित गगल एयरपोर्ट विस्तारीकरण परियोजना के लिए भूमि अधिग्रहण संबंधी अधिसूचना भूमि अर्जन पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता अधिकार अधिनियम, 2013 की धारा 11 के अन्तर्गत 10 जुलाई, 2023 को राजपत्र में घोषित की गई थी, जिसे समाचार पत्रों में 21 जुलाई, 2023 को प्रकाशित किया गया था।

इस अधिसूचना के अनुसार एडीसी, कांगड़ा स्थित धर्मशाला को पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन का प्रशासक नियुक्त किया गया है। प्रदत्त शक्तियों के आधार पर सर्वेक्षण उपरांत पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन योजना का एक प्रारूप बनाया गया है, जिसका भूमि अर्जन पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता अधिकार अधिनियम, 2013 की धारा 16(5) एवम् हिमाचल प्रदेश भूमि अधिग्रहण, पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन (पुनर्वासन और विकास योजना) 2017 के नियम 7 के तहत ग्राम सभा में जन सुनवाई की जानी अपेक्षित है, जिसकी तिथि 15 जनवरी, 2024 को निर्धारित की गई है।

अतः सर्वसाधारण जो प्रभावित है (जुगेहड़, रछियालू, भडोत, क्योडी, भेडी, ढुगियारी खास, गगल खास, झिकली इच्छी, बरसवालकड, गुगरेहड, सहौडा, सनौर, बाग, बल्ला के ग्रामवासी) प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप में, को सूचित किया जाता है कि आप उपरोक्त दर्शाई गई तिथि को संबंधित पंचायत घर में जनसुनवाई में भाग लेने हेतु आमंत्रित है। पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन योजना के प्रारूप की प्रति संबंधित पटवार खाना, कानूनगो भवन, तहसील कार्यालय, एसडीएम एवं डीसी में समीक्षा हेतु भी उपलब्ध है। इसके अतिरिक्त प्रारूप योजना की प्रति www.hpkangra.nic.in पर भी उपलब्ध है। प्रारूप संबंधी आवश्यक सुझाव (यदि कोई हो ) तो gaggalairport@gmail.com पर मेल द्वारा भी सूचित किया जा सकता है।

**कार्यक्रम** बैजनाथ में छात्रों ने धूमधाम से मनाया वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह

# भारती विद्यापीठ स्कूल में भांगड़े पर धमाल

**जितेंद्र कौशल, बैजनाथ**



कार्यक्रम के दौरान प्रस्तुतियां देते भारती विद्यापीठ स्कूल बैजनाथ के स्टूडेंट्स।

भारती विद्यापीठ स्कूल बैजनाथ द्वारा अपना वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह धूमधाम से आयोजित किया। स्कूल के नन्हें छात्रों ने एक से बढ़कर एक रंगारंग कार्यक्रम के साथ स्वच्छता अभियान, भांगड़ा, देश-भक्ति जैसे अनेक प्रकार के कार्यक्रम पेश कर सैकड़ों अभिभावकों के साथ लोगों का मनोरंजन किया।

इस मौके पर स्कूल के प्रबंध निदेशक नवनीत डोगरा ने आए हुए अभिभावकों को स्कूल की गतिविधियों से अवगत करवाया। इस मौके पर उन्होंने बच्चों द्वारा प्रस्तुत किए गए रंगारंग कार्यक्रम की सराहना की। उन्होंने कहा कि स्कूल प्रबंधन कम फीस लेकर जहां बच्चों को अच्छी शिक्षा प्रदान कर रहा है। वहीं, स्कूल में कार्यरत शिक्षकों स्टाफ को भी समान जनक वेतन उपलब्ध करवा रहा है। उन्होंने कहा कि स्कूल के संस्थापक स्व. डोगरा जी का एक उद्देश्य था कि इलाके के छोटा सा परिवार भी अपने बच्चों को अच्छी पढ़ाई करवाए। आज उसी अनुरूप भारती विद्यापीठ में एक आम परिवार तक के बच्चे भी शिक्षा ग्रहण कर अच्छा जीवन यापन कर रहे हैं। आज इस स्कूल से शिक्षा ग्रहण कर चुके बच्चे देश ही नहीं बल्कि विदेशों में जा कर समान जनक जीवन यापन कर रहे हैं। उन्होंने पंडाल में मौजूद सभी अभिभावकों से कहा कि वह अपने बच्चों को पढ़ाई के साथ अपने साथ घर के काम करने की आदत डालें, न की बिस्तर पर बिठा कर उन्हें खाना दें। छात्रों को नशे जैसी बुरी आदतों से दूर रहना चाहिए। इस मौके पर मेधावी छात्रों पुरस्कार देकर सम्मानित किया। (अनंत ज्ञान)

# विपक्षी गठबंधन का सरदार कौन ?

**अगले** साल 2024 में होने वाले लोकसभा चुनाव का माहौल अभी से बनना शुरू हो गया है। विपक्षी गठबंधन के 28 घटक दलों ने चुनावी रण में केंद्र की सत्ता से नरेंद्र मोदी की सरकार को उखाड़ फेंकने के लिए बड़े जोर–शोर से चौथी मीटिंग की। करीब तीन घंटे तक चली मीटिंग में काफी मंथन हुआ। बैठक में गठबंधन का संयोजक कौन होगा? गठबंधन में एकजुटता बनी रहेगी? गठबंधन का चेहरा कौन होगा और सीट शेयरिंग का मंत्र क्या है आदि मसले उठे। मीटिंग खत्म हुई, तो पहले सवाल का जवाब सामने आ गया। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने बताया कि चेहरा नहीं, बल्कि 2024 के आम चुनाव में गठबंधन की जीत सबसे अहम होगी। यदि गठबंधन के पास सीटें ज्यादा नहीं होंगी, तो पीएम पद के चेहरे पर बात करना बेमानी होगी। उनके इस तर्क से कांग्रेस की नीति और नीयत दोनों स्पष्ट हो गई। खड़गे को पीएम पद का चेहरा घोषित करने की बात पर गठबंधन के इस फार्मूले पर तकरीबन सभी दल सहमत नजर आए। खड़गे ने सीट शेयरिंग को लेकर भी स्पष्ट रूप से कह दिया कि सब मिलकर इसका हल निकालेंगे। राज्यों में दूसरी पार्टियों के साथ तालमेल बिठाया जाएगा और जहां दिक्कत है, वहां समझौता किया जाएगा। जिन राज्यों में क्षेत्रिय पार्टियां हैं, उन राज्यों में सुलह का रोडमैप तैयार किया गया। गठबंधन के संयोजक पर फिलहाल फैसला नहीं हो पाया है। वहीं, भाजपा ने चुनाव के लिए कमर कस ली है। वह तीन राज्यों के फार्मूले से 2024 फतह करना चाहती है। इसके लिए उसने एक खास प्लान बनाया है। भाजपा लोकसभा चुनाव में हारी या कमजोर 160 सीटों पर जनवरी में उम्मीदवारों की घोषणा कर सकती है। इन सीटों पर भाजपा को मजबूत करने के लिए पिछले दो साल से काम चल रहा है। भाजपा के प्रचार की कमान पीएम मोदी खुद संभालेंगे। मोदी हर राज्य में दो से तीन दिन जाएंगे। जनता से सीधे सवाल पूछे जाएंगे। सरकारी योजनाओं के क्रियान्वयन आदि के बारे में जनता का सीधा फीडबैक मांगा गया है। इस तरह भाजपा सियासी बाजी मारने की रणनीति पर काम कर रही है। सबसे बड़ा सवाल यह है कि विपक्षी गठबंधन के रथ का सारथी आखिर कौन होगा? कांग्रेस ने हाल ही में हुए पांच राज्यों के विधानसभा चुनावों में राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा को भुनाने की कोशिश हुई, लेकिन कामयाब नहीं हो पाई। जहां से शुरुआत की, वहीं सबसे बड़ी हार हो गई। दरअसल, भारत जोड़ो यात्रा की शुरुआत मध्य प्रदेश से हुई थी, लेकिन कांग्रेस की सबसे बुरी पराजय मध्य प्रदेश में हो गई। कांग्रेस के भरोसे को यहीं सबसे ज्यादा चोट पहुंची। मध्य प्रदेश के अलावा कांग्रेस को राजस्थान और छत्तीसगढ़ के मजबूत किले भी गंवाने पड़े हैं। अगर भाजपा को हराना है तो कांग्रेस को बड़े निर्णय लेने होंगे। नए मित्रों को गठबंधन में शामिल करना बेहद जरूरी है। कांग्रेस को अपने इतिहास से सबक लेने की जरूरत है तभी विपक्षी गठबंधन चल सकता है।

# शतरंज की शान भाई–बहन ने दुनिया में बनाई पहचान

पहली बार कोई भाई-बहन ग्रैंडमास्टर की जोड़ी पुरुष व महिला कैंडिडेट्स टूर्नामेंट के लिए भी क्वालीफाई हुई, जिस पर हर भारतीय को गर्व है। विशेषकर, इनके पिता रमेश बाबू व माता नागलक्ष्मी बधाई के पात्र हैं। इनकी कुर्बानियां आज देश को गौरवान्वित कर रही हैं। रमेश बाबू स्वयं भी एक शतरंज खिलाड़ी हैं और बच्चों के जीवन काल के शुरुआती दौर में इन्हें मोबाइल से दूर रखने के लिए शतरंज खेल से जोड़ा। बच्चों की खेल में रुचि बढ़ी जो आज पूरे युवाओं के लिए प्रेरणास्रोत बन गए हैं। दुनिया में सबसे कम उम्र का रेटेड खिलाड़ी, पांच वर्षीय तेजस भी भारतीय युवा हैं। मानसिक संवर्धन के इस खेल की लोकप्रियता पूरे भारत के साथ धीरे-धीरे हर राज्य के स्कूली खेलों में भी बढ़ने लगी है। फीडे वर्ल्ड चेस चैंपियनशिप आगामी वर्ष 2024 में होनी तय है, मगर इसका स्थान व दिनांक अभी तक फीडे को निश्चित करनी बाकी है। बहरहाल, हर भारतीय इस भाई-बहन की ग्रैंडमास्टर जोड़ी से बेहद प्रोत्साहित है व भारतीय शतरंज को इन युवाओं से आने वाले समय में वैश्विक स्तर पर विशेष उपलब्धि की पूर्ण उम्मीद है।



लेखक
हंसराज ठाकुर
प्रवक्ता– भौतिक शास्त्र
गांव : बग्गी, बल्ह, जिला मंडी

**भारत** पूरे विश्व को शह–मात के दिमागी खेल से रू–ब–रू करवाने वाला देश है। बेशक, समय के साथ खेल के नाम, स्वरूप व नियमों में आवश्यक बदलावरा हुए। आज विश्व भर में 84 भारतीयों सहित लगभग 2000 शतरंज ग्रैंडमास्टर है, जिनमें तीन भारतीय महिला खिलाड़ियों समेत 40 महिला खिलाड़ी ग्रैंडमास्टर हैं। आज पूरे विश्व में भारतीय युवा भाई–बहन की जोड़ी ने शतरंज के खेल में भारत का सिर गर्व से ऊंचा किया है। वैसे तो, वैश्विक पटल पर भारतीय शतरंज की साख भारत के पहले ग्रैंडमास्टर और पांच बार की विश्व विजेता विश्वनाथन आनंद है, जो 'इंडियन टाइगर' के नाम से विख्यात है, उन्हीं के समय से यह रुतबा बरकरार है, लेकिन विश्व शतरंज की वर्तमान दौर में दो भारतीय युवा ग्रैंडमास्टर (भाई–बहन) प्रज्ञानंदा व आर वैशाली भारतीय शतरंज की विश्व मिसाल बने हैं, जिस पर हर भारतीय को गर्व है और शतरंज प्रेमियों में तो गजब का उत्साह है। चाहे अखिल भारतीय शतरंज संघ हो, चाहे राज्य शतरंज संघ हो, चाहे प्रधानमंत्री, खेलमंत्री, आईएसआरओ अध्यक्ष या अन्य सदस्य हैं।

वैश्विक उपलब्धि पर बधाइयों का तांता लग गया है। हो भी क्यों नहीं यह उपलब्धि कोई छोटी भी तो नहीं है। विश्व पटल पर पहली भारतीय भाई–बहन की जोड़ी ने ग्रैंडमास्टर बनकर विश्व में एक नया कीर्तिमान स्थापित किया है। मजेदार बात यह है कि दोनों विश्व कैंडिडेट में खेलने वाले पहले भारतीय या विश्व के पहले भाई–बहन भी बन चुके हैं, जहां से विजेता को विश्व चैंपियनशिप में प्रतिभागिता का मौका मिलेगा और वर्तमान विश्व शतरंज चैंपियन डिंग लिरेन से खेलने का मौका मिलेगा। यहीं से नया विश्व शतरंज चैंपियन सामने आएगा। नेपोमिनियाची दो बार विश्व चैंपियन बनने से चुक गए। पहली बार मैग्नस कार्लसन से और दूसरी बार जब कार्लसन स्वेच्छा से विश्व चैंपियनशिप से हट गए, तो नेपो–डिंग लिरेन से हार गए। फिलहाल, भारतीय युवा तेजी से ग्रैंडमास्टर बनते जा रहे हैं और विश्वनाथन आनंद, विदित गुजराती के अलावा तीन भारतीय युवा सुपर ग्रैंडमास्टर की श्रेणी में बने हैं। प्रज्ञानंदा, अर्जुन इरिगासी व डीगुकेश और विश्वनाथन आनंद के बाद पहली बार फीडे कैंडिडेट्स में पहुंचने वाले भाई–बहन प्रज्ञानंदा व आर. वैशाली के बाद विदित गुजराती तीसरे भारतीय ग्रैंडमास्टर कैंडिडेट्स के लिए क्वालीफाई कर चुके हैं। वहीं, अभी लंदन में लंदन क्लासिक शतरंज प्रतियोगिता चल रही है और भारतीय युवा डी गुकेश बेहतर करते नजर आ रहे हैं। साल 2014 में विश्वनाथन आनंद भी यह प्रतिष्ठित प्रतियोगिता जीत चुके हैं। यदि गुकेश इस प्रतियोगिता को जीत जाते हैं, तो फीडे कैंडिडेट्स में पहुंचने वाले चौथे भारतीय बन जाएंगे, जो एक नया विश्व कीर्तिमान भी बन सकता है। फिलहाल, भारतीय शतरंज महासंघ भी इन युवा खिलाड़ियों को उभारने में कोई कोर–कसर नहीं रखना चाहता, क्योंकि विश्वनाथन आनंद के बाद कोई विश्व चैंपियन भारत से होगा, तो निकट भविष्य में इन्हीं युवाओं से पूर्ण उम्मीद है और वो भी क्यों नहीं? क्योंकि इन युवाओं ने विश्व शतरंज जगत में सनसनी जो फैला रखी है। चैलेंजर्स कैंडिडेट्स टूर्नामेंट अप्रैल 2024 में टोरंटो में खेला जाएगा। इसके लिए विश्व कप से मैग्नस कार्लसन, प्रज्ञानंदा व फाबिआनो कारुआना तथा ग्रैंड स्विस टूर्नामेंट से विदित गुजराती व नाकामुरा, पहले ही क्वालीफाई कर चुके हैं। इन पांच खिलाड़ियों के अलावा विश्व चैंपियनशिप के उपविजेता नेपोमिनियाशी कैंडिडेट्स के छठे खिलाड़ी हैं। सातवां खिलाड़ी विश्व सर्वश्रेष्ठ रेटिंग के आधार पर चुना जाएगा और आठवां खिलाड़ी फीडे सर्किट टूर्नामेंट का विजेता होगा। इस कड़ी में गुकेश की लंदन क्लासिक प्रतियोगिता की जीत यह स्थान निश्चित कर सकती है। 10 अगस्त, 2005 को जन्मे चेन्नई के आर प्रज्ञानंदा, अभिमन्यु मिश्रा के बाद ग्रैंडमास्टर बनने वाले दूसरे भारतीय सबसे युवा खिलाड़ी हैं। वर्ष 2018 में 12 वर्ष 10 महीने व 13 दिन के प्रज्ञानंदा भारत के 52 वें ग्रैंडमास्टर बने थे। प्रज्ञानंदा की सर्वोच्च ईएलओ रेटिंग 2741 रही है और विश्व रैंकिंग में 13 वें स्थान तक भी पहुंच गए थे।



मात्र 10 वर्ष 10 महीने और 19 दिन की आयु में, विश्व शतरंज के इतिहास में सबसे कम उम्र के इंटरनेशनल मास्टर बने व ग्रैंडमास्टर का खिताब हासिल करने वाले विश्व के पांचवें सबसे कम उम्र के खिलाड़ी हैं। वर्ष 2019 में अंडर–19 आयु वर्ग में विश्व युवा शतरंज चैंपियनशिप जीती। 22 फरवरी, 2022 में शतरंज खेल के किसी भी समय प्रारूप में विश्व चैंपियन मैग्नस कार्लसन के खिलाफ एक गेम जीतने वाले, विश्वनाथन आनंद व हरीकृष्णा के बाद तीसरे भारतीय बने। दोहा के कतर मास्टर 2023 में चौथे भारतीय ग्रैंडमास्टर मुरली कार्तिकेयन ने सातवें दौर की बाजी में मैगनस कार्लसन को क्लासिकल शतरंज में हराकर उल्ट फेर किया। इससे पहले क्लासिकल शतरंज में विश्वनाथन आनंद ने ही मैगनस कार्लसन को हराया था। मई 2022 में चेसेबल मास्टर्स ऑनलाइन रैपिड शतरंज टूर्नामेंट में प्रज्ञानंदा ने कार्लसन को एक बार फिर हराया और एफ टी एक्स क्रिप्टो कप में कार्लसन को तीन बार हराया व फाइनल स्टैंडिंग में कार्लसन के बाद दूसरे स्थान पर रहे। यहीं से विश्व चैंपियन कार्लसन के साथ खेलने व जीतने का मनोबल बढ़ा और विश्व कप में अंतिम चरण तक शानदार खेल जारी रखते हुए फीडे कैंडिडेट्स में जगह बनाई। फीडे विश्व कप में रजत पदक जीतने पर तमिलनाडु के मुख्यमंत्री ने प्रज्ञानंदा को तीस लाख रुपए और स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया, जो युवा शतरंज खिलाड़ियों के लिए प्रेरणास्पद है। वहीं, प्रज्ञानंदा की बड़ी बहन 21 जून, 2001 को जन्मीं 22 वर्षीय रमेश बाबू वैशाली शतरंज महिला खिलाड़ी ने स्पेन की एल लोब्रेगाट ओपन में भारत की 84 वीं व तीसरी महिला ग्रैंडमास्टर बनने का गौरव प्राप्त किया। इसी के साथ भारतीय युवा भाई बहन ग्रैंडमास्टर की जोड़ी ने विश्व के पहले भाई बहन ग्रैंडमास्टर बनकर एक नया शतरंज कीर्तिमान स्थापित किया। इतना ही नहीं, पहली बार कोई भाई–बहन ग्रैंडमास्टर की जोड़ी पुरुष व महिला कैंडिडेट्स टूर्नामेंट के लिए भी क्वालीफाई हुई, जिस पर हर भारतीय को गर्व है।

विशेषकर, इनके पिता रमेश बाबू व माता नागलक्ष्मी बधाई के पात्र हैं। इनकी कुर्बानियां आज देश को गौरवान्वित कर रही हैं। रमेश बाबू स्वयं भी एक शतरंज खिलाड़ी हैं और बच्चों के जीवन काल के शुरुआती दौर में इन्हें मोबाइल से दूर रखने के लिए शतरंज खेल से जोड़ा। बच्चों की खेल में रुचि बढ़ी जो आज पूरे युवाओं के लिए प्रेरणास्त्रोत बन गए हैं। दुनिया में सबसे कम उम्र का रेटेड खिलाड़ी, पांच वर्षीय तेजस भी भारतीय युवा हैं। मानसिक संवर्धन के इस खेल की लोकप्रियता पूरे भारत के साथ धीरे–धीरे हर राज्य के स्कूली खेलों में भी बढ़ने लगी है। फीडे वर्ल्ड चेस चैंपियनशिप आगामी वर्ष 2024 में होनी तय है, मगर इसका स्थान व दिनांक अभी तक फीडे को निश्चित करनी बाकी है। बहरहाल, हर भारतीय इस भाई–बहन की ग्रैंडमास्टर जोड़ी से बेहद प्रोत्साहित है व भारतीय शतरंज को इन युवाओं से आने वाले समय में वैश्विक स्तर पर विशेष उपलब्धि की पूर्ण उम्मीद है।

## बोलता है कैमरा...



शिमला। डीएवी पब्लिक स्कूल लक्कड़ बाजार ने गेयटी सभागार में फेयरवेल पार्टी का आयोजन किया। इस दौरान स्टूडेंट्स ने सांस्कृतिक कार्यक्रम भी पेश किए। कार्यक्रम में प्रधानाचार्य व शिक्षकों के साथ स्टूडेंट्स।

## प्रेरक कथा



## ईमानदार गरीब

**सीलोन** में एक जड़ी–बूटी बेचकर गुजारा करने वाला व्यक्ति रहता था। उसका नाम महता शैसा था। उसके घर की आर्थिक स्थिति बहुत ही खराब थी, कई–कई दिन भूखा रहना पड़ता। उनकी माता चक्की पीसने की मजदूरी करती और बहन फूल बेचती, तब कहीं गुजारा हो पाता। ऐसी गरीबी में भी उनकी नीयत में ईमानदारी थी। महता एक दिन एक बगीचे में जड़ी–बूटी खोद रहे थे कि उन्हें अशर्फियों से भरे हुए कई घड़े दिखाई दिए। उनके मन में दूसरे की चीज पर जरा भी लालच न आया और मिट्टी से ज्यों का त्यों ढक कर बगीचे के मालिक के पास पहुंचे और उसे अशर्फियां गड़े होने की सूचना दी। बगीचे के मालिक लरोटा की आर्थिक स्थिति भी बहुत खराब हो चली थी। कर्जदार उसे तंग किया करते थे। इतना धन पाकर उसकी खुशी का ठिकाना न रहा। सूचना देने वाले शैसा को उसने चार सौ अशर्फियां पुरस्कार में देनी चाहीं, पर उसने उन्हें लेने से इनकार कर दिया और कहा, 'इसमें पुरस्कार लेने जैसी कोई बात नहीं, मैंने तो अपना कर्तव्य मात्र पूरा किया है।' बहुत दिन बाद लरोटा ने अपनी बहन की शादी शैसा से कर दी और दहेज में कुछ धन देना चाहा। शैसा ने वह भी न लिया और अपने हाथ–पैर की मजदूरी करके दिन गुजारे।

# चुवाड़ी में नाग देवता का वास, आस्था व रहस्य से भरा इतिहास

हिमाचल प्रदेश को देवभूमि कहा जाता है, क्योंकि यहां आपको हर एक कोने में किसी न किसी देवता का वास देखने को मिलेगा। हिमाचल प्रदेश के हर जिले में किसी न किसी विशेष स्थान पर हर देवता की अलग–अलग संस्कृति से उनकी पूजा की जाती है। चुवाड़ी में या यह कहे की भटियात को नाग भूमि से कहा जाता है, क्योंकि हर कोने में नाग देवता का वास देखने को मिलता है। मैं बात कर रहा हूं चुवाड़ी के आसपास बसे नागों की चुवाड़ी की, जिसे नाग भूमि कहा जाता है। चुवाड़ी के मध्य में नाग मढ़ौर व उसके सामने बाली पहाड़ी पर नाग विंतरू महाराज का मंदिर है। नाग विंतरू के सामने वाली पहाड़ी पर नाग सुंडल जी का मंदिर है। जोत के दूसरी तरफ खज्जियार में खज्जी नाग का मंदिर है। साथ में समोट के साथ लगती पहाड़ी में नाग छतरार का मंदिर है।

पौराणिक कथा के अनुसार, ये सभी नाग भाई थे। एक बार ये खेल रहे थे। सभी को प्यास लगती तो पानी की तलाश में चले जाते। कहा जाता है कि सबसे बड़े भाई खज्जी ने सभी को पानी लाने के लिए भेजा, लेकिन जहां उनको पानी मिला। वे सब जगह पर निवास कर गए, लेकिन खज्जी, जो आज के समय में खज्जियार है, वहां रुक गए। आज सभी जगह मंदिर बना दिए गए हैं। नाग मढ़ौर देवता की बात करें, तो चुवाड़ी के आसपास के कंथली व जंगला गांव के लोग बारिश के लिए नाग मंदिर में पूरी रात कीर्तन करते हैं और एक रस्म के अनुसार, बलि दी जाती है। कहा जाता है कि नाग मंदिर में कभी झोटा( भैंसा) की बलि दी जाती थी। उस समय के उपमंडल अधिकारी ने रोक लगा दी। रात को जब वह सोने गए तो उन्हें अपने बिस्तर के आसपास नाग ही नाग दिखाई दिए। अगली सुबह उन्होंने इस प्रथा को दोबारा शुरू करने के आदेश दिए। सितंबर महीने में नाग मंदिर में नाग देवता के पुजारी सात दिन जातर का आयोजन करते हैं, जिसमें उनके भाई नाग विंतरू को बुलाया जाता है। उनके बंजतरी और गुर नाग विंतरू से होते हुए बनेट के रस्ते से आकर नाग मढ़ौर में अपने भाई से मिलते हैं। वहां से वह अपने क्षेत्र के लोगों को सुख का आशीर्वाद देते हैं।



लेखक : रविंद्र परमार
शोधार्थी, हिमाचल प्रदेश केंद्रीय विश्वविद्यालय।
मोबाइल : 8278704847

पौराणिक कथा के अनुसार, ये सभी नाग भाई थे। एक बार ये खेल रहे थे। सभी को प्यास लगती तो पानी की तलाश में चले जाते। कहा जाता है कि सबसे बड़े भाई खज्जी ने सभी को पानी लाने के लिए भेजा, लेकिन जहां उनको पानी मिला। वे सब जगह पर निवास कर गए, लेकिन खज्जी, जो आज के समय में खज्जियार है, वहां रुक गए।



जहां नाग विंतरू देवता का मंदिर है, वह स्थान काफी सुंदर है। यहां एक मंदिर के साथ ही एक छोटी से सुरंग है। जिस सुरंग में लोग अपने दुख–दर्द को देवता का अनुसरण करते हैं। उनको उस दुख से निजात मिल जाता है। उस स्थान तक पहुंचने के लिए आपको चुवाड़ी से गगाहर स्थान तक बस या अपनी गाड़ी के माध्यम से पहुंचना पड़ेगा। उसके बाद आठ किलोमीटर तक पैदल रास्ता है। नाग सुंडल देवता का मंदिर जोत से 12 किलोमीटर पीछे है। यहां तक पहुंचने के लिए चार किलोमीटर पैदल रास्ता है। यह स्थान बहुत ही सुंदर है। यहां स्थानीय लोग छिंज मेले का आयोजन हर साल करते हैं।

इस मंदिर का जीर्णोद्धार हो चुका है। साथ ही हर साल नाग पंचमी के दिन यहां नाग देवता की पूजा की जाती है। नाग छतरार समोट से सटी पंचायत सुरपड़ा में है। इस स्थान तक पहुंचने के लिए तला गांव तक छोटी गाड़ी के जरिए पहुंच सकते हैं। इसके बाद पैदल रास्ते से मंदिर पहुंच सकते हैं। यह स्थान बहुत सुंदर है और दिसंबर के अंत तक बर्फ से ढक जाता है। यहां स्थानीय लोगों ने कई रस्में बनाई हैं, जिसमें नाग देवता को खुश किया जाता है और नाग देवता का आशीर्वाद हमेशा चुवाड़ी के लोगों पर रहा है। इन सभी नाग मंदिरों तक मध्यम श्रेणी के ट्रेक से पहुंचा जा सकता है, जो घनी झाड़ियों, पत्थरों और संकीर्ण रास्तों से होकर गुजरता है। यहां पहुंचकर प्राकृतिक सुंदरता से भरी वादियों का लोग लुप्त उठा सकते हैं।

# बच्चियां सुरक्षित नहीं, क्यों खुल रही हैं व्यभिचार की साइट्स ?



## ब्लॉगर


लेखक: नरेंद्र भारती
(स्वतंत्र पत्रकार, मंडी, मो: 9459047744)

यह कॉलम ब्लॉगर के लिए है। इस व्हाट्सऐप नंबर 9882400808 पर भेजें।

**प्रदेश** में चार दिसंबर, 2023 का वो काला दिन जब एक सड़क हादसे में 11 लोगों की मौत हो गई। एक ही दिन में तीन सड़क हादसे हुए। शिमला जिले के सुन्नी में एक पिकअप गहरी खाई में गिर गई और छह लोगों की मौत हो गई। मरने वालों में जम्मू–कश्मीर के चार लोगों की मौत हो गई।

यह चारों एक ही गांव के रहने वाले थे और सप्ताह पहले ही सुन्नी आए थे। दूसरा हादसा ददाहू संगड़ाह मार्ग पर एक टिप्पर खाई में गिर गया, जिसमें दो लोगों की मौत हो गई और दो लोग घायल हो गए। तीसरा हादसा मंडी जिले के गोहर के केलोधार में हुआ। शादी समारोह में भाग लेकर जंजैहली लौट रहे तीन लोगों की कार खाई में गिर गई और तीनों की मौत हो गई। इस हादसे में दो घायल हो गए और पति–पत्नी की मौत हो गई। हिमाचल प्रदेश में सड़क हादसे बढ़ते जा रहे हैं। साल 2023 के नवंबर महीने में हजारों लोग मौत के मुंह में समा गए। दो नवंबर, 2023 को करवा चौथ के दिन मंडी और बिलासपुर में दो सड़क हादसों में तीन महिलाओं समेत छह की मौत हो गई थी और आठ लोग घायल हो गए थे। यह बहुत ही दर्दनाक हादसा था, जो असमय इतनी जिंदगियां लील गया था। करवा चौथ के दिन हुआ यह हादसा कभी नहीं भुलेगा। हिमाचल में जनवरी 2023 से लेकर अक्तूबर दस महीनों में कई हादसों लोग अपनी जान गंवा चुके हैं। यह सिलसिला थमनें का नाम नहीं ले रहा है। साल 2022 में भी कई सड़क हादसों ने लोगों की जिंदगी लील ली। प्रतिवर्ष हजारों लोग हादसों का शिकार होते हैं और इतने ही घायल होते हैं। पहाड़ी राज्य हिमाचल में ज्यादातर लापरवाही सड़क हादसों का कारण बन रही है। लोग जरा सी सावधनी बरतें तो हादसों को रोका जा सकता है और अनमोल जीवन को बचाया जा सकता है।

अमूमन देखा गया है कि निजी बसों के कारण ज्यादातर हादसे हो रहे हैं, वहीं मोबाइल भी हादसों का बड़ा कारण बन रहा है। गाड़ी चलाते वक्त मोबाइल के प्रयोग पर प्रतिबंध, लेकिन इस पर अमल नहीं हो पा रहा है। वहीं निजी बसों में ओवरलोडिंग भी बड़ा कारण है। ऐसे लोग जिंदगी के साथ खिलवाड़ करते हैं। चंद चांदी के सिक्कों की खातिर परिचालक बसों में अपेक्षा से अधिक यात्रियों को बिठाते हैं और खुद मौत को निमंत्रण देते हैं। ओवरलोडिंग बसें सड़कों पर मौत बनकर दौड़ रही हैं। ऐसे वाहनों पर सख्ती बहुत जरूरी है, ताकि अनमोल जिंदगियों को बचाया जा सके। हर जिले के प्रशासन को ऐसी बसों पर सख्ती से कार्रवाई करनी चाहिए, लेकिन सड़कों पर बेखौफ दौड़ रहीं ओवरलोडिंग बसें मौत को निमंत्रण देती हैं। ऐसे में लोगों को भी ऐसी बसों पर सफर करने से बचना चाहिए। क्योंकि किराये में रियायत के लालच में कई लोग ओवरलोडिंग निजी बसों पर सफर करते हैं, वहीं ये बसें भी लोगों की जान जोखिम में डालकर ओवरलोडिंग बसों को सड़कों पर दौड़ाते हैं।



# आपका पत्र

**तारीफ,** आत्मविश्वास को बढ़ाने में मदद कर सकती है। खासकर, बच्चों के लिए यह बहुत मायने रखता है। हालांकि, कई माता–पिता जानकारी के अभाव में बच्चे की प्रशंसा सही तरीके से नहीं कर पाते हैं, जिस वजह से उनका मनोबल ठीक से नहीं बढ़ पाता है। प्रशंसा का बच्चों पर सकारात्मक प्रभाव पड़ सकता है। इससे उन्हें प्रेरणा मिल सकती है और आत्मविश्वास को बढ़ावा मिल सकता है। दरअसल, जब माता–पिता अपने बच्चे की प्रशंसा करते हैं, तो इससे उन्हें यह पता चल पाता है कि उनका कौन सा व्यवहार उन्हें पसंद है। इससे बच्चा उन्हीं व्यवहारों को बार–बार करने का प्रयास करने लगता है। इससे बच्चों में अच्छी आदतों का विकास हो सकता है। अपनी तारीफ सुनना हर बच्चे को पसंद होता है, लेकिन अगर उनकी तारीफ हद से ज्यादा की जाए, तो यह उनके लिए नुकसानदायक साबित हो सकता है। अगर बच्चों की अत्यधिक प्रशंसा की जाए, तो इससे वे अपना निर्णय लेना भूल सकते हैं। हर काम वे यही सोचकर करने लगते हैं कि दूसरे उनके बारे में क्या सोचते हैं या वे दूसरों से क्या प्रतिक्रिया प्राप्त कर सकते हैं। अगर कुछ अच्छा करने पर बच्चे की अत्यधिक प्रशंसा की जाती है, तो इससे बच्चे के मन में यह बैठ सकता है कि वह जो भी काम करे, उसमें उसे ही सर्वश्रेष्ठ होना चाहिए। ऐसे में, अगर बच्चा कभी किसी विशेष कार्य में असफल हो जाता है, तो उससे उबरने में उसे कठिनाई हो सकती है।

–अजय शर्मा, कांगड़ा।

यह कॉलम आपके लिए है। कृपया अपनी समस्याएं इस व्हाट्सऐप नंबर 9882400808 पर भेजें।

# भाजपा ने मेडिकल कॉलेज चंबा के बाहर किया प्रदर्शन

## राज्य सरकार, स्वास्थ्य मंत्री व सदर विधायक के खिलाफ जमकर की नारेबाजी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, चंबा**

स्वास्थ्य असुविधाओं को लेकर भाजपा प्रदेश सचिव जय सिंह की अगुआई में पंडित जवाहर लाल मेडिकल कॉलेज एवं चिकित्सालय चंबा परिसर में जोरदार प्रदर्शन राज्य सरकार, स्वास्थ्य मंत्री व सदर विधायक चंबा के विरुद्ध किया गया। इस अवसर पर भाजपा प्रदेश महिला विंग सदस्य धनोदेवी, प्रदेश भाजपा कार्यकारिणी सदस्य जसवीर नागपाल सहित कई पदाधिकारियों ने अपनी उपस्थिति दर्ज करवाई।



पंडित जवाहर लाल मेडिकल कॉलेज एवं चिकित्सालय चंबा के बाहर प्रदर्शन करते भाजपा पदाधिकारी।

इस अवसर पर भाजपा प्रदेश सचिव जय सिंह ने राज्य सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि मुख्यमंत्री अपने दौरों को लेकर उड़नखटोले से यात्रा करने में मसरूफ हैं। वहीं सरकार द्वारा स्वास्थ्य को लेकर की जा रही घोषणाएं एकदम कोरी है। जिसका उदाहरण चंबा जिला में स्थित मेडिकल कॉलेज एवं चिकित्सालय है। जहां रोगियों को मिलने वाली मूलभूत स्वास्थ्य सुविधाएं तक कई महीनों से प्राप्त नहीं हो रही है।

मुख्यमंत्री, स्वास्थ्य मंत्री सहित चंबा सदर के विधायक बयान दे रहे हैं कि पंडित जवाहर लाल मेडिकल कॉलेज एवं चिकित्सालय को करीब 170 करोड़ रुपए प्रदान किए हैं। वहीं चिकित्सकों के अभाव पर 40 चिकित्सकों की तैनाती का हवाला दे रहें है, जबकि जमीनी हकीकत में चिकित्सालय पहुंचने वाले रोगियों को ग्लूकोज, कैनुनला सहित अन्य कई जीवन रक्षक दवाइयां तक प्राप्त नहीं हो रही हैं। वहीं चिकित्सकों के अभाव से रोगी रेफर किए जा रहे है। इसके अतिरिक्त कोविड सेवाओं से बाहर किए कर्मचारियों को निकालने के तीन से चार माह गुजर जाने के बाद भी उनका तीन-तीन माह का रुका वेतन तक जारी नहीं किया जा रहा है। उन्होंने सदर विधायक नीरज नैयर को चेतावनी देते हुए कहा कि झूठे ब्यान देने की बजाय वह धर्मशाला सत्र दौरान मुख्यमंत्री सुक्खू समक्ष पंडित जवाहर लाल मेडिकल कॉलेज एवं चिकित्सालय चंबा में चल रहे अभावों व आवश्यकताओं को प्रमुखता से उठाएं अन्यथा भाजपा चंबा द्वारा उनका घेराव करने व उनके खिलाफ मोर्चा खोलने से भी गुरेज नहीं किया जाएगा।

# चुवाड़ी वासियों को लावारिस पशुओं से कब मिलेगी निजात



चुवाड़ी के मुख्य बाजार में घूमते लावारिस पशु जो कभी भी वाहन चालकों और राहगीरों के लिए मुसीबत बन सकते हैं।

**अनंत ज्ञान, चुवाड़ी**


भटियात विधानसभा क्षेत्र के उपमंडल चुवाड़ी मुख्य मार्ग में बेलगाम घूमने वाले लावारिस पशुओं से कब लोग राहत की सांस लेंगे। यह सवाल शहर के हर दूसरे नागरिक की जुबां पर है। राहगीरों की परेशानी का आलम यह है कि उपमंडल चुवाड़ी का कोई ऐसा स्थल नहीं है जहां इन लावारिस पशुओं का बोलबाला न हो, हालांकि इस दिशा में जिला प्रशासन व संबंधी विभाग कई अधिकारिक बैठकों में लावारिस पशुओं से राहत दिलावने की योजनाएं व घोषणाएं कर चुके हैं। मगर परिस्थितियां जस की तस बरकरार है। जिसके चलते लोगों को इन लावारिस पशुओं के आतंक को रोजना झेलना पड़ रहा है।

चुवाड़ी वासियों ने कई बार उक्त समस्या संबंधी विभाग अधिकारियों समक्ष गुहार भी लगाई है, लेकिन इसके बावजूद लोगों को इस दिशा में कोई राहत नहीं मिल रही है। चुवाड़ी वासियों में रोशन लाल, प्रेम चंद, अविनाश, मनोज आदि का कहना है कि पिछले कुछ माह से इन लावारिस पशुओं की गिनती कम होने के बजाय बढ़ती ही जा रही है। उन्होंने कहा कि खाद्य पदार्थों से लेकर कई कीमती वस्तुओं सहित फसलों को रोजाना नुकसान पहुंचा रहे हैं। इसके साथ ही उपमंडल प्रशासन भी इन लावारिस पशुओं को बीच सड़क व बीच बाजार में बैठा देख इन्हें नजर अंदाज कर रहा है। हैरानी की बात की है कि गोसदन खुलने के बावजूद लावारिस पशुओं का बोलबाला खत्म नहीं हो पा रहा है। जिसके चलते स्थानीय लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि इस दिशा में जल्द से जल्द उचित कदम उठा चुवाड़ी व राहगीरों वासियों को लावारिस पशुओं के उत्पात से राहत दिलवाई जाए।

**लोगों ने अपनी जमीन, मकान व सेब के पौधे उखड़वा कर पेश की मिसाल**

# 25 वर्ष बाद गरीमा से डुंडारडा पहुंची सड़क





सड़क का कार्य करती मशीन (दाएं) मौके पर सहायक अभियंता सड़क का निरीक्षण करते हुए।

**ओपी शर्मा, भरमौर**

हिमाचल प्रदेश लोक निर्माण विभाग मंडल भरमौर ने 25 वर्ष बाद खणी पंचायत के गरीमा से डुंडारडा तक सड़क पहुंचा दी है। इस गांव तक सड़क पहुंचने पर पूरे क्षेत्र में खुशी की लहर है। पीडब्ल्यूडी विभाग के एसडीओ विशाल चौधरी ने एक और गांव में सड़क पहुंचकर कीर्तिमान अपने नाम किया है। जानकारी के अनुसार इस सड़क का काम साल 1998 में शुरू हुआ था। गांव गरिमा से आगे लोगों की प्राइवेट जमीन मकान व सेब के पेड़ आने के कारण इस सड़क का काम कई वर्षों तक रुका रहा।

इस सड़क के निर्माण के दौरान एसडीओ विशाल चौधरी का योगदान कभी भी नहीं बुलाया जा सकता है, जिन्होंने इस सड़क निर्माण के दौरान दिन-रात एक किया व अपने स्तर पर प्रभावित परिवारों व लोगों को अपने स्तर राजी किया। पूर्व विधायक जियालाल कपूर ने इस सड़क को नाबार्ड के तहत डाला था लेकिन सड़क निर्माण के दौरान कुछ लोगों के मकान व सेब के पेड़ आ रहे थे। जिसके कारण इस सड़क का निर्माण अधर में ही लटका रहा। अब इस सड़क निर्माण के दौरान ग्राम पंचायत खणी के 10 गांव सीधे सड़क सुविधा से जुड़ गए हैं

गौरतलब है ग्राम पंचायत खनी का यह क्षेत्र सेब की बेल्ट के नाम से जाना जाता है, हालांकि इस सड़क सुविधा से खणी गांव को जोड़ने में अभी और समय लगेगा, लेकिन इस सड़क के निर्माण के दौरान सहायक अभियंता विशाल चौधरी के योगदान को कभी भी नहीं भुलाया जा सकता है। उन्होंने अपने स्तर पर लोगों को जमीन व मकान दान करने के लिए राजी किया वह उनका मान किया, जिसकी बदौलत यहां पर कई लोगों ने अपने मकान जमीन व सेब के पौधों को उखाड़ दिया है। जिसकी बदौलत आज यह गांव सड़क सुविधा से जुड़ गया है। (अनंत ज्ञान)

# मंगला स्कूल में किया सड़क सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन





सड़क सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम में उपस्थित स्टूडेंट्स तथा (दाएं) उपस्थित आरटीओ चंबा व अन्य।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, चंबा**

प्रेरणा द इंस्पिरेशन संस्था द्वारा राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय मंगला में सड़क सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें विशेष तौर पर सड़क परिवहन अधिकारी राम प्रकाश, एएसआई पुलिस चौकी सुल्तानपुर अशोक कुमार, विद्यालय प्रधानचार्य नरेंद्र भारद्वाज और सड़क सुरक्षा क्लब समन्वयक दीप्ति पूरी ने अपनी उपस्थिति दर्ज करवाई, जबकि प्रेरणा द इंस्पिरेशन संस्था संस्थापक दीपक भाटिया संस्था पदाधिकारियों व सदस्यों संग मौजूद रहे।

संस्था ने कार्यक्रम में सड़क परिवहन अधिकारी राम प्रकाश, एएसआई अशोक कुमार, प्रधानचार्य नरेंद्र भारद्वाज ने स्टूडेंट्स से यातायात से जुड़े नियमों का पालन करने के लिए स्टूडेंट्स व स्थानीय लोगों को जागरूक किया।

वहीं उन्होंने वाहन चालकों से यातायात के नियमों का पालन करने की अपील की गई। वहीं सड़क परिवहन कार्यालय से अमित ठाकुर ने बच्चों को सड़क दुर्घटना के बाद हमें कैसे किसी घायल व्यक्ति की मदद करनी चाहिए, इस पर विस्तारपूर्वक बताया गया। वहीं स्कूल में शिक्षक व सड़क सुरक्षा क्लब समन्वयक दीप्ति पुरी ने सड़क सुरक्षा पर हो रही दुर्घटनाओं से बचने के लिए किए जाने वाले उपायों व सड़क नियमों के पालन करने के बारे बच्चों बताया।

इस मौके पर सड़क परिवहन कार्यालय चंबा प्रभारी अमित ठाकुर, हेड कांस्टेबल चमन लाल, कांस्टेबल अजय कुमार, स्कूल शिक्षक अनुजा कटोच, पवन ठाकुर, पिंकी शर्मा, विश्व पठानिया, डालिमा चंद्रा, रजनी, राजेंद्र, प्रिया रंजन, मोहिंद्र, चमन लाल शास्त्री सहित स्टूडेंट्स भी मौजूद रहे।

# विभागीय योजनाओं की जानकारी के लिए लगेंगे विशेष शिविर : नवीन

**अनंत ज्ञान, भरमौर**

एकीकृत जनजातीय विकास परियोजना भरमौर के तहत अतिरिक्त उपायुक्त नवीन तंवर की अध्यक्षता में बुधवार को लघु सचिवालय पट्टी के सभागार में एक समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। इस दौरान परियोजना सलाहकार समिति की गत बैठक में लिए गए निर्णयों के तहत प्रगति को लेकर समीक्षा भी की गई। नवीन तंवर ने अंतर विभागीय समन्वय आधारित कार्य व्यवस्था को सुनिश्चित बनाने के साथ लंबित कार्यों में विशेष प्राथमिकता रखने को कहा। उन्होंने यह निर्देश भी दिए कि आवंटित बजट का समुचित सदुपयोग सुनिश्चित बनाया जाए।

अतिरिक्त उपायुक्त ने कहा कि चूंकि सरकार द्वारा जल कल्याण कार्यों के लिए विभिन्न योजनाओं के माध्यम से बजट का प्रावधान किया जाता है। ऐसे में सभी अधिकारियों द्वारा यह सुनिश्चित बनाया जाना चाहिए कि आवंटित बजट सरेंडर न हो। उन्होंने यह निर्देश भी दिए लंबित सभी कार्यों को पूर्ण करने प्राथमिकता सर्वप्रथम रखी जाए।

नवीन तंवर ने सरकार द्वारा कार्यान्वित की जा रही विभिन्न महत्वाकांक्षी योजनाओं की जानकारी और जागरूकता को लेकर विशेष शिविर लगाने को निर्देशित किया। साथ में उन्होंने निर्देश दिए कि एक सप्ताह के भीतर सभी विभाग प्रगति रिपोर्ट उपलब्ध करवाना सुनिश्चित बनाएंगे। बैठक में एसडीएम कुलवीर सिहं राणा, वन मंडल अधिकारी भरमौर नरेंद्र सिंह, अधिशाषी अभियंता लोक निर्माण विभाग मीत कुमार सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।



बैठक की अध्यक्षता करती एडीसी भरमौर नवीन तंवर।

**लड़ाई** राजनीतिक प्रतिनिधित्व न मिलने और पॉलिटिकल रिप्रेजेंटेशन के लिए उठाया कदम

# पंगवाल जनजाति अस्तित्व और मूलभूत सुविधाओं को लेकर लड़ेगी अंतिम लड़ाई

**एमएम डैनियल, चंबा**

दुर्गम क्षेत्र पांगी के पंगवाल जनजाति ने अस्तिव और मूलभूत सुविधा को लेकर अंतिम लड़ाई लड़ने की ठान ली है। जिसके चलते इस जनजाति को आजादी के 75 वर्षों के बाद भी राजनीतिक प्रतिनिधित्व नहीं मिलने और पॉलिटिकल रिप्रेजेंटेशन के लिए अभी भी लड़ाई लड़नी पड़ रही है। अपनी इस लड़ाई को लेकर पंगवाल जनजाति समुदाय के पंगवाल एकता मंच प्रतिनिधिमंडल ने मंडलाध्यक्ष त्रिलोक कपूर की अगुआई में राजधानी दिल्ली पहुंचकर पांगी विधानसभा क्षेत्र 1952-66 की बहाली को लेकर मुख्य चुनाव आयुक्त, भारत निर्वाचन आयोग, संवैधानिक निकाय भारत निर्वाचन आयोग, राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग, राष्ट्रीय राजनीतिक दलों के नेताओं और सरकार के अधिकारियों को ज्ञापन सौंपे। वहीं यह भी स्पष्ट कर दिया कि लड़ाई पूर्ण न होने पर आंदोलन का रुख अख्तियार कर सकती है।

इस संदर्भ में पंगवाल एकता मंच मंडलाध्यक्ष त्रिलोक कपूर व पांगी कल्याण संघ अध्यक्ष भगत बड़ोत्रा ने विधानसभा क्षेत्र 1952-66 की बहाली व मूलभूत सुविधा चैहणी पास सुरंग निर्माण को लेकर संयुक्त रूप से बताया कि पंगवाल एकता मंच पांगी जो कि एक गैर-सरकारी संगठन है और 25 हजार पंगवाल जनजाति (ट्राबल) की है। उन्होंने कहा कि प्रथम डिलिमिटेशन 1952 में तत्कालीन हिमाचल प्रदेश राज्य की नवगठित विधानसभा हेतु जिला चंबा के पांगी क्षेत्र के लिए भी विधानसभा क्षेत्र पांगी का भी गठन किया गया था और स्व. दौलत राम जो कि पंगवाल जनजाति समुदाय से थे, ने प्रथम विधानसभा में हमारे समुदाय का प्रतिनिधित्व किया। साल 1962 के डिलिमिटेशन में पांगी विधानसभा क्षेत्र का अस्तित्व वर्ष 1966 में समाप्त कर दिया गया। वहीं पूरे पांगी क्षेत्र को भरमौर विधानसभा क्षेत्र का पार्ट बना दिया गया। साल 1962 के डिलिमिटेशन के बाद 1972 व 2002 के डीलिमिटेशन हुए, दुर्भाग्यवश पांगी विधानसभा क्षेत्र 1952-66 को बहाल नहीं किया गया।

वर्ष 1967 से आज 2023 तक भी पंगवाल जनजाति समुदाय को हिमाचल प्रदेश विधानसभा और सरकार में कोई भी राजनीतिक प्रतिनिधित्व नहीं दिया गया है। पिछले 60 वर्षों से 25 हजार की आबादी का पंगवाल जनजाति समुदाय और 1600 वर्ग किलोमीटर क्षेत्रफल दूसरे समुदाय जिसे गद्दी जनजाति कहा जाता है, के राजनीतिक प्रतिनिधित्व के अधीन है। (अनंत ज्ञान)



पंगवाल एकता मंच व पांगी कल्याण संघ के पदाधिकारी व सदस्य बैठक करते हुए।

### प्रदेश में हैं सिर्फ चार प्रमुख जनजातियां और जनजातीय क्षेत्र

**पंगवाल** एकता मंच मंडलाध्यक्ष त्रिलोक कपूर व पांगी कल्याण संघ अध्यक्ष भगत बड़ोत्रा ने बताया कि प्रदेश में सिर्फ चार प्रमुख जनजातियां और जनजातीय क्षेत्र है। जिनमें किन्नौरा, जिला किन्नौर, लहुला जिला लाहौल स्पीति, पंगवाल जिला चंबा और गद्दी जिला चंबा। प्रत्येक समुदाय की अपनी अलग संस्कृति, भूगोल, इतिहास और बोली है तथा एक दूसरे के प्रभाव से स्वतंत्र हैं, तो फिर यह पंगवाल जनजाति के ऊपर गद्दी जनजाति का प्रभुत्व क्यों?

### संवैधानिक अधिकार अवश्य प्राप्त होगा

**पंगवाल** एकता मंच मंडलाध्यक्ष त्रिलोक कपूर व पांगी कल्याण संघ अध्यक्ष भगत बड़ोत्रा ने बताया कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की दूरदर्शी सोच और गतिशील नेतृत्व के रहते अभी हाल ही में भारत की संसद ने एक ऐतिहासिक नारी शक्ति वंदन अधिनियम-2023 पारित किया। जिसके अंतर्गत सरकार का यह आधिकारिक बयान संसद में आया कि साल 2024 लोकसभा चुनावों के तुरंत बाद भारत की जनगणना और उसके पश्चात डिलिमिटेशन प्रक्रिया आरंभ की जाएगी। अब यह स्पष्ट है कि 2026 तक पर लगी रोक हटेगी और एक बार फिर विधानसभा क्षेत्रों की समीक्षा होगी जिसके लिए डिलिमिटेशन कमीशन बनेगा। जिसके पश्चात निकट भविष्य में हमें हमारा छीना गया संवैधानिक अधिकार अवश्य पुनः प्राप्त होगा।

### सरकार से की अपील

**पंगवाल** एकता मंच मंडलाध्यक्ष त्रिलोक कपूर व पांगी कल्याण संघ अध्यक्ष भगत बड़ोत्रा ने प्रतिनिधिमंडल व जनजाति समुदाय की ओर से सरकार विशेषकर प्रधानमंत्री, भू-तल परिवहन और राष्ट्रीय उच्च मार्ग मंत्री से अनुरोध रहेगा कि इस महत्वपूर्ण परियोजना को अवश्य अमलीजामा पहनाया जाएं। उन्होंने कहा कि इस बार पंगवाल एकता मंच व पांगी कल्याण संघ सहित समस्त पंगवाल जनजाति ने सर्वसम्मति से निर्णय लिया है कि अपने संवैधानिक अधिकार सहित मूलभूत सुविधा से जुड़ी मांग को पूर्ण करवाने पश्चात ही चैन की सांस लेंगे। जिसके तहत जिस भी हद तक जाना पड़ा तो पूर्ण जनजाति एकजुट है।

**हर हाथ अनंत ज्ञान**



अनंत ज्ञान दैनिक समाचार पत्र पढ़ते प्रेस क्लब चंबा के महासचिव हेम सिंह ठाकुर।



अनंत ज्ञान दैनिक समाचार पत्र पढ़ते सिटी चैनल के ऑनर अमीन मलिक।



बद्री प्रसाद न्यूज एजेंसी चंबा के बाहर अनंत ज्ञान दैनिक समाचार पत्र पढ़ते प्रेरणा द इंस्पिरेशन संस्था के अध्यक्ष दीपक भाटिया।



भारतीय पब्लिक स्कूल चंबा के शारीरिक शिक्षक राकेश सूरी अनंत ज्ञान दैनिक समाचार पत्र पढ़ते हुए।



चंबा के मलिक फुर्सत के पल में अनंत ज्ञान दैनिक समाचार पत्र पढ़ते हुए।



अविनाश गुप्ता न्यूज एजेंसी चंबा में अनंत ज्ञान समाचार पत्र पढ़ता युवक।

**बधाई**

अनंत ज्ञान दैनिक समाचार पत्र का पहला विशेषांक निकालने पर हार्दिक शुभकामनाएं।



**- मालिक गारमेंट्स एंड फुटवियर नकरोड़ बाजार**

दैनिक समाचार पत्र प्रकाशित होने से उत्साहित हूं मेरी तरफ से सभी अनंत ज्ञान परिवार को हार्दिक शुभकामनाएं।



**-सीटी मलिक, प्रधान ग्राम पंचायत गड़फरी**

**न्यूज ब्रीफ**

## खरगट स्कूल के स्टूडेंट का राष्ट्रीय स्तर पर चयन

**चुवाड़ी।** 31वें राज्य स्तरीय बाल विज्ञान सम्मेलन का आयोजन एनआईटी हमीरपुर में चंबा जिले से 55 विजेता प्रतिभागियों ने भाग लिया। जिसमें राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय खरगट ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया और जीत का पंचम लहराया। विद्यालय के रसायन विज्ञान के प्रवक्ता और गाइड अध्यापक सुनील कुमार ने बताया कि खरगट विद्यालय के आठवीं कक्षा के नौवीं कक्षा की अंशिका और दसवीं कक्षा की जिया ने वैज्ञानिक प्रोजेक्ट रिपोर्ट में भाग लिया। 31वें राज्य स्तरीय बाल विज्ञान सम्मेलन में विभिन्न वैज्ञानिक प्रतियोगिताएं जैसे कि प्रश्नोत्तरी, मैथेमेटिक्स, ओलंपियाड, वैज्ञानिक क्रियाकलाप, वैज्ञानिक प्रोजेक्ट रिपोर्ट और वैज्ञानिक मॉडल आयोजित हुईं। जिसमें आठवीं कक्षा के अरनव में कनिष्ठ वर्ग के प्रथम स्थान और दसवीं कक्षा की जिया ने ब्रेस्ट में प्रथम स्थान प्राप्त किया और उनका चयन राष्ट्रीय स्तर पर हुआ है।




राष्ट्रीय स्तर के लिए चयनित अरनव व जिया तथा स्टूडेंट्स को सम्मानित करते शिक्षक।

## कांग्रेस 22 को केंद्र सरकार के खिलाफ करेगी प्रदर्शन

**चंबा।** केंद्रीय सरकार की तानाशाही के फलस्वरूप संसद के दोनों सदनों मे 142 सांसदों की सदस्यता निरस्त किए जाने के विरोध में कांग्रेस पार्टी द्वारा धरना-प्रदर्शन किया जाएगा। इस संदर्भ में ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष चंबा करतार सिंह ठाकुर ने बताया कि अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे व प्रदेश कांग्रेस कमेटी की अध्यक्ष एवं सांसद प्रतिभा सिंह के निर्देशानुसार कांग्रेस पार्टी द्वारा 22 दिसंबर को प्रातः 11 बजे चंबा बाजार के मुख्य चौक पर केंद्र सरकार के विरुद्ध धरना प्रदर्शन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि इस धरना-प्रदर्शन में कांग्रेस कमेटी, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी, महिला कांग्रेस, कांग्रेस सेवादल, एनएसयूआई, युकां, कांग्रेस पार्टी अल्पसंख्यक विभाग, कांग्रेस पार्टी अनुसूचित जाति विभाग कांग्रेस पार्टी अनुसूचित जनजाति विभाग, कांग्रेस पार्टी ओबीसी विभाग, इंटक, कांग्रेस लीगल सैल, किसान कांग्रेस, राजीव गांधी पंचायतीराज विभाग, प्रोफेशनल कांग्रेस सहित समस्त फ्रंटियर संगठनों के पदाधिकारियों व कार्यकारिणी सदस्य उपस्थिति दर्ज करवाएंगे।

## जैक स्लिप होने से ट्रक गहरी खाई में गिरा

**तीसा।** जाको राखे सैयां मार सके न कोए यह कहावत आज फिर से सच हो गई। चुराह उपमंडल शिकारी मोड़-गनेड़-बिहाली, मार्ग पर आज सुबह (शिकारी मोड़) के समीप ट्रक दुर्घटनाग्रस्त हो गया। हादसे में लोग सुरक्षित है। बताया जा रहा ट्रक का टायर पंचर था और चालक ट्रक को सड़क किनारे साइड लगाकर टायर चेंज कर रहा था। हादसे के समय जैक स्लिप हो गया, जिस कारण ट्रक का संतुलन बिगड़ गया और गहरी खाई में समा गया। हादसे के समय ट्रक चालक को मामूली चोट आई थीं। लोगों ने उसे तीसा अस्पताल पहुंचाया जिसे डॉक्टरों ने मरहम-पट्टी करके छुट्टी दे दी। थाना प्रभारी तीसा विजय कुमार का कहना है पुलिस टीम मौके पर गई थी। उन्होंने हादसे के कारणों का पता लगाया और कोई भी मुकदमा ड्राइवर के खिलाफ दर्ज नहीं किया गया है।



खाई में गिरा ट्रक।

## बधाइयां



हर्ष का विषय है कि हिमाचल प्रदेश में एक और दैनिक समाचार पत्र का प्रकाशन हो रहा है। अनंत ज्ञान की पूरी टीम को बधाई एवं शुभकामनाएं। समाचार पत्र मील का पत्थर साबित होगा।

**-महेश्वर सिंह, पूर्व सांसद।**



दैनिक समाचार पत्र अनंत ज्ञान के पूरे परिवार को मेरी ओर से हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं। विश्वास है कि अनंत ज्ञान मीडिया जगत में नया आयाम स्थापित करेगा।

**-गोविंद सिंह ठाकुर, प्रदेश उपाध्यक्ष, भाजपा।**

## हर हाथ अनंत ज्ञान



सैंज टैक्सी यूनियन के सदस्य भगत राम व चुनी लाल अनंत ज्ञान अखबार पढ़ते हुए।



एसडीएम कुल्लू विकास शुक्ला को अनंत ज्ञान समाचार पत्र की प्रति भेंट करती जिला प्रभारी कमलेश वर्मा।



बनोगी पंचायत के धारा गांव की पूर्व देवी अनंत ज्ञान समाचार पत्र पढ़ती हुई।



पंचायत भीरूठाच की पूर्व वार्ड सदस्य चूड़ामणि अनंत ज्ञान अखबार पढ़ती हुई।



डीपीआरओ कुल्लू नरेंद्र शर्मा अनंत ज्ञान समाचार पत्र पढ़ते हुए।



सैंज टैक्सी यूनियन के सह सचिव मेहर चंद अनंत ज्ञान अखबार पढ़ते हुए।



पर्यटन नगरी मनाली के ग्रीन बैरियर के समीप अनंत ज्ञान समाचार पत्र पढ़ते स्थानीय युवक रवि चौहान व राजीव।

# जमी हुई सिस्सू झील पर चढ़ने और सेल्फी लेने पर लगाई रोक

## सुरक्षा के चलते पुलिस-प्रशासन ने लिया निर्णय, दो जवान किए तैनात

**कमलेश वर्मा, कुल्लू**

विश्व प्रसिद्ध पर्यटन स्थल सिस्सू में आकर्षण का केंद्र बनी जमी हुई झील के ऊपर जाने के लिए अब पाबंदी लगा दी गई है। जिला प्रशासन लाहौल-स्पीति की ओर से सुरक्षा के लिहाज से यह कदम उठाया गया है।

लिहाजा, अब सैलानी इस जमी हुई झील के ऊपर न तो चढ़ सकेंगे और न ही सेल्फी ले सकेंगे। पुलिस प्रशासन ने पर्यटकों की सुरक्षा के चलते झील के पास दो पुलिस जवान भी तैनात कर दिए हैं। इसके अलावा शीघ्र ही झील के चारों ओर रेड निशान लगाए जाएंगे ताकि कोई भी पर्यटक रेड निशान से आगे झील के अंदर न जा सके। सिस्सू के स्थानीय लोगों व पर्यटन कारोबारी रमेश, सोनम, टशी, दीपक व तेंजिन ने बताया कि सिस्सू झील के 80 प्रतिशत भाग पर बर्फ की परत जमी है। यह सैलानियों के लिए आकर्षण का केंद्र बनी हुई है। लाहौल-स्पीति प्रशासन ने सैलानियों को लाहौल घाटी में घूमने की पूरी छूट दे रखी है, लेकिन जमी झील में सेल्फी लेने पहुंच रहे पर्यटकों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए अब पर्यटकों के झील के ऊपर जाने और सेल्फी लेने पर पूरी तरह से रोक लगा दी है।





पुलिस अधीक्षक मयंक चौधरी ने बताया कि लाहौल के पर्यटन स्थल पर्यटकों के लिए बहाल है। पर्यटक यहां घूमने का आनंद उठा सकते हैं, लेकिन जमी हुई सिस्सू झील में कई जगह बर्फ की परत नाजुक है। पर्यटकों की सुरक्षा को देखते हुए झील के ऊपर जाने पर रोक लगा दी गई है। इसके लिए झील के पास दो पुलिस जवान तैनात कर दिए हैं। यहां पर रेड निशान लगाए जाएंगे ताकि उन निशानों से आगे लोग न जा सकें। (अनंत ज्ञान)

# 12 विंटर क्वीन व 10 वॉयस ऑफ कार्निवाल के लिए चयनित

**चंडीगढ़ में हुए ऑडिशन शिमला में होगा आज**

**अनंत ज्ञान, मनाली**

विंटर कार्निवाल का आकर्षण विंटर क्वीन और वायस ऑफ कार्निवाल के लिए ऑडिशन शुरू हो गए है। पंजाब विश्वविद्यालय चंडीगढ़ में बुधवार को ऑडिशन हुए। इसमें लगभग 15 युवतियों ने हुस्न के जलवे बिखेरे। जबकि वॉयस ऑफ कार्निवाल का खिताब जीतने के लिए भी अच्छी संख्या में युवाओं ने ऑडिशन दिए।

विंटर क्वीन और वॉयस ऑफ कार्निवाल प्रतियोगिता मुख्य आकर्षण है। बुधवार से दोनों प्रतियोगिताओं के लिए ऑडिशन शुरू हो गए। विंटर क्वीन स्पर्धा के लिए 12 युवतियां चयनित हुई जबकि 10 प्रतिभागी वॉयस ऑफ कार्निवाल के लिए चयनित हुए। कैटवॉक, टेलेंट राउंड और परिचय के बाद युवतियों का चयन किया गया जबकि वॉयस ऑफ कार्निवाल में कलाकारों के सुरों की परख की गई। 21 दिसंबर को आरकेएमबी कॉलेज शिमला में ऑडिशन होंगे। जबकि 24 को मंडी, 26 को देवसदन कुल्लू और 28 को वन्य प्राणी सूचना केंद्र मनाली में ऑडिशन की प्रक्रिया होगी।

विंटर क्वीन का ताज हासिल करने वाली सुंदरी को एक लाख का इनाम दिया जाएगा। दूसरे स्थान पर रहने वाली सुंदरी को 50 जबकि तीसरे स्थान वाली प्रतिभागी को 30 हजार व ताज से सम्मानित किया जाएगा। ग्रुमर दिव्यांगना मेहता ने बताया कि ऑडिशन शुरू हो गए हैं। पहले दिन 12 सुंदरियां चयनित हुई है। वॉयस ऑफ कार्निवाल के लिए 10 का चयन किया गया है। उन्होंने बताया कि ऑनलाइन ऑडिशन भी आ रहे हैं। ऑनलाइन ऑडिशन देने वाले चिन्हित जगह पर ऑडिशन के लिए नहीं आए हैं तो वे 28 को मनाली में ऑडिशन दे सकते हैं।

# सिस्सू, कोकसर व कुठ बिहाली में पर्यटन कारोबार चरम पर

**लाहौल घाटी में बिछी बर्फ की सफेदी बनी आकर्षण का केंद्र**

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

लाहौल घाटी के सिस्सू, कोकसर व कुठ बिहाली में पर्यटन कारोबार चरम पर पहुंच गया है। लाहौल घाटी में विंटर सीजन की धूम मची हुई है। चारों ओर बिछी बर्फ की सफेदी पर्यटकों के आकर्षण का केंद्र बनी हुई है। इस बार पर्यटन नगरी मनाली बर्फ के फाहों के लिए तरस गई है लेकिन लाहौल की वादियां बर्फ से सराबोर हैं। चारों ओर बर्फ की सफेदी बिछी हुई है जिसके चलते सारा पर्यटन कारोबार सोलंग नाला के बजाए लाहौल घाटी में चल रहा है।

बुधवार को पर्यटन नगरी मनाली सहित लाहौल घाटी में धूप खिली रही। सुबह ही पर्यटकों ने मनाली से लाहौल घाटी का रुख किया। लगभग एक हजार पर्यटक वाहनों ने सिस्सू, अटल टनल के नार्थ पोर्टल, कुठ बिहाल व कोकसर में दस्तक दी। सोलंगनाला के पर्यटन कारोबारी दीपक व जगदीश ने बताया कि हिमपात के बाद से यहां पर्यटकों से रौनक लौटेगी। लाहौल के पर्यटन कारोबारी दोरजे व पलजोर ने बताया कि दिन भर खिली धूप के बीच पर्यटकों ने बर्फ की खेलों का आनंद लिया।

दूसरी ओर मनाली के होटलों में भी रौनक छा गई है। क्रिसमस व न्यू ईयर को लेकर मनाली तैयार है। पर्यटक डीजे और कुल्लवी नाटी का आनंद ले रहे हैं। होटल संचालक खेम राज, अजय व विजय ने बताया कि इस समय होटलों में 60 से 65 प्रतिशत आक्यूपेंसी चल रही है। उन्होंने कहा कि क्रिसमस के चलते सप्ताहांत में भारी संख्या में पर्यटकों के मनाली आने की उम्मीद है। टैक्सी यूनियन के अध्यक्ष पूर्ण ठाकुर ने बताया कि धीरे-धीरे कारोबार गति पकड़ने लगा है। हर रोज पर्यटकों की आमद बढ़ रही है जिससे कारोबार भी गति पकड़ने लगा है।

## रूप चंद नेगी बने व्यापार मंडल मनाली के चेयरमैन



**मनाली।** शीतकालीन खेलों को बुलंदियों तक पहुंचाने वाले मनाली के रूप चंद नेगी को व्यापार मंडल मनाली का चेयरमैन बनाया गया है। गत दिनों व्यापार मंडल के अध्यक्ष बने संजीव ठाकुर व उनकी कार्यकारिणी के सदस्यों ने सर्वसम्मति से नेगी को चेयरमैन की जिम्मेदारी दी है। संजीव ठाकुर ने कहा कि व्यापार मंडल की मजबूती के लिए मिल जुलकर काम करेंगे। उन्होंने बताया कि व्यापारी भाइयों की समस्याओं के समाधान को हमेशा प्रयासरत रहेंगे। रूप चंद नेगी हिमाचल विंटर गेम्स एसोसिएशन के लगभग 15 साल अध्यक्ष रहे हैं। नेगी ने स्की एंड स्नो बोर्ड इंडिया में अध्यक्ष व जनरल सेक्रेटी के रूप में भी सेवाएं दी है। नेगी ने कहा कि जो उन्हें जिम्मेदारी दी गई है उस पर वह खरा उतरने का प्रयास करेंगे।

# प्रदेश को विशेष आपदा राहत पैकेज देने के नाम पर भाजपा नेता चुप

## जिला कांग्रेस अध्यक्ष सेस राम आजाद ने खोला मोर्चा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

जिला कांग्रेस अध्यक्ष सेस राम आजाद ने बुधवार को कुल्लू में पत्रकार वार्ता में कहा कि प्रदेश को विशेष आपदा राहत पैकेज देने के नाम पर भाजपा नेता चुप है। उन्होंने कहा कि जब विधानसभा के अंदर प्रदेश को केंद्र से विशेष पैकेज देने के लिए समर्थन देने की बात की जा रही थी तो उसे समय भाजपा से संबंधित विधायक चुप्पी साधे रहे, लेकिन अब प्रदेश सरकार के खिलाफ सड़क पर उतरकर ड्रामेबाजी कर रहे हैं।

उन्होंने कहा कि बेहतर होता की प्रदेश की बेहतरी के लिए विपक्ष के नेता जयराम ठाकुर और अन्य विधायक सरकार के साथ मिलकर केंद्र से विशेष राहत पैकेज लेने का काम करते परंतु यहां भाजपा नेता अपनी राजनीतिक रोटियां सेंकते हुए नजर आ रहे हैं। भाजपा नेता केंद्र से राहत पैकेज देने का ढिंढोरा पीट रहे हैं, लेकिन असलियत यह है कि अभी तक प्रदेश को केंद्र से वही धन मिला है, जो हिमाचल प्रदेश का वास्तविक रूप से अधिकार बनता है। इसके अलावा केंद्र से कोई भी विशेष राहत पैकेज प्रदेश को नहीं मिला है। उन्होंने जिला में कांग्रेस पार्टी को मजबूत बनाने के लिए आने वाले समय की योजना की भी जानकारी दी। उन्होंने कहा कि 28 दिसंबर को जिला कुल्लू के 568 बूथों में कांग्रेस पार्टी का स्थापना दिवस मनाया जाएगा।

इस मौके पर उन्होंने प्रदेश सरकार से भी निवेदन किया है कि सरकार बने हुए प्रदेश में एक साल का समय बीत चुका है अब प्रदेश के भीतर प्रशासनिक फेरबदल करना जरूरी हो गया है ताकि प्रदेश में व्यवस्था परिवर्तन का नारा पूरी तरह से धरातल पर उतर सके।



कुल्लू में पत्रकार वार्ता के दौरान जिला कांग्रेस अध्यक्ष सेसराम आजाद व अन्य।

# सब्सिडी बंद होने से बागवानी व कृषि हो रही है महंगी साबित

## लोअर ढालपुर में सेब उत्पादक संघ के सम्मेलन में बोले शाद

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

अशोक भवन लोअर ढालपुर में सेब उत्पादक संघ ब्लॉक कुल्लू का पहला सम्मेलन हुआ। इस दौरान किसान बागवान नेता डॉ. ओंकार शाद ने कहा कि हिमाचल में सेब की लगभग 6 हजार करोड़ की आर्थिकी है। जो केंद्र व प्रदेश सरकारों की किसान विरोधी नीतियों के लागू करने से खतरे में पड़ गई है। बागवानों को मिलने वाली सब्सिडी को बंद करने से बागवानी व कृषि महंगी साबित हो रही है। प्रदेश में एक लाख 75 हजार परिवार बागवानी करते हैं व अपने परिवार को पालते हैं। सेब की बागवानी हर वर्ष हजारों लोगों को भी रोजगार देती है, लेकिन केंद्र की किसान बागवानी विरोधी नीतियों के चलते अदानी, रिलायंस व बड़े आढ़तियों को फायदा हो रहा है। इन नीतियों के चलते बागवानों की लूट लगातार बढ़ रही है। उन्होंने कहा कि सेब उत्पादक संघ बागवानों की समस्याओं व मांगों को लेकर आंदोलन करेगा। जिस की रूप रेखा 24-25 दिसंबर को रामपुर में हो रहे राज्य सम्मेलन में तय होगी। सभा के राज्य महासचिव होतम सिंह सौंखला ने कहा कि सेब उत्पादकों की जो मांगें हैं उन मांगों को लेकर शीघ्र सेब उत्पादक संघ आंदोलन करेगा। सम्मेलन में 15 सदस्य कमेटी का गठन किया गया। इसमें प्रधान गुरजीत गिल, सचिव गोविंद भंडारी, उपप्रधान देवराज नेगी और सहसचिव राम लाल व कोषाध्यक्ष खेम चंद व कार्यकारिणी सदस्य दुर्योधन ठाकुर, जोगिंद महंत, देवराज, सोभा राम, रमेश चंद, संतोष कुमार, सुनील कुमार, उत्तम चंद को चुना गया।



सेब उत्पादक संघ के पदाधिकारी सम्मेलन में चर्चा करते हुए।

## टूरिस्ट गाइड प्रशिक्षण दो जनवरी से शुरू

**पतलीकूहल।** जिला कुल्लू के बेरोजगार युवक-युवतियों को स्वरोजगार अपनाने के उद्देश्य से ट्रैवल और टूरिस्ट गाइड का निशुल्क प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू किया जाएगा। पंजाब नेशनल बैंक ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान कुल्लू द्वारा ट्रैवल और टूरिस्ट गाइड का निशुल्क प्रशिक्षण दो से 11 जनवरी तक पीएनबी आरसेटी कुल्लू में दिया जाएगा। इस प्रशिक्षण के लिए आवेदन आमंत्रित किए जा रहे हैं। पंजाब नेशनल बैंक के कार्यक्रम समन्वयक ग्रामीण स्वरोजगार सौरभ उपाध्याय ने बताया कि प्रशिक्षण के लिए, जिला के बेरोजगार युवा जिनकी आयु 18 से 45 वर्ष के बीच है आवेदन कर सकते हैं और इस क्षेत्र में प्रशिक्षण प्राप्त कर अपना भविष्य बना सकते है। इच्छुक युवक युवतियां दो जनवरी सुबह 10 बजे से लेकर शाम पांच बजे तक पीएनबी आरसेटी कुल्लू के कार्यालय में आकर आवेदन जमा करवा सकते हैं। प्रशिक्षण के लिए व्यक्ति में पढ़ने लिखने की क्षमता भी होनी चाहिए।

## न्यूज ब्रीफ

### स्वर्णकारों की दुकानें 24 से बंद

**कुल्लू।** जिलेभर के सभी ज्वेलर्स की दुकानें आठ दिन के लिए बंद रहेंगी। स्वर्णकार सराफा संघ जिला कुल्लू के अध्यक्ष महेंद्र सिंह ने बताया कि 24 से 31 दिसंबर तक जिले के सभी ज्वेलर्स की दुकानें एवं इन दुकानों में कार्य कर रहे आभूषण कारीगर आठ दिनों के लिए छुट्टी पर रहेंगे। इस दौरान किसी भी तरह की कोई खरीद-फरोख्त नहीं हो पाएगी। महेंद्र सिंह ने ग्राहकों से अपील की है कि छुट्टी को देखते हुए सभी ग्राहक अपने जरूरी कार्यों को 24 दिसंबर से पहले पूरा कर लें।

### रैला स्कूल ने मनाया वार्षिक समारोह



रैला स्कूल में समारोह के दौरान छात्रा को पुरस्कृत करते मुख्यातिथि।

**सैंज।** सीनियर सेकेंडरी स्कूल रैला में बुधवार को वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में सेवानिवृत्त प्रधानाचार्य फतेह सिंह ठाकुर ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। स्कूल प्रधानाचार्य निर्मला ठाकुर व स्कूल प्रबंधन समिति के अध्यक्ष झाबे राम ठाकुर ने कुल्लवी टोपी, मफलर व शॉल पहनाकर मुख्यातिथि व अन्य अतिथियों का स्वागत किया। प्रधानाचार्य निर्मला ठाकुर ने विद्यालय की वार्षिक रिपोर्ट पेश की। इस दौरान स्कूली बच्चों ने रंगारंग प्रस्तुतियों से दर्शकों का मन मोहा। मुख्यातिथि फतेह सिंह ठाकुर ने बच्चों का प्रोत्साहन करते हुए स्कूल को 11 हजार रुपए की राशि दी। इस दौरान मेरे स्कूल से निकले मोती योजना के तहत क्षेत्र की महान हस्तियों तथा स्कूल के विद्यार्थियों को भी पुरस्कृत किया गया।



विश्व प्रसिद्ध पर्यटन नगरी मनाली में अब धीरे-धीरे सैलानियों की तादाद बढ़ रही है। ऐसे में अब मनाली की सड़कों में वाहनों की लंबी कतारें लग रही हैं। बुधवार शाम को मनाली में ट्रैफिक जाम में फंसे वाहन।

### पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई

**बंजार।** नगर पंचायत बंजार में प्रदेश सरकार द्वारा मनोनीत किए गए पूर्व पार्षद ज्ञान सागर की मृत्यु के पश्चात रिक्त पड़े पद पर पार्षद की नियुक्ति की गई है। सरकार की ओर से स्व. ज्ञान सागर की धर्मप ी एवं नगर पंचायत बंजार की पूर्व निर्वाचित पार्षद रही गीता सागर को स्व. ज्ञान सागर के स्थान पर बतौर मनोनीत पार्षद नियुक्त किया है। नगर पंचायत बंजार के सभागार में एसडीएम बंजार हेम चंद वर्मा ने सादे समारोह में गीता सागर को पद और गोपनीयता की शपथ दिलवाई। शपथ ग्रहण के दौरान नगर पंचायत बंजार की अध्यक्ष आशा शर्मा, उपाध्यक्ष प्रकाश विशिष्ट, वार्ड नंबर चार की पार्षद उर्मिला नेगी, वार्ड नंबर छह की पार्षद बबीता कश्यप, वार्ड नंबर सात के पार्षद कुलदीप सोनी के अतिरिक्त नगर पंचायत बंजार के मनोनीत पार्षद गुलशन कुमार तथा मोहन लाल सहित नगर पंचायत बंजार के पूर्व मनोनीत पार्षद टीसी महंत के अतिरिक्त नगर पंचायत बंजार के कर्मचारियों ने भाग लिया।

# आर्यव्रत पब्लिक स्कूल के होनहारों को इनाम बांटे



वार्षिक समारोह के दौरान रंगारंग प्रस्तुति देते विद्यार्थी।

**अनंत ज्ञान, आनी**

आनी खंड के दलाश स्थित आर्यव्रत पब्लिक स्कूल में बुधवार को वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह धूमधाम से मनाया गया। इसमें जिला परिषद कुल्लू के अध्यक्ष पंकज परमार ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की, जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता ग्राम पंचायत वयूंगल के प्रधान जालप राम ठाकुर और ग्राम पंचायत दलाश के प्रधान सतेंद्र शर्मा ने की। कार्यक्रम में समाजसेवी जिया लाल वर्मा, कारदार बिहारी लाल खाची, समाजसेवी नरेश वर्मा,अतुल कश्यप तथा भारद्वाज शर्मा ने बतौर विशेष अतिथि शिरकत की। स्कूल प्रधानाचार्य रमेश वर्मा व एसएमसी अध्यक्ष प्रताप ठाकुर ने मुख्यातिथि सहित अन्य विशिष्ट अतिथियों को सम्मानित किया। प्रधानाचार्य रमेश वर्मा ने विद्यालय की वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत कर विद्यालय की शिक्षा सहित अन्य उपलब्धियों को गिनाया। इस दौरान मुख्यातिथि ने विभिन्न गतिविधियों में अव्वल रहे बच्चों को पुरस्कार बांटे। उन्होंने विद्यालय के खेल मैदान को पक्का करने के लिए एक लाख व पंचायत तथा जिला परिषद के सौजन्य से दो लाख रुपए देने की बात कही।

**कार्यक्रम** स्वर्गीय लता मंगेशकर की स्मृति में हुई प्रतियोगिता

# लोकगीत गायन में नंदिनी रही प्रथम

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

भारत रत्न स्वर कोकिला स्वर्गीय लता मंगेशकर की स्मृति में ढालपुर स्थित देव सदन में लोकगीत गायन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। भाषा एवं संस्कृति विभाग कुल्लू के सौजन्य से लोकगीत गायन प्रतियोगिता करवाई गई। जिला स्तरीय लोकगीत प्रतियोगिता में 16 वर्ष के कम आयु के प्रतिभागी कनिष्ठ वर्ग में तथा 16 वर्ष से ऊपर के प्रतिभागियों ने वरिष्ठ वर्ग में अपनी गायन शैली की प्रतिभा को मंच पर लोकगीतों के माध्यम से प्रस्तुत किया।

इस प्रतियोगिता में जिला स्तरीय विशुद्ध लोकगीत वर्ग में वरिष्ठ महिला वर्ग ओर वरिष्ठ पुरुष तथा कनिष्ठ वर्ग महिला एवं पुरुष के प्रतिभागियों ने लोक गीतों की शानदार प्रस्तुति दी। इस प्रतियोगिता में जिला के विभिन्न स्कूलों से आए प्रतिभागियों के साथ-साथ जिले के दूर दराज इलाकों से आए प्रतिभागियों ने भी पूरे आत्मविश्वास के साथ प्रचलित लोकगीतों को दर्शकों और निर्णायक मंडल के समक्ष प्रस्तुत किया।



देवसदन में बुधवार को आयोजित लोकगीत गायन प्रतियोगिता में भाग लेते हुए प्रतिभागी।

विशुद्ध लोकगीत गायन प्रतियोगिता में कनिष्ठ महिला वर्ग में नंदिनी ठाकुर, कनिष्ठ पुरुष वर्ग में कैम्ब्रिज इंटरनेशनल स्कूल के छात्र माधव वैद्य, वरिष्ठ महिला वर्ग में भाखल कुल्लू से टिंकू, वरिष्ठ पुरुष वर्ग में खराहल वैली से भूपेंद्र सिंह विजेता रहे। समकालीन व आधुनिकता लिए विलयात्मक लोकगीत गायन प्रतियोगिता में कनिष्ठ महिला वर्ग में कडोन लगवैली से शाइना ठाकुर, कनिष्ठ पुरुष वर्ग में कैम्ब्रिज इंटरनेशनल स्कूल के छात्र उत्सव भारद्वाज, वरिष्ठ महिला वर्ग में दराल की करिश्मा तथा वरिष्ठ पुरुष वर्ग में चनाउशी से मान चंद विजेता रहे। विजेता चुने गए सभी प्रतिभागियों को 11-11 हजार रुपए की धनराशि इनाम के तौर पर प्रदान की गई। निर्णायक मंडल की भूमिका में डॉ. सूरत राम ठाकुर वरिष्ठ साहित्यकार, डॉ. महेश शर्मा पनारसा कॉलेज से संगीत के प्राध्यापक तथा जय प्रकाश शर्मा एपीआरओ कुल्लू ने प्रतियोगिता के दौरान सभी प्रतिभागियों के गायन शैली को परखने के बाद अपना निर्णय दिया।

## बधाइयां



नगरोटा बगवां से शुरू हो रहे दैनिक समाचार पत्र अनंत ज्ञान के प्रकाशन पर अनंत ज्ञान की सारी टीम को मेरी तरफ से हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं।

**-प्रत्यूष शर्मा, प्रबंधक, इंडियन ओवरसीज बैंक।**



अनंत ज्ञान समाचार पत्र का प्रकाशन प्रदेश में मीडिया जगत के इतिहास में नए आयाम स्थापित करेगा। प्रकाशन पर टीम को बधाई।

**-प्रदीप ठाकुर, प्रदेशाध्यक्ष, अराजपत्रित कर्मचारी महासंघ।**



हर्ष का विषय है कि प्रदेश के मीडिया जगत में एक नया दैनिक समाचार पत्र अनंत ज्ञान अस्तित्व में आया है। अनंत ज्ञान कर्मचारियों के मुद्दे उठाएगा। टीम को हार्दिक बधाई।

**-लेखराज जिलाध्यक्ष, अराजपत्रित कर्मचारी महासंघ, मंडी।**



दैनिक समाचार पत्र अनंत ज्ञान एक मील पत्थर साबित होगा। मुझे विश्वास है कि यह समाचार पत्र जनता के मुद्दों को प्रमुखता से उठाएगा। अनंत ज्ञान टीम को दिल की गहराइयों से बधाई व शुभकामनाएं।

**-राजेंद्र मोहन, पार्षद नेला वार्ड, नगर निगम मंडी।**

## हर हाथ अनंत ज्ञान



मंडी के राजेंद्र शर्मा अनंत ज्ञान दैनिक समाचार पत्र पढ़ते हुए।



कल्याणी संस्था की प्रधान रजनी शर्मा अनंत ज्ञान अखबार पढ़ती हुईं।



युकां प्रदेश प्रवक्ता डिंपल शर्मा हिमांशु के साथ अनंत ज्ञान समाचार पत्र पढ़ते हुए।



पैलेस कॉलोनी में स्टेट बैंक ऑफ इंडिया से सेवानिवृत्त अरविंद्र शर्मा अनंत ज्ञान अखबार पढ़ते हुए।



जिला कोषागार से सेवानिवृत्त हरीश कुमार दैनिक समाचार पत्र अनंत ज्ञान पढ़ते हुए।



खेम चंद शास्त्री सेवा भारती हिमाचल प्रदेश विवेकानंद छात्रावास समिति अध्यक्ष व एसआर राजू संयोजक मानव कल्याण समिति मंडी अनंत ज्ञान समाचार पत्र पढ़ते हुए।



बंगला मोहल्ला के कमल कपूर अनंत ज्ञान अखबार पढ़ते हुए।



जवाहर नगर के रवि धवन अनंत ज्ञान समाचार पत्र पढ़ते हुए।



पूर्व नगर परिषद अध्यक्ष सुमन ठाकुर अनंत ज्ञान अखबार पढ़ती हुई।



ठाकुर भानु प्रताप पूर्व महासचिव युवा कांग्रेस अनंत ज्ञान अखबार पढ़ते हुए।



मंडी बस अड्डे में समाचार पत्र विक्रय स्टॉल पर समाचार पत्र अनंत ज्ञान।



बालीचौकी में लोक निर्माण विभाग के सहायक अभियंता गोविंद ठाकुर अनंत ज्ञान अखबार पढ़ते हुए।



राज्य विद्युत बोर्ड के उपमंडल कार्यालय बालीचौकी में कार्यरत सहायक अभियंता विशाल कुमार अनंत ज्ञान पढ़ते हुए।

# मंडी में गरजी एमआर एसोसिएशन

## राष्ट्रव्यापी हड़ताल के चलते केंद्र सरकार व दवा उद्योगपतियों के खिलाफ रैली निकाली

**अपनी मांगों के समर्थन में नारेबाजी की, सरकार को भेजा मांग पत्र**

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**

फेडरेशन ऑफ मेडिकल एंड सेल्स रिप्रेजेंटेटिव एसोसिएशन ऑफ इंडिया के बैनर तले सैकड़ों दवा प्रतिनिधि अपनी मांगों को लेकर बुधवार को हड़ताल पर रहे। राष्ट्रव्यापी हड़ताल के चलते मंडी जिला में भी दर्जनों दवा प्रतिनिधि केंद्र सरकार व दवा उद्योगपतियों के खिलाफ सड़कों पर उतरे और रैली निकाल कर अपनी मांगों के समर्थन में नारेबाजी भी की।

इस मौके पर एमआर प्रतिनिधियों ने शहर का चक्कर लगाया और अपनी मांगों से संबंधित मांग पत्र जिला प्रशासन के माध्यम से केंद्र व प्रदेश सरकार को भेजा। मांगों में केंद्र सरकार से सेल्स प्रोमोशन एंपलॉई एक्ट की रक्षा, सेल्स प्रमोशन कर्मचारियों की वैधानिक कार्य नियमावली, सरकारी अस्पतालों व बड़े संस्थानों से दवा प्रतिनिधियों के कार्य करने की रोक को हटाना, सस्ती दवाएं उपलब्ध कराने के साथ जीवन रक्षक दवाएं नि:शुल्क देना, दवा प्रतिनिधियों के डाटा को व्यक्तिगत रखना शामिल है। वहीं सेल्स उत्पीड़न के नाम पर दवा प्रतिनिधियों का उत्पीड़न बंद करना, दवा प्रतिनिधियों का भी आठ घंटे कार्यसमय व न्यूनतम वेतन 25 हजार करना और दवाओं की ऑनलाइन बिक्री को भी बंद करना शामिल है। इसके साथ ही एमआर दवाइयों पर लगने वाले जीएसटी का भी विरोध कर रहे हैं। एसोसिएशन का मानना है कि इससे जनता पर महंगी दवाई का बोझ पड़ेगा।

एसोसिएशन के प्रदेश संयुक्त महासचिव प्रकाश ठाकुर ने कहा कि आज पूरे देश में एमआर अपनी मांगों को लेकर सड़कों पर हैं और केंद्र व प्रदेश की सरकार उनकी मांगों को पूरा नहीं कर रही है। उन्होंने कहा कि यदि सरकार उनकी मांगों को लेकर उदासीन रहती है तो फिर आने वाले समय में संघर्ष को और तेज किया जाएगा।




मंडी में बुधवार को सेरी मंच से मांगें मनवाने के लिए रैली निकालते एमआर एसोसिएशन के सदस्य।

## बोई और सोझा में ईवीएम की जानकारी दी

**सुंदरनगर।** निर्वाचक पंजीकरण अधिकारी एवं एसडीएम सुंदरनगर गिरीश समरा ने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार मतदान प्रतिशत बढ़ाने, अधिक से अधिक मतदाताओं को अपने मत के महत्व और ईवीएम संचालन की विधि के बारे जागरूक करने के लिए उपमंडल में ईवीएम अवेयरनेस टीम के माध्यम से जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि 27-सुंदरनगर विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र के मतदान केंद्र 86-हाड़ा बोई, 87- बरागटा, 88- बाली बटारी, 89-सोझा और 90-भलान के मतदाताओं के लिए पंचायत घर हाड़ा बोई और सोझा में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। वहीं मतदान केंद्र 70- बोबर, 71- बोबर, 82-समौल, 83-करला, 84-दोधरी तथा 85- धन्यारा के मतदाताओं को भी बोबर तथा धन्यारा में मतदान एवं ईवीएम संचालन प्रक्रिया बारे बताया गया।

# मनरेगा में ऑनलाइन हाजिरी बनी आफत

## साइट न चलने पर लग रही है एब्सेंट, यूनियन ने किया विरोध

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट**

मनरेगा कर्मियों की हाजिरी ऑनलाइन लगने के कारण यदि कोई तकनीकी खराबी के कारण साइट पर हाजिरी न दर्ज होने पर मजदूरों की अनुपस्थिति लगाई जा रही है। यह बात मनरेगा व निर्माण मजदूर यूनियन के राज्य महासचिव व श्रमिक कल्याण बोर्ड के सदस्य भूपेंद्र सिंह ने कही।

उन्होंने बताया कि यूनियन के खंड अध्यक्ष करतार सिंह चौहान मनरेगा मजदूरों से मिलने धर्मपुर विकास खंड की सरौन पंचायत के सभी वार्डों में गए तो हयोड़ वार्ड में मजदूरों को सुबह साइट पर ऑनलाइन हाजिरी न लगने के कारण छुट्टी कर दी गई थी और उनकी गैर हाजिरी लगा दी गई थी। वार्ड सदस्य निशा देवी से बात करने पर उन्होंने बताया कि हमें ऊपर से ही ऐसे ही आदेश हैं कि यदि ऑनलाइन हाजिरी न लगे तो उस दिन की एब्सेंट लगानी है और मजदूरों से काम नहीं करवाना है और उन्हें वापस घर भेज देना है। इस पर भूपेंद्र सिंह, करतार चौहान और रमेश भारद्वाज ने ऐतराज जताया कि अगर साइट पर ऑनलाइन हाजिरी न लगे तो ऑफलाइन जो मस्टररोल जारी हुआ होता है उस पर हाजिरी लगाने का प्रावधान है और उसके आधार पर मजदूरों को दिहाड़ी मिल सकती है, लेकिन कई पंचायतों में इस विकल्प को इस्तेमाल नहीं किया जा रहा है। इसलिए उन्होंने बीडीओ से इस बारे सभी पंचायतों को निर्देश जारी करने की मांग की है, वहीं सरौन पंचायत के उन सभी नौ मजदूरों ने बीडीओ को पत्र लिखकर यह मांग की है कि उनकी गैर हाजिरी लगाने के बारे में जांच की जाए और उन्हें इस दिन की भी मजदूरी दी जाए। जिन की मजदूरों की एब्सेंट लगी है उनमें वार्ड सदस्य निशा सहित मजदूर विजय कुमार, शकुंतला, सुमन कुमारी कांता, शकुंतला, शोमा, कांता व किरण कुमारी हैं।



सरौन पंचायत की मनरेगा मजदूर महिलाएं सामूहिक चित्र में।

## गोहर में कुफरी मेला आयोजित

**गोहर।** गोहर उपमंडल में बुधवार को मंडी जनपद के आराध्य देव कमरूनाग के कुफरी मेले का आयोजन धूमधाम से किया गया। गौरतलब है कि गोहर से करीब एक किलोमीटर की दूरी पर स्थित कुफरी धार में यह मेला सदियों से आयोजित किया जा रहा है और स्वयं देव कमरूनाग इस दौरान यहां विराजमान रहते हैं। देव गत दिवस यहां देवलुओं के साथ अपने भंडार से यहां पहुंच गए थे। इस स्थान पर देव कमरूनाग का मंदिर भी है। मंडी जनपद के आराध्य देव कमरूनाग के मेले में हजारों लोगों ने देवता के दर्शन किए और क्षेत्र के किसान और बागवानों ने देवता से बारिश की गुहार लगाई। इस मौके पर मेले में आसपास के दर्जनों देवी देवताओं जिसमें देव बालाकामेश्वर भंगरोह, देव बालाकामेश्वर काकड, माता सिंह वाहिनी घन्याडी, देवखुड्डी जहल,देव गवालु सहित अन्य देवता ने भी शिरकत की और बड़ा देव कमरूनाग से आशीर्वाद लिया। इस मेला में लोग देवताओं के दर्शन करते हैं।



सरदार पटेल विश्वविद्यालय मंडी की प्रति कुलपति प्रो. अनुपमा सिंह दैनिक समाचार पत्र अनंत ज्ञान पढ़ती हुईं।



हिमाचल प्रदेश राज्य सहकारी बैंक बालीचौकी के शाखा प्रबंधक सीआर ठाकुर अनंत ज्ञान अखबार पढ़ते हुए।



एसडीएम बालीचौकी मोहन लाल शर्मा अनंत ज्ञान दैनिक समाचार पत्र पढ़ते हुए।

## आईटीआई जोगिंद्रनगर में खेलें शुरू

**जोगिंद्रनगर।** राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान जोगिंद्रनगर प्रधानाचार्य ई. नवीन कुमारी की अध्यक्षता में बुधवार को छात्र व छात्राओं के हाउस वाइज खेलों का शुभारंभ किया गया। इन खेलों में संस्थान के छह हाउस भाग ले रहे हैं। इन खेलों में खो-खो, कबड्डी, वालीबॉल, बास्केटबाल, बैडमिंटन व एथलेटिक्स को शामिल किया गया है। बुधवार को खो-खो लड़कियों में लेंगसि हाउस इंचार्ज सुनीता वर्मा व हर्मोनि हाउस इंचार्ज वंदना चोपड़ा, बैडमिंटन लड़कियों में स्पिरिट हाउस इंचार्ज लव जम्वाल, मधुवर्षा व करिज हाउस इंचार्ज रमेश नेगी विजय रही। कबड्डी लड़कों में यूनिटी हाउस इंचार्ज प्रियंका, करिज हाउस इंचार्ज रमेश नेगी व लेंगसि हाउस इंचार्ज सुनीता वर्मा एवं वॉलीबाल लड़कों में स्पिरिट हाउस इंचार्ज लव जम्वाल, मधुवर्षा व लेंगसि हाउस इंचार्ज सुनीता वर्मा हाउस विजय रहे। इस दौरान वंदना चोपड़ा, रमेश नेगी, लव, सुनीता वर्मा, अशोक, मूलराज, मोनिका शामिल रहे।

# बंद हुई सड़क को बहाल किया जाए

## वगपौंटा के ग्रामीणों ने एसडीएम को ज्ञापन सौंपकर उठाई मांग

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट**

पांच माह पूर्व भारी बरसात के चलते बंद हुई संपर्क सड़क वग पौंटा स्कूल से लेकर गांव सिहारल तक की बहाली को लेकर एक प्रतिनिधिमंडल पंचायत समिति सदस्य प्रवीण कुमार की अध्यक्षता में एसडीएम सरकाघाट स्वाति डोगरा से मिला और ज्ञापन सौंपा। जिसमें उन्होंने बताया कि 40 वर्ष पूर्व निर्मित पौंटा सरकाघाट वाया हरिवैहना संपर्क सड़क वगपौंटा स्कूल से लेकर गांव सिहारल तक करीब एक किमी सड़क पांच माह पूर्व हुई भारी बारिश के चलते जगह-जगह लैंड स्लाइडिंग होने से बंद हो गई है।

इस सड़क के बंद होने से सिहारल गांव के सैकड़ों लोगों की समस्याएं ही नहीं बढ़ी है, बल्कि अप्पर वरोट व लोअर वरोट के लोगों के लिए परेशानी खड़ी हो गई है। यहां न गैस की गाड़ी आ पाती है न ही एंबुलेंस ही पहुंच पा रही है अगर कोई बीमार हो जाए तो पीठ पर या पालकी में बैठकर मरीज को मेन सड़क तक ले जाना पड़ता है। यही नहीं प्राथमिक पाठशाला वगपौंटा व राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला पौंटा के बच्चों के लिए भी यह सड़क बाधा बनी हुई है। ग्रामीणों से एसडीएम स्वाति डोगरा से मांग की है कि लोक निर्माण विभाग को सड़क को खुलवाने के आदेश दिए जाए ताकि लोगो को राहत मिल सके। इस मौके पर पंचायत समिति सदस्य प्रवीण कुमार, बद्रीदास, मीरा देवी, महिंद्र पाल, जोगेंद्र सिंह, पवन कुमार, कपिल देव, नरेंद्र उपस्थित रहे।



एसडीएम सरकाघाट स्वाति डोगरा को ज्ञापन सौंपते ग्रामीण।

## न्यूज ब्रीफ

### एनिमल बर्थ कंट्रोल केंद्र का निरीक्षण किया

**मंडी।** नगर निगम के महापौर विरेंद्र शर्मा ने छिपणू स्थित एनिमल बर्थ कंट्रोल केंद्र का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के उपरांत महापौर ने कुत्तों की नसबंदी में तीव्रता लाने के लिए अतिरिक्त सात पिंजरों को बढ़ाने के निर्देश जारी किए तथा वहां पर अस्थिर शौचालय लगाने के भी निर्देश दिए। महापौर विरेंद्र भट्ट ने बताया कि केंद्र में अब तक 225 कुत्तों की नसबंदी की जा चुकी है तथा महीने के हर मंगलवार को कुत्तों की नसबंदी की जाती है।

### अंतरराष्ट्रीय मानव एकता दिवस मनाया

**जोगिंद्रनगर।** राजकीय आदर्श कन्या वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला जोगिंद्रनगर में बुधवार को एनएसएस के स्वयंसेवियों ने अंतरराष्ट्रीय मानव एकता दिवस मनाया। इस अवसर पर प्रधानाचार्य डॉ. सुनील दत्त ठाकुर ने स्वयंसेवियों को अंतरराष्ट्रीय मानव एकता दिवस के महत्व के बारे में जानकारी दी। उन्होंने विविधता में एकता का महत्व बताते हुए जागरूकता फैलाने के लिए इस दिवस का विशेष महत्व बताया। एनएसएस प्रभारी कंचन लता के नेतृत्व में राष्ट्रीय सेवा योजना की छात्राओं ने स्कूल परिसर की साफ-सफाई भी की।

### पलक-किरण एनएसएस मेगा कैंप को सिलेक्ट

**मंडी।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक कन्या पाठशाला मंडी में जिला स्तरीय एनएसएस का एकदिवसीय कैंप आयोजित किया गया। इसमें जिलाभर के विद्यालयों से लगभग 220 स्वयंसेवियों व 150 कार्यक्रम अधिकारियों ने भाग लिया। एकदिवसीय चयन प्रक्रिया में कन्या विद्यालय की दो स्वयंसेवी छात्राओं पलक (जमा दो) व किरण (जमा एक)का मेगा कैंप के लिए चयन हुआ जो आगामी दिनों में ऊना में होगा। प्रधानाचार्य भाग सिंह व कार्यक्रम अधिकारी वंदना सरोच ने दोनों को शुभकामनाएं दीं।

### सीएम किसानों पर खर्च करते पैसा

**मंडी।** त्रासदी के दौर में भी प्रदेश सरकार एक साल का जश्न मनाने में व्यस्त रही। बेहतर होता सूबे के मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने जश्न पर खर्च किया पैसा गरीब किसानों के हित में लगाया होता। यह तीखा जुबानी प्रहार भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष संजीव देष्टा ने मंडी में बुधवार को आयोजित प्रेस वार्ता के दौरान किया। संजीव देष्टा ने कांग्रेस पर तंज कसते हुए कहा कि किसानों को राहत देने व अपनी गारंटियों को पूरा करने के बजाय कांग्रेस सरकार जश्न मनाने में व्यस्त है। आपदा के दौर में किसानों को अपनी फसल को मंडियों तक पहुंचाने के लिए कई कठिनाइयों का सामना करना पड़ा। इसके बावजूद भी प्रदेश सरकार ने किसानों का दर्द नहीं समझा।

### सौरभ, मधु व संगीता की टीम बनी विजेता

**मंडी।** सरदार पटेल विश्वविद्यालय में कंप्यूटर साइंस विभाग द्वारा प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन मांडव परिसर में किया गया। कार्यक्रम में प्रो. अनुपमा सिंह प्रति कुलपति सरदार पटेल विश्वविद्यालय मंडी, प्रो. राजेश कुमार शर्मा अधिष्ठाता महाविद्यालय विकास परिषद, डॉ. राकेश कुमार शर्मा प्रभारी इतिहास विभाग तथा कंप्यूटर साइंस विभाग के सहायक आचार्य रुचि ठाकुर, नेहा डोगरा, रविंद्र चंदेल व कविता उपस्थित रहे। क्विज में कंप्यूटर विज्ञान से जुड़े विषय पर प्रश्न पूछे गए। टीमों के नाम कंप्यूटर एंड्रॉयड वर्जन जैसे नौगेट, ओरियो पाई, किटकैट, जेल्विन नाम पर रखा गया। टीम जेल्विन में एमसीए तृतीय सेमेस्टर के सौरभ चंदेल, मधु कुमारी, संगीता ने प्रथम स्थान हासिल किया। टीम पाई में एमसीए फर्स्ट सेमेस्टर के करतार कौर, अभिषेक भारद्वाज, भानु प्रताप ने द्वितीय स्थान हासिल किया। टीम किटकैट में एमसीए तृतीय सेमेस्टर के सिमरन शर्मा, नेहा, सोहम कश्यप ने तृतीय स्थान हासिल किया।

### गैर सामाजिक गतिविधियों पर चिंता जताई

**सुंदरनगर।** बीबीएमबी टाउनशिप सुंदरनगर कॉलोनी स्थित तुनाही महिला मंडल की बैठक का आयोजन कमला देवी की अध्यक्षता में किया गया। इसमें नशे की रोकथाम, बीबीएमबी कॉलोनी में खाली कर्मचारी आवासों में गैर सामाजिक गतिविधियों तथा बीबीएमबी के अधिकारियों द्वारा बरती जा रही लापरवाही को लेकर चिंता जताई गई। महिला मंडल ने इस संबंध में प्रस्ताव पारित का सरकार को भेजा है।इससे पूर्व बीबीएमबी कॉलोनी स्थित तुनाही महिला मंडल की आम सभा में सर्वसम्मति से नीलम पटियाल को दोबारा प्रधान चुना गया, जबकि संतोश कुमारी को वरिष्ठ उपप्रधान, गंगा देवी को उपप्रधान, चंपा अंजू को महासचिव व रेखा देवी को सह सचिव चुना गया है।

**रोष** समैला के उपप्रधान सहित नौ वार्ड मेंबरों ने दी त्याग पत्र की चेतावनी

# प्रधान-सचिव पर मनमानी का आरोप

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट**

गोपालपुर विकास खंड की समैला पंचायत प्रधान और पंचायत सचिव की मनमानी को लेकर पंचायत समिति सदस्य और उपप्रधान सहित नौ वार्ड मेंबरों ने सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित कर एसडीएम को ज्ञापन सौंप कर सामूहिक इस्तीफा देने की चेतावनी दी है। पंचायत समिति सदस्य सुनीता देवी और उपप्रधान भाग सिंह के नेतृत्व में एसडीएम से मिले वार्ड मेंबरों ने ज्ञापन की कॉपी सौंप कर आरोप लगाए हैं कि ग्राम पंचायत समैला की प्रधान और पंचायत सचिव दोनों ही विकास कार्यों में मनमानी कर रहे हैं। विधायक जिला परिषद और पंचायत समिति विकास निधि से लेकर वित्त आयोग के कार्य पूरी तरह से ठप पड़े हैं। आपदा से हुए नुकसान के कार्यों को पूरा नहीं करवाया जा रहा है, जिन लोगों ने इक्का दुक्का कार्य किया भी है तो एक साल से उनके बिलों की अदायगी नहीं की जा रही है। उन्होंने एसडीएम और खंड विकास अधिकारी को सौंपे ज्ञापन में कहा कि प्रधान और सचिन की मनमानी और वित्तीय शक्तियां रद्द की जाए और पंचायत उपप्रधान और वार्ड पंचों द्वारा लगाए गए आरोपों की निष्पक्ष जांच की जाए अन्यथा उपप्रधान और सभी वार्ड सदस्य सामूहिक त्याग पत्र देने को मजबूर होंगे। एसडीएम को ज्ञापन सौंपने के दौरान पंचायत समिति सदस्य सपना देवी, पंचायत उपप्रधान भाग सिंह, वार्ड सदस्य सुनीता देवी, लता कुमारी, राधा देवी, विनोद कुमार, लेख राम, रोशनी देवी, मीना देवी, अनिता कुमारी, नीमा देवी भी शामिल थे। एसडीएम सरकाघाट स्वाति डोगरा ने मामले की पुष्टि करते हुए कहा कि पंचायत जनप्रतिनिधियों ने प्रधान और सचिव के खिलाफ ज्ञापन सौंपा है। इस मामले में खंड विकास अधिकारी के माध्यम से शिकायतों की जांच करवाई जाएगी।



एसडीएम सरकाघाट को ज्ञापन सौंपने के बाद पंचायत प्रतिनिधि सामूहिक चित्र में।

# आग लगने की घटना के बाद आरटीओ ने दो दर्जन स्कूली गाड़ियों को जांचा

## एसडीएम के निर्देशों के बाद क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी के नेतृत्व में प्राइवेट स्कूल की बसों का किया निरीक्षण

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, ऊना**

ऊना के एक प्राइवेट स्कूल की बस में आग लगने की घटना के बाद जिला परिवहन विभाग हरकत में आ गया है। बुधवार को एसडीएम ऊना के निर्देशों के बाद क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी के नेतृत्व में प्राइवेट स्कूलों की बसों का निरीक्षण किया गया। परिवहन विभाग के हरकत में आने के बाद प्राइवेट स्कूल संचालकों तथा स्कूल बसों के संचालकों में अफरा-तफरी का माहौल है।



आरटीओ कार्यालय में स्कूल बस चालकों को दिशा-निर्देश देते आरटीओ।

- जांच के बाद आठ गाड़ियों में कमियां पाईं, आरटीओ ने मौके पर काटे चालान
- आरटीओ ने रक्कड़ कॉलोनी में नाका लगाकर करीब 30 गाड़ियों की जांच की

### बिना फिटनेट गाड़ी को चलने नहीं दिया जाएगा

प्राइवेट स्कूलों में बच्चों को स्कूल लेकर जाने वाली गाड़ियों की जांच की गई है। नियमों को पूरा न करने वाली गाड़ियों को सड़कों पर चलने नहीं दिया जाएगा। बिना फिटनेस पास किए किसी भी वाहन को सड़क पर चलने की अनुमति नहीं दी जाएगी। यह बात स्कूल प्रबंधकों तथा स्कूल बस चालकों को अच्छी तरह से समझ लेनी चाहिए।

**अशोक कल्सी, आरटीओ ऊना।**

बुधवार को स्कूली वाहनों की जांच के लिए क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी की अगुआई में गठित टीम ने स्कूल बसों की जांच का एक अभियान चलाया। इस दौरान आरटीओ अशोक कल्सी के नेतृत्व में टीम की ओर से दो दर्जन के करीब स्कूली वाहनों की जांच पड़ताल की। जांच के बाद स्कूलों की आठ गाड़ियों में कमियां पाई गई, जिस पर आरटीओ ऊना ने मौके पर ही इन आठ वाहनों के चालान काटे। संबंधित स्कूल संचालकों से भविष्य में इन कमियों को दूर करने की हिदायत दी है। क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी की अगुआई में गठित टीम की ओर से जांच में पाया गया कि कई गाड़ियों में अटेंडेंड नहीं पाए गए, तो किसी में अन्य कमियां पाई गईं। विभागीय टीम ने इन सभी गाड़ियों के दस्तावेज अपने कब्जे में लिए हैं। जानकारी के अनुसार स्कूली वाहनों को पुख्ता प्रबंधों को जांचने के लिए आरटीओ ऊना अशोक कल्सी बुधवार को फील्ड में उतरे। आरटीओ ऊना की टीम ने निजी स्कूलों की चल रही गाड़ियों की बारीकी से जांच पड़ताल की। इस दौरान आरटीओ ने रक्कड़ कॉलोनी में नाका लगाकर करीब 30 गाड़ियों की जांच की है। इनमें आठ गाड़ियों में कमियां पाई गईं, जिस पर टीम की ओर से मौके पर ही उनके चालान काट आगामी कार्रवाई अमल में लाई है। पिछले कल एक स्कूली बस के टायर में अचानक आग लगने से बड़ा हादसा होते-होते बच गया। उसे समय इस स्कूली बस में छोटे-छोटे बच्चे सफर कर रहे थे। आग लगने के तुरंत बाद इन बच्चों को जलती बस से अलग किया गया। इस आगजनी की घटना के बाद जिला प्रशासन हरकत में आया है।

# युवाओं को नशे से बचाने के लिए कारगार होगा नशा मुक्त अभियान

**अनंत ज्ञान, ऊना**

नशा मुक्त ऊना अभियान के तहत हर घर दस्तक अभियान का शुभारंभ सैंसोवाल पंचायत में किया गया, जिसकी अध्यक्षता वेटरनरी अधिकारी हरोली डॉ. निखिल ठाकुर ने की। उन्होंने पंचायत सैंसोवाल में अभिभावकों व ग्रामीणों से बात करते हुए कहा कि बच्चे सही जानकारी न होने की वजह से नशीले पदार्थों के जाल में फंस जाते हैं। स्थानीय लोग खुद आगे आकर नशा मुक्त ऊना अभियान को सहयोग दें।

जिला प्रशासन व पुलिस विभाग नशे की सप्लाई को तो रोक सकता है, लेकिन नशे की मांग को स्थानीय बुद्धिजीवी और सभी जिम्मेदार लोग ही मिलकर इस नशे रूपी जाल से बच्चे को बचा सकतें हैं। युवाओं को नशे से बचाने के लिए पूरा जिला प्रशासन गंभीरता से कार्य कर रहा है। क्योंकि नशे की समस्या बहुत गंभीर होती जा रही है, जिसका अभी तक समाज को पर्याप्त जानकारी नहीं है। हर कर्मचारी नशा मुक्त ऊना अभियान के अंतर्गत इसको अपनी जिंदगी का हिस्सा बना रहे हैं, उसी तरह से सभी स्कूल, कॉलेज, आईटीआई नशा मुक्त ऊना अभियान में शामिल हो रहे हैं।



नशा मुक्त अभियान के तहत गांव सैंसोवाल में जागरूकता अभियान चलाते हुए।

अगर किसी को नशे से संबंधित कोई जानकारी चाहिए, तो नशा मुक्त ऊना अभियान के हेल्पलाइन नंबर 94180-64444 पर कॉल करके जानकारी प्राप्त कर सकते हैं और कोई नशे से संबंधित किसी बीमारी का इलाज करवाना है, तो हॉस्पिटल में इनका इलाज किया जाएगा। इस मौके पर नशा मुक्त ऊना अभियान के प्रोग्राम अधिकारी जयेंद्र हीर, दीपशिखा शर्मा, पंचायत प्रधान नरदेव सिंह, समस्त पंचायत प्रतिनिधि चंचल शर्मा, केसरो देवी, ऊषा देवी, अंजु बाला, रेनू बाला, वेटरनरी फार्मा ऑफिसर सुमित कुमार दत्ता, आशा कार्यकर्ता सुमन देवी, सुषमा देवी, पुष्पा देवी, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता नीलम कुमारी, सुमन, सोनिया, मनजिंदर, महिला मंडल, स्वयं सहायता समूह सहित अन्य भी उपस्थित रहे।

## हर हाथ अनंत ज्ञान



अंब के दिलवां गांव में दैनिक अनंत ज्ञान समाचार पत्र पढ़ते पाठक अमित कुमार धीमान।



अंब उपमंडल के गांव चक में दैनिक अनंत ज्ञान समाचार पत्र पढ़ती शशि देवी।



अंब में दैनिक अनंत ज्ञान समाचार पत्र का ताजा अंक पढ़ते राज कुमार गोस्वामी।



अंब के प्रेस क्लब प्रतिनिधि दैनिक अनंत ज्ञान के ताजा अंक का अवलोकन करते हुए।

# यातायात नियम तोड़ने पर 141 वाहनों के काटे चालान

**अनंत ज्ञान, ऊना**

- पुलिस ने अवैध खनन करने पर पांच टिप्पर व एक ट्रैक्टर को जब्त किया
- सात वाहनों से तीन हजार पांच सौ रुपए जुर्माना वसूला

जिला पुलिस ने अवैध खनन, सार्वजनिक स्थलों पर धूम्रपान व यातायात नियमों की अवहेलना करने पर कार्रवाई की है। जिला पुलिस ने यातायात नियम तोड़ने पर 141 वाहनों के चालान किए हैं, जिसमें से सात वाहनों के चालानों का मौके पर ही निपटारा कर तीन हजार पांच सौ रुपए जुर्माना वसूला है, जबकि अन्य 134 चालानों को आगामी कार्रवाई के लिए अदालत में भेज दिया है। वहीं सार्वजनिक स्थान पर धूम्रपान करने पर जिला पुलिस की ओर से धूम्रपान निषेध अधिनियम के अंतर्गत चार व्यक्तियों का चालान करके चार सौ रुपए जुर्माना वसूला है।

जिला पुलिस ने अवैध खनन करने वालों पर भी शिकंजा कसा है। पुलिस ने अवैध खनन करने पर पांच टिप्पर व एक ट्रैक्टर को जब्त किया है, जिसमें से एक ट्रैक्टर के चालान का मौके पर निपटारा करके जुर्माने के रूप में 5115 रुपए प्राप्त किए हैं, जबकि अन्य पांच टिप्परों को जब्त करके आगामी कार्रवाई के लिए खनन विभाग के पास भेज दिया है।

एसपी अर्जित सेन ठाकुर ने बताया कि जिला पुलिस अवैध खनन करने वालों पर कड़ी कार्रवाई कर रही है। ऊना में आईटीएमएस लागू होने से बिगड़ैल वाहन चालकों पर शिकंजा कसा जा रहा है। आईटीएमएस लागू होने से सभी के लिए यातायात नियमों का पालन करना अनिवार्य हो गया है और यातायात नियम तोड़ने वालों के चालान किए जा रहे हैं।

# प्रदेश मेडिकल रिप्रेजेंटेटिव एसोसिएशन की ऊना इकाई ने मांगों के समर्थन में की हड़ताल

## केंद्र सरकार से मांग करते हुए कहा कि बिक्री संवर्धन कर्मचारी एक्ट 1976 को बहाल रखो

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, ऊना**

प्रदेश मेडिकल रिप्रेजेंटेटिव एसोसिएशन की ऊना इकाई ने बुधवार को एमसी पार्क ऊना में इकाई के प्रधान पारस भारद्वाज की अगुआई में एमएमआरएआई के आह्वान पर अपनी विभिन्न मांगों के समर्थन में एक दिवसीय हड़ताल की, जिसमें उन्होंने केंद्र सरकार से विभिन्न मांगों को लेकर रोष प्रदर्शन किया।

उन्होंने केंद्र सरकार से मांग करते हुए कहा कि बिक्री संवर्धन कर्मचारी (सेवा की शर्तें) एक्ट 1976 को बहाल रखो, मेडिकल रिप्रेजेंटेटिव के सरकारी अस्पताल एवं संस्थानों में उनके काम करने के कानूनी अधिकार की रक्षा करें। दवा एवं स्वास्थ्य उपकरणों का दाम कम करो, दवा और स्वास्थ्य उपकरणों पर जीएसटी समाप्त करो। वहीं, उन्होंने मालिकों से मांग करते हुए कहा कि बिक्री संवर्धन कर्मचारी सेल्स के आधार पर उत्पीड़न और छंटनी बंद करें, ट्रेकिंग एवं निगरानी के जरिए के अधिकार का हनन बंद करो। कार्य क्षेत्र में प्रवेश एवं काम के कानूनी अधिकार को बहाल करो।




प्रदेश मेडिकल रिप्रेजेंटेटिव एसोसिएशन की ऊना इकाई के सदस्य एमसी पार्क में अपनी मांगे दिखाते हुए।

यदि उनकी मांगें पूरी नहीं की जाती हैं, तो वह केंद्र सरकार के खिलाफ सड़कों पर उतरकर उग्र प्रदर्शन करेंगे, जिसकी पूरी जिम्मेदारी सरकार की होगी। इस अवसर पर एसोसिएशन के सचिव जगदीप ठाकुर, मोहित शर्मा वशिष्ट, राकेश भुल्लर, अनूप सिंह, सतनाम सिंह, शिव शर्मा, राजेंद्र सिंह, सुनील चौधरी, बलविंदर सिंह व अविनाश शर्मा मौजूद रहे।

# स्पेशल ऑडिट के बीच समिति को निलंबित करना असंवैधानिक निर्णय

**अनंत ज्ञान, गगरेट**

ऊना की सबसे बड़ी ट्रांसपोर्ट सोसायटी द न्यू विशाल हिमाचल गुड्स ट्रांसपोर्ट सोसायटी की प्रबंधन समिति के निलंबन के आदेश को भारतीय जनता पार्टी के पूर्व विधायक राजेश ठाकुर ने लोकतंत्र की हत्या करार दिया है।

अगर ट्रांसपोर्ट सोसायटी में घोटाला हुआ है, तो बेशक घोटाला करने वाले सलाखों के पीछे जाने चाहिए, लेकिन स्पेशल ऑडिट के बीच में ही प्रबंधन समिति को निलंबित करना असंवैधानिक निर्णय है। इस निर्णय से ऐसा प्रतीत होता है कि जैसे सहकारिता विभाग को अपने आडिटरों पर ही भरोसा नहीं है। अगर स्पेशल ऑडिट में कुछ गलत पाया जाता है, तो सहकारिता विभाग सबसे पहले उन आडिटर पर कार्रवाई करे, जो पहले इस सोसायटी का आडिट करके गए। यहां आयोजित पत्रकारवार्ता में राजेश ठाकुर ने कहा कि सहकारी सभाओं में भी प्रबंधन समिति का गठन लोकतांत्रिक प्रणाली के साथ होता है।

### गगरेट की जनता सब देख और समझ रही

गगरेट की जनता सब देख और समझ रही है कि किसके इशारे पर किसके लिए और क्यों किया जा रहा है। चाहिए तो यह था कि स्पेशल ऑडिट के दौरान आडिटर प्रबंधन समिति को साथ लेकर एक-एक रिकॉर्ड उनसे तस्दीक करवाते, ताकि दूध का दूध और पानी का पानी सामने आ जाता, लेकिन जिस प्रकार स्पेशल ऑडिट के बीच में प्रबंधन समिति को निलंबित कर प्रशासक नियुक्त किया गया है, उससे ऐसा प्रतीत होता है कि राजनीतिक दबाव में विभागीय अधिकारी भी अपने मनमाफिक ऑडिट करवाना चाहते हैं। समय आने पर उन अधिकारियों से जवाब मांगा जाएगा, जो सत्ता के दबाव में निष्पक्षता त्याग कर काम कर रहे हैं।

चाहिए तो यह था कि सहकारिता विभाग पहले स्पेशल ऑडिट पूरा करता और अगर घोटाला निकलता, तो घोटाले के दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई करता, लेकिन पहले स्पेशल ऑडिट शुरू करवाया गया और फिर राजनीतिक दबाव में प्रबंधन समिति को ही निलंबित कर दिया गया।

क्या जो ऑडिटर स्पेशल आडिट के लिए लगाए गए हैं क्या उन्होंने लिखित रूप से विभाग के अधिकारियों से कहा था कि प्रबंधन समिति उनके ऑडिट के आड़े आ रही है।

# रेहड़ी-फड़ी लगाकर यातायात बाधित करने पर कटा चालान

**चिंतपूर्णी।** चिंतपूर्णी पुलिस ने मोगा सराय के पास सड़क के बीचों-बीच रेहड़ी-फड़ी लगाकर सामान बेचने पर कार्रवाई की है। पुलिस ने आरोपी रेहड़ी-फड़ी संचालक राकेश कुमार निवासी राजस्थान के खिलाफ मामला दर्ज किया है। जानकारी के अनुसार चिंतपूर्णी पुलिस ने बुधवार को गश्त के दौरान देखा कि मोगा सराय के पास सड़क के बीचों-बीच रेहड़ी लगाकर सामान बेच रहा है, जिससे आम जनता को आने-जाने व यातायात में बाधा उत्पन्न हो रही थी।

इसके साथ-साथ वाहन चालकों को भी परेशानियां हो रही थीं। पुलिस ने रेहड़ी-फड़ी संचालक राकेश कुमार का चालान काटकर आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है। एसपी अर्जित सेन ठाकुर ने कहा कि चिंतपूर्णी में मोगा सराय के पास एक रेहड़ी संचालक सामान बेच रहा था, जिससे लोगों को आने-जाने व यातायात में बाधा उत्पन्न हो रही थी। पुलिस ने रेहड़ी संचालक के खिलाफ मामला दर्ज कर आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है।

# शिंगारा व मुकेश को सरकार से सम्मानित करने का प्रस्ताव रखा



हरोली की पंचायत समिति की त्रैमासिक बैठक के आयोजन पर मौजूद लोग।

**अनंत ज्ञान, हरोली**

हरोली की पंचायत समिति की त्रैमासिक बैठक पंचायत समिति हाल हरोली में बुधवार को आयोजित हुई।

बैठक में प्रेम सिंह औजला की ओर से प्रस्ताव रखा गया कि सिविल अस्पताल के डॉक्टर शिंगारा सिंह व पशुपालन विभाग के फार्मासिस्ट मुकेश कुमार धीमान को उनके सराहनीय कार्यों कर्तव्यनिष्ठा, उत्कृष्ट कार्यों व काम के प्रति सेवा भाव के लिए राज्य सरकार से सम्मानित करने का प्रस्ताव रखा, जिसे पूर्ण बहुमत से पास करके राज्य सरकार को इन्हें सम्मानित करने के बारे प्रस्ताव में भेजा गया। अवैध खनन पर उपाध्यक्ष सतीश कुमार व पवन बीटन की ओर से मुद्दा उठाया गया कि स्वां से सिंगा, बाथू, बाथड़ी, करमपुर, कांटे, पालकवाह से दिन-रात पंजाब को रेत माफिया रेत सप्लाई कर रहा है, निजी उपयोग के लिए रेत की एक ट्राली भी पुलिस व माइनिंग विभाग नहीं ले जाने देता पर पंजाब को धड़ले से रेत जा रहा है, जिसकी प्रस्ताव की कॉपी डीजीपी पुलिस व पुलिस अधीक्षक ऊना को भेजी गई है। पंचायत समिति सदस्य प्रेम सिंह औजला की ओर से पिछली बैठकों में उठाए मुद्दे पर सिविल अस्पताल हरोली में जन औषधि केंद्र खोलने के लिए सरकार की और ये स्वीकृति प्रदान करने पर सरकार का आभार जताया गया।

**बैठक** भूमि तकसीम के लंबित अधिकतर मामलों को 20 जनवरी तक निपटाएं राजस्व अधिकारी : डीसी

# ऊना में तकसीम से संबंधित 406 मामले निपटाए

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, ऊना**

जिला ऊना में भूमि तकसीम से संबंधित लंबित अधिकतर मामलों को राजस्व अधिकारी 20 जनवरी तक निपटाना सुनिश्चित करें। यह निर्देश डीसी राघव शर्मा ने इस संबंध में आयोजित बैठक के दौरान उपस्थित राजस्व अधिकारियों को दिए।

प्रदेश सरकार की ओर से 21 नवंबर से 20 जनवरी तक भूमि तक्सीम से संबंधित लंबित मामलों को एक विशेष अभियान के तहत समाप्त करने का निर्णय लिया गया है। इस अभियान के एक माह के दौरान जिला ऊना में तकसीम से संबंधित 406 मामले निपटाए गए हैं। उन्होंने राजस्व अधिकारियों को निर्देश दिए कि आगामी एक माह के दौरान एक निर्धारित लक्ष्य के तहत भूमि तकसीम से संबंधित कार्य को सर्वोच्च प्राथमिकता के आधार पर निपटाया जाए। राघव शर्मा ने बैठक में उपस्थित सभी तहसीलदारों व नायब तहसीलदारों को निर्देश दिए कि वे इस कार्य के निष्पादन के लिए रोजाना राजस्व अदालतों का आयोजन कर तक्सीम से संबंधित मामलों की सुनवाई करें तथा आगामी 20 जनवरी तक तकसीम के अधिकतर मामलों को पूरा करना सुनिश्चित करें। रोजाना किए गए तकसीम मामलों की कार्य प्रगति रिपोर्ट निरंतर जिला मुख्यालय में अवश्य प्रेषित करें तथा इसे आरएमएस (रेवेन्यू मैनेजमेंट सिस्टम) पर अपडेट करना सुनिश्चित करें। यह कार्य प्रदेश सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है तथा सभी राजस्व अधिकारी इसे अत्यंत गंभीरता से लें। प्रदेश सरकार के निर्देशानुसार इस अभियान के दौरान किए गए कार्य प्रगति को संबंधित राजस्व अधिकारी की वार्षिक गोपनीय रिपोर्ट में भी दर्शाया जाएगा।



तकसीम से संबंधित लंबित मामलों को लेकर राजस्व अधिकारियों के साथ बैठक करते डीसी ऊना।

उन्होंने राजस्व विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि आगामी प्रत्येक माह की एक व दो तारीख को तहसीलदार व नायब तहसीलदार स्तर पर राजस्व लोक अदालतों का भी आयोजन किया जाए, जिसमें इंतकाल के साथ-साथ तकसीम तथा अन्य राजस्व संबंधी मामलों को निपटाए जाए।

### ये रहे उपस्थित

बैठक में एडीसी ऊना महेंद्र पाल गुर्जर, एसडीएम हरोली विशाल शर्मा, एसडीएम बंगाणा मनोज कुमार, एसडीएम अंब विवेक महाजन, एसडीएम ऊना विश्व मोहन देव चौहान, एसडीएम गगरेट शशी पाल शर्मा, जिला राजस्व अधिकारी अजय कुमार सिंह, तहसीलदार बंगाना रोहित कंवर, तहसीलदार ऊना हुसन चंद चौधरी, तहसीलदार अंब प्रेमलाल धीमान, तहसीलदार हरोली जयमल सिंह सहित विभिन्न तहसीलों व उपतहसीलों के नायब तहसीलदार तथा राजस्व विभाग के अन्य अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

# सासन स्कूल के बच्चों को यातायात नियमों के प्रति किया जागरूक

**अनंत ज्ञान, मैहतपुर**

राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला सासन में रोड सेफ्टी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान पाठशाला के विद्यार्थियों को यातायात नियमों के बारे में जागरूक किया गया।

इस मौके पर संदेश भारती संस्था के अध्यक्ष पंडित कृष्ण कुमार लद्धाखी ने विद्यार्थियों को भारतीय संस्कृति एवं नैतिक शिक्षा पर व्याख्यान दिया। उन्होंने विद्यार्थियों को यम, नियम, प्राणायाम, प्रत्याहार, धारणा, समाधि के विषयों में विस्तार से अवगत करवाया। इस मौके पर समाजसेवी विष्णु स्वरूप अंगिरस ने विद्यार्थियों को जीवन में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में मैहतपुर पुलिस थाना में ट्रैफिक प्रभारी मुकेश कुमार ने यातायात नियमों की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि 18 साल से नीचे कोई भी विद्यार्थी वाहन न चलाएं। बच्चे अपने माता-पिता को भी घर में जाकर दोपहिया वाहन हेल्मेट पहनकर चलने के लिए प्रेरित करें। इसके अलावा गाड़ी चलाते समय सीट बेल्ट पहनने तथा यातायात नियमों का पालन करने के लिए अपने अभिभावकों को प्रेरित करें। मुकेश कुमार ने कहा सड़क पर ज्यादातर दुर्घटनाएं लापरवाही और तेज वाहन चलाने से होती हैं। ऐसे में सभी निर्धारित यातायात नियमों के अधीन वाहन चलाना चाहिए। भारत में हर एक घंटे में 53 दुर्घटनाएं होती हैं और इनमें से करीब 19 व्यक्ति काल का ग्रास बन जाते हैं। इसके पश्चात् स्कूली बच्चों ने प्रिंसिपल बजिंदर सिंह की अगुआई में यातायात नियम जागरूकता रैली निकाली। इस दौरान मैहतपुर पुलिस थाना में तैनात ट्रैफिक कर्मी सुनील कुमार, वीरेंद्र कुमार, आशा, रोजी, अभिनंदन, गुरबख्श व अजय सिंह भी उपस्थित रहे।




सासन स्कूल में यातायात नियमों को लेकर जागरुकता रैली निकालते स्टूडेंट्स।

## हर हाथ अनंत ज्ञान

भरेड़ी में दैनिक अनंत ज्ञान पढ़ते हुए पाठक।


राजेश शर्मा


रघुवीर सिंह


शोकी चौधरी


धर्म चंद शर्मा


शशि मिसरा


सोनू चौधरी


सोनू सैनी


अनंत ज्ञान दैनिक समाचार पत्र को पढ़ते कस्बा बड़ा के युवा रिशु सोनी।


हमीरपुर जिले में खिलती धूप में कस्बा बड़ा में अनंत ज्ञान समाचार पत्र को पढ़ते हुए स्थानीय व्यापारी संजीव धीमान।

# नशा पूरे देश में प्रशासन के लिए बना सिरदर्द

## टौणी देवी के स्काउट्स गाइड्स ने नशा करने वालों को समाज से बहिष्कृत करने का किया आह्वान

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, हमीरपुर**

नशाखोरी पूरे देश में प्रशासन के लिए सिरदर्द बना हुआ है। सिर्फ पंजाब ही नहीं देश का हर राज्य इस बीमारी से जूझने को मजबूर है। हिमाचल प्रदेश में भी नशा एक महामारी की तरह फैल रहा है और नशाखोरी में प्रदेश दूसरे नंबर पर पहुंच गया है। इससे नशा करने वालों की मृत्यु दर भी बढ़ती जा रही है और तमाम दावों के बावजूद नशा नहीं रुक पा रहा है।

नशे की अंधी गलियों में दुनिया भर के भटक रहे युवाओं को बाहर निकालना हरेक का नैतिक कर्तव्य है। इसी कर्तव्य पथ पर राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला टौणी देवी के स्काउट्स एंड गाइड्स, स्काउट मास्टर सतीश राणा और गाइड कैप्टेन कुसुम लता के मार्ग-दर्शन में प्रोजेक्ट निश्चय के अंतर्गत लोगों को लगातार जागरूक करने का प्रयास कर रहे हैं। जिसके अंतर्गत आज एक ऐसा ही प्रयास गांव सिसवां में नुक्कड़ नाटक, गाने एवं वाद-विवाद के माध्यम से किया गया।



टौणी देवी में स्काउट्स एंड गाइड्स नशा करने वालों को संदेश देते हुए।

प्रधानाचार्य रजनीश रांगड़ा ने बताया कि आज बच्चों से लेकर बुजुर्ग तक नशे के गुलाम बन चुके हैं। कैसी विडंबना है कि मानव को नशे से होने वाली बीमारियों का पता तो है, फिर भी खुद ही मौत को दावत दी जा रही है। दुनिया में हर साल लाखों युवा नशे के कारण असमय ही मौत के आगोश में समाते जा रहे हैं। अब वक्त आ गया है कि समाज को इस बुराई पर मंथन करना ही होगा, ताकि नशे का कारोबार करने वालों पर दंडात्मक कारवाई करनी होगी। स्कूल व कॉलेज के सौ मीटर के दायरे में धूम्रपान बेचने वालों को सजा दी जाए, जो चंद रुपए की खातिर युवाओं का जीवन लील रहे हैं। वहीं सतीश राणा ने कहा कि समाज को नशे के विरुद्ध आवाज उठानी होगी ताकि युवाओं का भविष्य संवर सके। अगर समाज अब भी नहीं जागा तो युवा नशे की दलदल में धंसता जाएगा।

समाज से इस बुराई को जड़ से मिटाना होगा। नशे को बंद करने के लिए कानून बनाना चाहिए। नशा मुक्ति से ही परिवार को टूटने से बचाया जा सकता है स्काउट्स एंड गाइड्स ने उपस्थित जनसमूह को नशा निषेध पर एक संकल्प लेने का आह्वान किया कि नशा करने वालों को समाज से बहिष्कृत किया जाए, उनका हुक्का-पानी बंद किया जाए, ताकि एक स्वस्थ समाज का निर्माण हो सके और युवाओं का जीवन बचाया जा सके।

# कालका-सुजानपुर बस रूट फिर हुआ बहाल

**रवि ठाकुर, हमीरपुर**

कोराना काल से बंद पड़ा कालका-सुजानपुर बस रूट दोबारा बहाल कर दिया है। निगम की बस वापसी में अब वाया फोरलेन होकर हमीरपुर आएगी। ऐसे में हमीरपुर जिला के यात्रियों को फोरलेन एक और नई बस सुविधा शुरू हो गई है। क्षेत्र के लोग इस रूट को शुरू होने से राहत की सांस ले रहे हैं। अब उन्हें कालका जाने के लिए बार-बार बसें नहीं बदलनी पड़ेंगी।

बता दें कि ऊना डिपो का कालका से सुजानपुर चलने वाला लांग रूट कोरोना काल से बंद पड़ा हुआ था। हालांकि दो-तीन माह पहले भी इस रूट को वाया नादौन भी चलाया गया था, लेकिन यात्रियों की संख्या कम होने के चलते बस को बंद करना पड़ा था। निगम ने बस रूट को दोबारा बहाल किया है। हालांकि वापसी



में बस अब ऊना की बजाय वाया कीरतपुर होकर हमीरपुर पहुंचेगी। ऐसे में फोरलेन सड़क मार्ग से एक और बस रूट जुड़ गया है।

क्षेत्रीय प्रबंधक, ऊना सुरेश धीमान के अनुसार कालका से सुजानपुर चलने वाला बस रूट दोबारा बहाल कर दिया गया है। कालका से वापसी का रूट वाया भगेड़ किया गया है, जो कि पहले वाया ऊना, भोटा होते हुए हमीरपुर चलता था। फोरलेन मार्ग पर जहां यात्रियों का समय बचेगा। वहीं किराये में भी यात्रियों को बचत हो रही है। यात्री निगम की बस सुविधा का ज्यादा से ज्यादा लाभ उठाएं। (अनंत ज्ञान)

# प्लास्टिक कलेक्शन-डे पर एकत्र किया यूजलेस प्लास्टिक

**वीरेंद्र गोस्वामी, बड़ा**

मुख्यमंत्री के गृह जिले को प्लास्टिक मुक्त बनाने के लिए जिला प्रशासन ने एक नई पहल की है, जिसके चलते जिला प्रशासन ने सभी खंड विकास अधिकारियों को आदेश दिए हैं कि वे अपने विकास खंड की सभी पंचायतों को प्लास्टिक मुक्त करने के लिए 20 दिसंबर के दिन को प्लास्टिक कलेक्शन-डे के रूप में मनाए जिसके चलते पंचायत प्रतिनिधियों को ये आदेश दिए कि वे अपनी पंचायत में अपने समस्त पंचायत प्रतिनिधियों के साथ मिलकर हर घर से यूजलेस प्लास्टिक को एकत्रित करके इसे जो प्लास्टिक प्रबंधन यूनिट बनाए गए है वहां जाकर इसे हैंडओवर करें।

जिला प्रशासन के इन्हीं आदेशों का पालन करते हुए आज विकास खंड नादौन की पंचायतों में प्लास्टिक कलेक्शन-डे अभियान को सकारात्मक रूप देते हुए पंचायत प्रतिनिधियों द्वारा अपनी पंचायत में लोगों के घर घर जाकर यूजलेस प्लास्टिक को एकत्रित किया। इस दौरान ब्लॉक समिति के वाइस चेयरमैन एवं भाजपा मंडलाध्यक्ष वीरेंद्र पठानिया, जिला परिषद आशीष डोगरा, पंचायत बड़ा के उपप्रधान अशोक कुमार, वार्ड प्रतिनिधि कल्पना देवी, संजीव कुमार (भंडारी) के अतिरिक्त और कई गणमान्य व्यक्ति शामिल थे। (अनंत ज्ञान)


यूजलेस प्लास्टिक को एकत्रित करते हुए ब्लॉक समिति के वाइस चेयरमैन वीरेंद्र पठानिया।



**प्लास्टिक** कलेक्शन-डे जिला प्रशासन के जारी आदेशों पर आज नादौन की प्रत्येक पंचायत में आयोजित किया गया, जिसके तहत नादौन की प्रत्येक पंचायत ने जिला प्रशासन के आदेशों का पालन करते हुए अपनी पंचायत में यूजलेस प्लास्टिक को एकत्रित किया और इसे नादौन के कलूर में स्थापित प्लास्टिक प्रबंधन यूनिट के हैंडओवर किया गया।

**-निशांत शर्मा, खंड विकास अधिकारी, नादौन**

## प्लास्टिक कचरे का किया संग्रह

**हमीरपुर।** हिमाचल प्रदेश सरकार के निर्देशानुसार स्वच्छ भारत मिशन अभियान के अंतर्गत जिला हमीरपुर उपनिदेशक प्रारंभिक कार्यालय हमीरपुर के परिसर में प्लास्टिक कचरे का संग्रह किया गया। कार्यालय स्टाफ की ओर से लगभग 15 किलो से ज्यादा प्लास्टिक कचरा इकट्ठा किया गया। उपनिदेशक प्रारंभिक शिक्षा विभाग अशोक कुमार ने कहा कि यह अभियान जिला हमीरपुर के सभी स्कूलों में प्रत्येक माह की 20 तारीख को अध्यापकों की देख-रेख में चलाया जाएगा। इस अभियान का मुख्य लक्ष्य जिला हमीरपुर को प्लास्टिक के कचरे से मुक्त करना है। इस अभियान में स्टाफ की ओर से कश्मीर सिंह, करतार चंद , राजेश गौतम, सुरजीत कुमार, अरुण कुमार, अशोक कुमार, पम्मी लता, अनीता कुमारी, राज कुमार, सुदेश कुमारी, मीना कुमारी, अमिता कंवर विशेष रूप से उपस्थित रहे।


हमीरपुर परिसर में प्लास्टिक कचरे का संग्रह करते अशोक कुमार व अन्य।

## न्यूज ब्रीफ

### नेहा जीव विज्ञान अध्यापक के पद पर चयनित



जीव विज्ञान अध्यापक के पद पर चयनित नेहा के साथ अन्य शिक्षक।

**हमीरपुर।** करियर प्वाइंट यूनिवर्सिटी के ज्योलॉजी विभाग की एक स्टूडेंट का चयन सीबीसी इंस्टीट्यूट नकोदर (पंजाब) में जीव विज्ञान अध्यापक के पद पर चयन हुआ है। विभाग की असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. सोनिका ने बताया कि सीबीसी स्टूडेंट्स की प्लेसमेंट करने के लिए यूनिवर्सिटी में पहुंची थी, जिसमें एमएससी ज्योलॉजी अंतिम वर्ष के स्टूडेंटस ने भाग लिया था। चयनित स्टूडेंटस को 28 हजार प्रति माह वेतन दिया जाएगा। विभागाध्यक्ष डॉ. नेहा व विभाग के प्रोफेसरों ने तमन्ना को बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए शुभकामनाएं दीं।

### विद्युत उपमंडल-एक में आज बंद रहेगी बिजली

**हमीरपुर।** विद्युत उपमंडल-एक हमीरपुर में 21 दिसंबर को लाइनों की आवश्यक मरम्मत के चलते गांव झनियारी, सासन, बल्ह भलवाणा, पंथेरी, खिल्ला, गरथेड़ी ब्राह्मणा, जटेड़ी, जसकोट और आसपास के गांवों में सुबह नौ से सायं पांच बजे तक बिजली बंद रहेगी। सहायक अभियंता सुनील कुमार ने इस दौरान सभी उपभोक्ताओं से सहयोग की अपील की है।

### वित्तीय जागरूकता शिविर में दी जानकारियां



शाखा प्रबंधक शिवानी कानूनगो व अन्य लोगों को जागरूक करती हुईं।

**हमीरपुर।** केसीसी बैंक की पक्का भरो शाखा द्वारा नाबार्ड के सौजन्य से दड़ूही गांव में वित्तीय साक्षरता एवं जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। इस मौके पर शाखा प्रबंधक शिवानी कानूनगो ने लोगों को प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति योजना और बैंक द्वारा चलाई जा रही विभिन्न जनहितैषी योजनाओं के बारे में बताया। उन्होंने एटीएम के फायदे और हो रहे फ्रॉडस से बचने के बारे में बताया। इस अवसर पर प्रदीप कुमार, सीमा कुमारी, रीता कुमारी, ज्योति, अनामिका व आंचल आदि मौजूद रहे।

### नवजातों को स्वास्थ्य सुविधाएं देने के लिए कसी कमर

**हमीरपुर।** ग्रामीण स्तर पर नवजात बच्चों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा मिले इसके लिए स्वास्थ्य विभाग ने कमर कसते हुए हमीरपुर जिले की आशा वर्करों को प्रशिक्षण दिया जा रहा है। जिसमें आशा वर्करों को ग्रामीण क्षेत्रों में छोटे बच्चों की देखभाल के लिए प्रशिक्षित किया जा रहा है। हमीरपुर में चल रहे पांच दिवसीय प्रशिक्षण शिविर के दौरान जिला भर के आशा वर्कर, एएनएम और सुपरवाइजरों को प्रशिक्षण दिया जा रहा है। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. आरके अग्निहोत्री ने बताया कि नौनिहालों के स्वास्थ्य जांच के साथ-साथ बीमारियों का पता लगाने के लिए प्रशिक्षण दिया जा रहा है। प्रशिक्षण के दौरान तीन माह के बच्चों को होने वाली बीमारियों से लेकर बाकी देखभाल की जांच परख भी की जाएगी। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. आरके ने बताया कि आशा वर्करों के द्वारा सुनिचित किया जाएगा कि तीन से 15 महीने तक के बच्चों की देख-रेख सही ढंग से हो, इसके लिए प्रशिक्षण में बताया जा रहा है।


डॉ. आरके अग्निहोत्री

# स्टूडेंट्स को दी एनीमिया और मासिक धर्म स्वच्छता की जानकारी



राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला लोहारली में स्टूडेंट्स को जागरूक करते अधिकारी।

**अनंत ज्ञान, बिझड़ी**

बिझड़ी में राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला लोहारली में 'वो दिन' योजना के तहत मासिक धर्म स्वच्छता दिवस पर जागरूकता शिविर की अध्यक्षता बाल विकास परियोजना अधिकारी एनआर नेगी ने की।

इस अवसर पर स्टूडेंट्स को अनीमिया और मासिक धर्म स्वच्छता के बारे में जानकारी देते हुए एनआर नेगी ने कहा कि किशोरियों एवं महिलाओं में मासिक धर्म एक प्राकृतिक एवं स्वभाविक प्रक्रिया है। इस दौरान स्वच्छता का विशेष ध्यान रखकर किशोरियां एवं महिलाएं कई गंभीर बीमारियों से बच सकती हैं। शिविर के दौरान स्वास्थ्य विभाग की अधिकारी शैलजा शर्मा ने भी एनीमिया, बच्चों के पहले 1000 दिनों के दौरान सही पोषण और मासिक धर्म के दौरान व्यक्तिगत स्वच्छता के बारे में कई महत्वपूर्ण जानकारियां साझा कीं।

कार्यक्रम के दौरान स्टूडेंट्स ने अनीमिया और मासिक धर्म स्वच्छता को मासिक धर्म स्वच्छता प्रबंधन और एनीमिया पर प्रश्नोत्तरी, भाषण, चित्रकला और नारा लेखन प्रतियोगिता भी आयोजित की गई। भाषण प्रतियोगिता में महक प्रथम, स्मृति द्वितीय व साक्षी तृतीय रही।

# शोरूम या गोदाम से सिलेंडर लेने पर 29.26 रुपए की छूट

**हमीरपुर।** टौणीदेवी के कक्कड़ गांव में स्थित इंडेन गैस एजेंसी के अंतर्गत आने वाले गांवों के उपभोक्ताओं के लिए रसोई गैस सिलेंडर के दाम डीसी हेमराज बैरवा ने तय कर दिए हैं। ये दाम उक्त गांवों के फोकल प्वाइंट्स तक सिलेंडर पहुंचाने के लिए निर्धारित किए गए हैं। उन्होंने बताया कि कक्कड़, भेरड़ा और बजरोल में 14.2 किलोग्राम गैस सिलेंडर की रिफिलिंग के 953 रुपए और फोकल प्वाइंट्स तक पहुंचाने के लिए 23 रुपए के अतिरिक्त शुल्क सहित कुल 976 रुपए निर्धारित किए गए हैं। इसी प्रकार गांव गुभर, खनौली, जियाणा, भराइयां दी धार, कोठुवां दी धार, छंब, थले, मंढियार, पुरली, कुणसरा और उटपुर के लिए 26 रुपए के अतिरिक्त शुल्क सहित सिलेंडर के दाम 979 रुपए निर्धारित किए गए है

**डीसी ने कक्कड़-उटपुर के लिए निर्धारित किए गैस के दाम**

डीसी ने गैस एजेंसी के संचालक को क्षेत्र के विभिन्न गांवों में गैस सिलेंडर की आपूर्ति करने वाली गाड़ी में लाउड स्पीकर स्थापित करने, सिलेंडर तोलने की मशीन रखने और सिलेंडर के दाम एवं अतिरिक्त शुल्क की सूची तथा गाड़ी का रूट चार्ट प्रदर्शित करने के आदेश भी दिए हैं। उन्होंने बताया कि गैस संचालक उपभोक्ताओं को किसी भी तरह के अन्य सामान जैसे-गैस चूल्हा इत्यादि खरीदने के लिए बाध्य नहीं करेगा। अगर उपभोक्ता गैस एजेंसी के शोरूम या गोदाम से सिलेंडर लेने का आग्रह करता है, तो उस विक्रेता को 29.26 रुपए की छूट दे सकता है। इनका उल्लंघन करने पर गैस एजेंसी के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

# ब्रास बैंड प्रतियोगिता में डीएवी हमीरपुर ने लहराया परचम



डीएवी हमीरपुर के स्टूडेंटस की ब्रास बैंड टीम।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, हमीरपुर**

स्कूली शिक्षा, साक्षरता विभाग और शिक्षा मंत्रालय द्वारा रक्षा मंत्रालय के सहयोग से मोहाली (पंजाब) में समग्र शिक्षा के तहत आयोजित राष्ट्र स्तरीय नार्थ जोन ब्रास बैंड प्रतियोगिता में डीएवी हमीरपुर के स्टूडेंटस ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर पूरे नार्थ जोन मे प्रथम स्थान हासिल किया। मोहाली के सीनियर सेकेंडरी स्कूल में आयोजित इस प्रतियोगिता में दिल्ली, जम्मू, श्रीनगर, हिमाचल, बिहार, उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड व पंजाब से कई टीमों ने भाग लिया।

ब्रास बैंड में डीएवी पब्लिक स्कूल हमीरपुर पहले स्थान पर रहा। स्कूल की 25 सदस्यों की ब्रास बैंड टीम के विजेताओं को ट्रॉफी व सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया गया। स्कूल पहुंचने पर बैंड टीम का भव्य स्वागत किया गया। विश्वास शर्मा ने बताया कि स्कूल की 25 सदस्यों की ब्रास बैंड टीम नेशनल प्रतियोगिता में नार्थ जोन का प्रतिनिधित्व करेगी। सभी खिलाड़ी नेशनल प्रतियोगिता की तैयारी में जुट गए हैं। उन्होंने स्टूडेंटस व उनके प्रशिक्षक कमलेश कुमार को उनकी इस उपलब्धि पर हार्दिक बधाई।

# ऑनलाइन ठगी से बचने के लोगों को बताए तरीके

**हमीरपुर।** कांगड़ा केंद्रीय सहकारी बैंक सीमित शाखा ऊहल द्वारा नाबार्ड के सहयोग से परनाली गांव में वित्तीय साक्षरता जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। इसमें शाखा प्रबंधक रजनीश कुमार व नरेश कुमार ने ग्रामीणों को किसान क्रेडिट कार्ड, स्वरोजगार ऋण, वाहन ऋण, गृह निर्माण ऋण, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, प्रधानमंत्री बीमा योजना व अटल पेंशन योजना के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने साथ ही ग्रामीण महिलाओं को स्वयं सहायता समूह बनाने के लिए प्रेरित किया। साथ ही बैंक की जमा योजनाओं की जानकारी भी साझा की। उन्होंने कैशलेस बैंकिंग तथा ऑनलाइन ठगी से बचने के तरीके भी बताए। इस अवसर पर भूमि चंद शास्त्री, लेखा परीक्षा अधिकारी वीर सिंह, कैप्टन जगत राम, वार्ड सदस्य सुनीता देवी, सिमरो देवी, विद्या देवी, चंचला देवी, जमुना देवी, राजो देवी, होशियार सिंह, बहादुर सिंह आदि मौजूद थे।

**जाएं तो जाएं कहां?** लोस के आम चुनाव नजदीक, नेताओं की भरमार के बीच कार्यकर्ताओं की 'दुविधा'

# ज्यादा 'पावर सेंटर' होने से हमीरपुर विस क्षेत्र की राजनीति में जिम्मेदारी उठाने से परहेज क्यों?

**विक्रम ढटवालिया, हमीरपुर**

हमीरपुर जिले की राजनीति वैसे तो हमेशा ही चर्चा में रहती आई है, लेकिन इस बार जिले की राजनीति ने जो नई करवट ली है, उसमें हमीरपुर विधानसभा क्षेत्र अजीबो-गरीब 'उलझन' में दिखने लगा है। दूसरे विधानसभा क्षेत्र के मुकाबले में नेताओं की तो भरमार है, लेकिन जिम्मेदारी लेने को यहां कोई तैयार नहीं है। अपने-अपने हिसाब की राजनीति में यह तमाम नेता मसरूफ हैं। लोकसभा के आम चुनाव ठीक सामने दिखने लगे हैं। ऐसे में राजनीति की यह नई पायदान कार्यकर्ताओं को अलग तरह की खुसर-पुसर के हालात में छोड़ रही है। लोकसभा के आम चुनाव नजदीक आ रहे हैं और नेताओं की भरमार के बीच कार्यकर्ताओं की 'दुविधा' में फंसे हुए हैं।

## किस नेता की दिखेगी ज्यादा 'चमक'

**हमीरपुर** विधानसभा क्षेत्र में आशीष शर्मा निर्दलीय विधायक हैं। उन्होंने भाजपा और कांग्रेस, दोनों राजनीतिक दलों के उम्मीदवारों को बुरी तरह पछाड़कर सत्ता पर कब्जा किया। बाद में सुक्खू सरकार के गठन के उपरांत माहौल भी ऐसा बना कि सत्ता में उनकी ही हमीरपुर से 'पूछ' होगी। शुरू में सब ठीक था लेकिन जैसे-जैसे पावर सेंटर के रूप में और नेताओं को तवज्जो मिलने लगी। क्षेत्र की राजनीति के हालात भी बदलने लगे। अब हालात यह हो गए हैं कि सत्ता के केंद्र यहां पर अलग-अलग नेताओं के हवाले चले गए हैं।

इसी वजह से अपने-अपने हिसाब की राजनीति क्षेत्र में इस समय हावी हो गई है। इसका असर आने वाले विधानसभा चुनावों में क्या गुल खिलाएगा? किस नेता की 'चमक' ज्यादा दिखेगी? या फिर कांग्रेस और भाजपा के दरमियान नेताओं के इस बंटेधार पर नफा-नुकसान राजनीतिक दलों का होगा, या फिर व्यक्तिगत रूप में सत्ता सुख भोगने वालों की जवाब देही का। इसका भी आंकलन शुरू हो गया है।


विधायक आशीष शर्मा, जिला अध्यक्ष कुलदीप पठानिया, डॉ. पुष्पेंद्र वर्मा व सुनील शर्मा बिट्टू।

कांग्रेस के भीतर शुरुआती दौर में तो विधायक आशीष सत्ता की पायदान के साथ-साथ चल रहे थे, लेकिन उसके बाद पावर सेंटर और बन जाने की वजह से उसका असर धीरे-धीरे दिखना शुरू हो गया था। मुख्यमंत्री के राजनीतिक सलाहकार सुनील शर्मा बिट्टू के बाद केसीसी बैंक के अध्यक्ष और कांग्रेस के जिला अध्यक्ष कुलदीप पठानिया के रूप में दो और अलग-अलग ताकतवर नेता जिला की राजनीति को तो मिले ही, हमीरपुर विधानसभा क्षेत्र में इसका प्रभाव अब अच्छा-खासा देखा जा रहा है। यही नहीं पार्टी के प्रत्याशी के रूप में चुनाव लड़ने वाले डॉ. पुष्पेंद्र वर्मा भी पीछे कहां रहने वाले थे। उनकी धमाल भी विधानसभा क्षेत्र में होने वाले कार्यक्रमों के रूप में दिख रही है। (अनंत ज्ञान)

## किसकी क्या होगी भूमिका?

**अहम** सवाल यही है कि 'पावर सेंटर' तो बन चुके हैं अलग-अलग नेताओं के, लेकिन सामने दिख रहे लोकसभा के आम चुनाव में इन पावर सेंटरों की जिम्मेदारी क्या अपने-अपने स्तर पर होगी या संयुक्त स्तर पर? किसकी क्या भूमिका होगी? क्या पैदा हो रही इस नई 'खटास' के बीच माहौल 'ऊहापोह' वाला तो नहीं तैयार हो गया। इसी की अब चर्चा हो रही है। क्योंकि भविष्य की राजनीति की 'सवारी' भी सभी को अपने-अपने रास्ते पर चलने के लिए नई-नई राहें दिख रही है। कांग्रेस के लिए यह चुनौती अब अहम रहने वाली है।

## हर हाथ अनंत ज्ञान


तहसील कल्याण अधिकारी झंडूता अनंत ज्ञान पढ़ते हुए।


प्रधानाचार्य सीनियर सेकेंडरी स्कूल झंडूता अनंत ज्ञान पढ़ते हुए।


झंडूता में अनंत ज्ञान पढ़ता दुकानदार।


झंडूता में अनंत ज्ञान पढ़ता दुकानदार।


बरठीं क्षेत्र में लोग अनंत ज्ञान अखबार पढ़ते हुए।


झंडूता में अनंत ज्ञान पढ़ता दुकानदार।


झंडूता में अनंत ज्ञान पढ़ता दुकानदार।


सीडीपीओ झंडूता लाल सिंह चौहान अनंत ज्ञान पढ़ते हुए।।


अधिशाषी अभियंता लोनिवि झंडूता अनंत ज्ञान पढ़ते हुए।।


प्रधानाचार्य सरस्वती विद्या मंदिर अनंत ज्ञान पढ़ते हुए।।


ऐतिहासिक लुहणू क्रिकेट मैदान में समाजसेवी कर्ण चंदेल अनंत ज्ञान अखबार पढ़ते हुए।

# बिलासपुर शहर में नहीं रुक रहा चोरियों का सिलसिला

## अपर निहाल में घर से गायब हुए लाखों रुपए के गहने

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**



- लोगों में डर का माहौल, पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है
- चोरी के अन्य मामले का भी नहीं लगा कोई सुराग, पुलिस की कार्यप्रणाली पर प्रश्नचिन्ह

बिलासपुर शहर में चोरियों का सिलसिला लगातार जारी है। शहर में चोर बिना किसी डर से लोगों के घरों में घुसकर चोरी कर रहे हैं और लोगों की संपत्ति को नुकसान पहुंचा रहे हैं। इस कारण लोगों में डर का माहौल व्याप्त है।

इसी कड़ी में शहर के अपर निहाल के निवासी जगन्नाथ शर्मा पुत्र गंगाराम शर्मा मकान नंबर तीन अप्पर निहाल ने सिटी चौकी बिलासपुर में शिकायत दर्ज करवाई है कि उनके घर से लाखों रुपए के गहने चोरी हो गए हैं।

उन्होंने शिकायत दी है कि उनका बेटा किसी निजी कार्य से अपनी बहू के साथ घुमारवीं गया था, ऐसे में जब वह वापस घर आया तो घर का ताला खुला मिला और घर के बेड में रखे सोने के गहने भी गायब पाए गए।

उन्होंने शिकायत दी है कि घर में रखे एक लाख 75 हजार रुपए के सोने के गहने चुरा लिए गए। पुलिस ने शिकायतकर्ता की शिकायत पर मामला दर्ज कर लिया है और छानबीन जारी है। गौर हो कि बिलासपुर शहर में चोरियों के अधिक मामले सामने आ रहे हैं। कुछ समय पहले चंगर सेक्टर तो बिलासपुर गांधी मार्केट में दुकान में भी चोरी का मामला सामने आ चुका है।

इसमें अभी तक भी चोरों के आरोपियों को नहीं पकड़ा गया है। वहीं, अब एक और मामला चोरी का सामने आने से कहीं न कहीं पुलिस प्रशासन की कार्यप्रणाली पर भी सवाल खड़े हो रहे हैं। उधर, इस संदर्भ में बिलासपुर के डीएसपी मदन धीमान ने कहा कि पुलिस सारे मामले की जांच कर रही है।

## प्रदेश में बुरी तरह से चरमरा गई हैं स्वास्थ्य सेवाएं

**बिलासपुर।** बिलासपुर सदर के विधायक त्रिलोक जम्वाल ने स्वास्थ्य सेवाओं को लेकर प्रदेश सरकार को आड़े हाथों लिया। उन्होंने कहा कि सरकार के ढुलमुल रवैये के कारण स्वास्थ्य सेवाएं बुरी तरह से चरमरा गई हैं। प्रदेश की पूर्व भाजपा सरकार ने केंद्र सरकार के सहयोग से स्वास्थ्य क्षेत्र में एम्स, छह मेडिकल कॉलेज तथा पीजीआई सेटेलाइट सेंटर जैसी बड़ी विरासत छोड़ी थी, लेकिन मौजूदा कांग्रेस सरकार इसे भी नहीं संभाल पा रही है।



बिलासपुर अस्पताल समेत कई अन्य स्वास्थ्य संस्थानों में डॉक्टरों के पद खाली पड़े हैं। डॉक्टरों की कमी के कारण मेडिकल बोर्ड तक नहीं बैठ रहा है। कांग्रेस व्यवस्था परिवर्तन का नारा बुलंद करके सत्ता में आई थी, लेकिन उसकी सरकार बनने के बाद से प्रदेश में हर जगह अव्यवस्था का बोलबाला है।

# बंद व डिनोटिफाई संस्थानों को बहाल करवाएं नवनियुक्त मंत्री

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं**


पत्रकार वार्ता करते राजेंद्र गर्ग व अन्य।

पूर्व मंत्री राजेंद्र गर्ग ने हिमाचल की कांग्रेस सरकार में घुमारवीं के विधायक को कैबिनेट मंत्री मिलने पर बधाई देते हुए उम्मीद जताई है कि इससे एक साल से थमे घुमारवीं विधानसभा क्षेत्र के विकास को गति मिलेगी। गर्ग बुधवार को घुमारवीं में पत्रकार वार्ता को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि पूर्व भाजपा सरकार में जब उन्हें जनसेवा का मौका मिला था, तो उन्होंने घुमारवीं विधानसभा क्षेत्र में कई नए ऑफिस खुलवाए तथा कई संस्थानों को अपग्रेड करवाया था।

इन संस्थानों के लिए वित्त विभाग से पदों की स्वीकृति भी मिल गई थी तथा इन कार्यालयों से लोगों को सुविधा भी मिलना शुरू हो गई थी, लेकिन प्रदेश में सत्ता परिवर्तन होते ही घुमारवीं विधानसभा क्षेत्र के लगभग एक दर्जन से अधिक इन ऑफिसों को या तो बंद कर दिया या फिर डिनोटिफाइ कर दिया।

गर्ग ने कहा कि भाजपा सरकार में भराड़ी उपतहसील का दर्जा बढ़ाकर तहसील किया गया था तथा तहसीलदार ने भी यहां पर कार्य शुरू कर दिया था। इससे इस इलाके की करीब 50 हजार जनता लाभान्वित हो रही थी, लेकिन कांग्रेस सरकार ने आते ही इसे डिनोटिफाइड कर दिया। इसी तरह संस्कृत कॉलेज डंगार के सरकारीकरण को रद्द किया गया। कल्लर स्कूल को डिनोटिफाई किया।

पीडब्ल्यूडी सब डिवीजन कपहाड़ा तथा पीडब्ल्यूडी सेक्शन कपहाड़ा व जल शक्ति विभाग सेक्शन कपहाड़ा को बंद किया गया। पीडब्ल्यूडी सेक्शन भगेड़ व जल शक्ति विभाग सेक्शन भगेड़ को बंद किया गया। पशु औषधालय पन्याला, पपलाह तथा पशु औषधालय तियून खास को बंद किया गया। इस मौके पर भाजपा मीडिया प्रभारी महेंद्र पाल रतवान व मंडल प्रवक्ता चंद्रशील उपस्थित थे।

# एमआरए यूनिट बिलासपुर ने मांगों को लेकर पीएम को भेजा ज्ञापन


मेडिकल रिप्रेजेंटेटिव ने अपनी मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपा।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

एचपी एफएमआर यूनिट बिलासपुर ने अपनी मांगों को लेकर बुधवार को एडीसी बिलासपुर के माध्यम से प्रधानमंत्री को ज्ञापन भेजा।

यह ज्ञापन बिलासपुर यूनिट के प्रभारी मनोहर लाल शर्मा की अगुआई में मेडिकल रिप्रेजेंटेटिव ने अपनी मांगों एसपी ई एक्ट 1976 को लागू करनाए आठ घंटे तक काम करने के लिए समय निश्चित करना, जीवन रक्षक दवाई एवं उपकरण पर जीएसटी व उनका मूल्य कम करना सहित अन्य मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपा।

इसके अलावा उन्होंने मांग की कि एम्स बिलासपुर में चिकित्सा प्रतिनिधियों को डॉक्टर से मिलने की अनुमति दी जाए।

इस मौके पर प्रधान विक्रम ठाकुर, उपप्रधान वीरेंद्र, सचिव रोहित, मीडिया प्रभारी राकेश शर्मा, कपिल, संजीव कुमार, पुनीत आदि एमआर मौजूद रहे।

# सिकरोहा-कुहमझवाड़ वाया जबल्याणा सड़क के कार्य की गुणवत्ता पर उठे सवाल

## कार्य की गुणवत्ता में नहीं किया जाएगा कोई समझौता : कनिष्ठ अभियंता

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

सदर विधानसभा क्षेत्र के तहत सिकरोहा-ग्वालमुठाणी-कुहमझवाड़ वाया जबल्याणा सड़क के निर्माण कार्य की गुणवत्ता पर सवाल खड़े हो गए हैं। नाबार्ड के माध्यम से 11 करोड़ रुपए की लागत से बन रही इस सड़क के डंगे में मिट्टी और मलबे का प्रयोग किया जा रहा है।

हालांकि मामला ध्यान में आने के बाद लोक निर्माण विभाग ने डंगे को उखाड़ दिया है, लेकिन इससे डंगे का निर्माण कर रही एजेंसी अथवा ठेकेदार की कार्यप्रणाली सवालों के घेरे में आ गई है।

जानकारी के अनुसार सिकरोहा-ग्वालमुठाणी-कुहमझवाड़ वाया जबल्याणा सड़क का निर्माण कार्य जोर-शोर से चल रहा है। नाबार्ड के माध्यम से सोर गांव तक इस सड़क का निर्माण लगभग 11 करोड़ रुपए की लागत से किया जा रहा है। बताया जा रहा है कि कुछ दिन पहले बिलासपुर सदर के विधायक त्रिलोक जम्वाल इस क्षेत्र के दौरे पर गए थे। इस दौरान वह सड़क के निर्माण कार्य का जायजा लेने के लिए वहां रुके थे। इस दौरान पाया गया कि निर्माणाधीन डंगे के निचले हिस्से में सीमेंट, सरिया व कंकरीट के बजाए मिट्टी व मलबा भरा जा रहा था।

दिखावे के लिए ऊपर से कंकरीट डालकर काम चलाया जा रहा था। यह देखकर विधायक ने लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को इससे अवगत करवाया था। मामला ध्यान में आने के बाद लोक निर्माण विभाग के अधिकारी हरकत में आए। उन्होंने जेसीबी मशीन की मदद से निर्माणाधीन डंगे को उखाड़ा। उसमें वाकई में मिट्टी व मलबा भरा हुआ मिला। हालांकि विधायक की ओर से यह मामला विभाग के ध्यान में लाने के बाद कार्रवाई अमल में लाई गई, लेकिन कई अन्य स्थानों पर भी सड़क तथा अन्य निर्माण कार्यों में गुणवत्ता को इसी तरह नजरअंदाज करने की संभावना से इंकार नहीं किया जा सकता।

उधर, इस बारे लोनिवि के अधिशाषी अभियंता डीसी ठाकुर ने कहा कि मामला ध्यान में आया था। इस पर कनिष्ठ अभियंता को मौके पर भेजकर आवश्यक कदम उठाए गए। उन्होंने कहा कि किसी भी कार्य में गुणवत्ता से कोई समझौता नहीं किया जाएगा।

## सीर खड्ड पुल पर लगेगी हाइमास्ट लाइट

**घुमारवीं।** घुमारवीं के सीर खड्ड पर बने नए पुल से अंधेरे में गुजरने वाले लोगों व वाहन चालकों का अब अंधियारा छंट जाएगा। सीर खड्ड पर बने नए पुल पर हाइमास्ट लाइट लगेगी।

इससे पुल सहित आसपास का क्षेत्र पूरी तरह से लाइट से जगमगा जाएगा। पुल पर लगने वाली इस हाइमास्ट लाइट की सभी औपचारिकताएं पूरी हो गई हैं तथा इसे स्थापित करने का कार्य जारी है। इससे रात के समय सीर खड्ड पुल के ऊपर से गुजरने वाले राहगीरों को राहत मिलेगी।

सीर खड्ड पुल के ऊपर लाइट लगाने के लिए नगर परिषद से मांग की थी। नगर परिषद ने लोगों की इस मांग को स्थानीय विधायक एवं नवनियुक्त मंत्री राजेश धर्माणी के पास रखा, जिनकी पहल पर सीर खड्ड पर बने नए पुल पर एनटीपीसी क सौजन्य से हाइमास्ट लाइट लगाई जा रही है।

## न्यूज ब्रीफ

### सरस्वती विद्या मंदिर की प्रबंध समिति का पुनर्गठन


सरस्वती विद्या मंदिर रौड़ा की कमान राजेश उपाध्याय को सौंपी गई।

**बिलासपुर।** हिमाचल शिक्षा समिति संचालित बिलासपुर शहर के सरस्वती विद्या मंदिर रौड़ा की कमान राजेश उपाध्याय को सौंपी गई है। विद्यालय की प्रबंध समिति का पुनर्गठन बुधवार को किया गया। अगले तीन वर्षों के लिए गठित प्रबंध समिति में कुलदीप चंदेल को संरक्षक तथा राजेश उपाध्याय को अध्यक्ष नियुक्त किया गया। हिमाचल शिक्षा समिति के महासचिव टीएस चौहान ने बताया कि प्रबंध समिति में क्रांति कुमार उपाध्यक्ष, रणजीत कपिल प्रबंधक सचिव, सुरेंद्र कुमार कोषाध्यक्ष, मदन कुमार अधिकृत सदस्य तथा निर्मल सेन, शेफाली दबड़ा, पूजा व कुलवंत सदस्य नियुक्त किए गए हैं। सरस्वती विद्या मंदिर के प्रधानाचार्य प्रबंध समिति के पदेन सदस्य होंगे।

### जल्द प्रदान किए जाएं पेंशनर्स के देय लाभ


पेंशनर ने संगठन को मजबूत करने के लिए अपने-अपने विचार रखे।

**घुमारवीं।** घुमारवीं पेंशनर्स वेलफेयर एसोसिएशन कोठी इकाई की बैठक बुधवार को कोठी पंचायत घर के प्रांगण में हुई। शहरी इकाई घुमारवीं के प्रधान हरी सिंह ठाकुर की अध्यक्षता में बैठक संपन्न हुई। बैठक में काफी संख्या में उपस्थित पेंशनर ने संगठन को मजबूत करने के लिए अपने-अपने विचार रखे तथा आने वाली समस्याओं के बारे में भी चर्चा की गई। सभी ने सामूहिक रूप से सरकार से मांग कि सभी पेंशनर के देय लाभ उन्हें जल्द से जल्द प्रदान किए जाएं, साथ ही उन्होंने मांग की है कि पेंशनर्स के काफी समय से लंबित पड़े बिलों की अदायगी भी की जाए। इस अवसर पर मुख्य रूप से बृजेंद्र नाथ, विष्ण दत, निक्का राम, राम लाल, गोबिंद राम, रघुनाथ सहित कई पेंशसर्स ने भाग लिया।

### केंद्र सरकार की उपलब्धियां गिनाईं

**बरठीं।** विकसित भारत संकल्प यात्रा के अंतर्गत बुधवार को झंडूता विधानसभा क्षेत्र के बड़गांव पंचायत में कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में झंडूता भाजपा के मंडल अध्यक्ष रसम सिंह चंदेल उपस्थित रहे। उन्होंने इस अवसर पर केंद्र सरकार की उपलब्धियां एवं लोक कल्याण के लिए चलाई जा रही विभिन्न योजनाएं की जानकारी उनके समक्ष रखी। इस अवसर पर झंडूता विधानसभा क्षेत्र के भाजपा मंडल के महामंत्री सुशील नड्डा, भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष परिवेश शर्मा, मंडल उपाध्यक्ष मंगल ठाकुर, बड़गांव पंचायत के प्रधान निक्कू राम व उपप्रधान उपस्थित रहे।

# 113 दिव्यांगों का कृत्रिम अंगों के लिए आकलन

## सहायक उपकरणों को वितरण के लिए किसान भवन बिलासपुर में शिविर का आयोजन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

जनरल इंश्योरेंस कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया के सीएसआर कार्यक्रम के अंतर्गत दिव्यांगों को सहायक उपकरणों को वितरण के लिए परीक्षण शिविर का आयोजन जिला प्रशासन एवं जिला रेडक्रॉस सोसायटी बिलासपुर के सौजन्य से किसान भवन बिलासपुर में किया गया। शिविर को सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग बिलासपुर, जिला दिव्यांग पुनर्वास केंद्र बिलासपुर, भारतीय कृत्रिम अंग निर्माण निगम ने सहयोग दिया।

इस अवसर पर विशेषज्ञों की ओर से दिव्यांगता जांच, चयन, उपकरण तथा कृत्रिम अंग देने के लिए नाप लिया गया। इस शिविर में 113 दिव्यांगों को कृत्रिम अंगों के लिए आकलन किया गया।

शिविर में 350 लोगों ने भाग लिया। शिविर में एसडीएम सदर बिलासपुर अभिषेक गर्ग विशेष रूप से उपस्थित रहे। उन्होंने लाभार्थियों को कृत्रिम अंग प्रत्यंग की रसीदें वितरित कीं। इसके अनुसार दिव्यांगों को उनकी आवश्यकता अनुसार निशुल्क कृत्रिम अंग वितरित किए जाएंगे। शिविर में प्रथम चरण में अंगों की पैमाइस, आकलन, एसेसमेंट की गई। उन्होंने कहा कि कृत्रिम अंग तैयार होने पर द्वितीय चरण में वितरित किए जाएंगे। इसके लिए दिनांक व स्थान की सूचना अलग से दी जाएगी। इसमें व्हील चेयर, बैसाखी, वॉकर, ट्राइसाइकिल, इलेक्ट्रिक व्हील चेयर शामिल है।


शिविर में एसडीएम सदर बिलासपुर अभिषेक गर्ग विशेष रूप से उपस्थित रहे, जिन्होंने जरूरतमंदों को रसीदें बांटीं।

एलिमको की टीम में पीएंडओ अफसर पुनीत धर, ऑडियोलॉजिस्ट मनोज कुमार, टेक्नीशियन गौरव कुमार, सुंदरम ने दिव्यांगों का कृत्रिम अंगों के लिए आकलन किया गया।

इस अवसर पर जिला परिषद सदस्य गौरव शर्मा, जिला कार्यक्रम अधिकारी हरीश मिश्रा, तहसील कल्याण अधिकारी बनीता बंसल, सचिव जिला रेडक्रॉस सोसायटी अमित कुमार, दिव्यांग संग प्रधान विनोद कुमार, नोडल अधिकारी जिला दिव्यांग पुनर्वास केंद्र अरुण गौतम, रेडक्रॉस से अनीश ठाकुर, यशपाल उपस्थित रहे।

# राष्ट्रीय सेमिनार में विद्यार्थियों ने विभिन्न गतिविधियों में लिया भाग


सेमिनार में भाग लेने वाले बच्चों को सम्मानित किया गया।

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं**

राजकीय महाविद्यालय घुमारवीं के गणित विभाग ने राजकीय महाविद्यालय नादौन में एक दिवसीय राष्ट्रीय स्तर के सेमिनार में भाग लिया। यह सेमिनार गणित विभाग राजकीय महाविद्यालय नादौन तथा इंडियन साइंस कांग्रेस के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित किया गया, जिसमें विद्यार्थियों तथा शोधकर्ताओं ने विभिन्न गतिविधियों में भाग लिया।

सेमिनार में शोधकर्ताओं तथा शिक्षकों ने अपने शोध पत्रों को प्रस्तुत किया। सेमिनार में प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिताए पावर प्वाइंट प्रेजेंटेशन और ओलंपियाड का आयोजन करवाया गया, जिसमें विभिन्न महाविद्यालयों विद्यार्थियों ने भाग लिया। राजकीय महाविद्यालय घुमारवीं की टीम ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। इस सेमिनार में राजकीय महाविद्यालय घुमारवीं से डॉ. विक्रम कपिल, प्रो. विवेक कुमार तथा प्रो. अनिल कुमार ने शोध पत्र प्रस्तुत किया। महाविद्यालय प्राचार्य प्रो. राम कृष्ण ने बच्चों की उपलब्धि के लिए सम्मानित कर भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं।

**कामयाबी** मिनर्वा शिक्षण संस्थान शैक्षणिक, खेल जगत तथा अन्य गतिविधियों में लहरा रहा परचम

# 144 मेधावियों ने टैबलेट हासिल कर बनाया कीर्तिमान

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं**

शैक्षणिक, खेल जगत तथा सामाजिक सरोकारों में सदैव अव्वल रहने वाले मिनर्वा शिक्षण संस्थान के मेधावी बच्चे सरकारी योजनाओं का भरपूर लाभ उठाने में भी सामर्थ्य रखते हैं। देश और प्रदेश को चिकित्सा, इंजीनियरिंग, सेना तथा सरकारी क्षेत्र में असंख्य छात्र देने वाले इस संस्थान के बच्चों ने पूरे जिले में सर्वाधिक टैबलेट हासिल कर ,क कीर्तिमान स्थापित किया है।

मिनर्वा स्कूल के 144 बच्चों ने हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड की परीक्षाओं में बेहतर प्रदर्शन करने पर श्रीनिवास रामानुजन योजना के तहत टैबलेट हासिल कि, । सभी छात्रों को प्रधानाचार्य परवेश चंदेल व स्टाफ सदस्यों ने बधाई दी। बोर्ड परीक्षाओं में अपना शानदार प्रदर्शन देकर मिनर्वा संस्थान के इन बच्चों ने यह साबित कर दिया कि मन लगाकर किसी कार्य को किया जा, तो कठिन से कठिन कार्य को भी आसान किया जा सकता है।



मिनर्वा स्कूल के 144 मेधावी जिन्होंने टैबलेट हासिल कर कीर्तिमान बनाया है।

प्रधानाचार्य परवेश चंदेल ने बताया कि 10वीं की परीक्षाओं में अव्वल रहने वाले शशि प्रभा, प्रियल, प्रिसा, मन्नत, अदिति ठाकुर, दीक्षांत, शिवे, काजल, शुभम, अक्षित, अन्वेशा, लक्ष्य, हार्दिक पटियाला, कामाक्षी, शिवांश, पल्लवी शर्मा, आयुष, प्रज्ञा, शिवांग, रितिक, आर्यन सहगल, आयुष चौहान, शुभम शर्मा, रुचित, इशिता, अहान डोगरा, भुवन, सृष्टि, अक्षित, श्रेया, गौरव, प्रशम कपिल, नमन, राघव, आदित्य, अरिंदम, दिग्विजय, अभिप्सा, आर्यन, पूर्णिमा, शिवम, मयंक, ओमीशा, प्रियव्रत, तृषा, प्रियांश, आर्यन, शिवांग, आकर्षित, दीपिका, अखिल, अपूर्वा, अंशिता, कृष, अंशुल सूद, अक्षत, साक्षी, टेंजिन, दिव्यांजलि, अर्पित, कार्तिक, मुस्कान, रोहित, कालशी, प्रियांशी, सुदीशा, अंजलि, रोहित, निखिल, आरुषि ने टैबलेट हासिल किए।

इसके अलावा जमा दो कक्षा से अनुभव धीमान, तेजस्विनी, अक्षत, पलक, आंचल, आर्यन, रघुवंशी, अभय, अभिलाषा शर्मा, ईशा, कनिष्क कुमारी, आरशी मेहता, शर्मिष्ठा, अक्षिता धीमान, भानु प्रिया, शगुन शर्मा, हर्षित, शिवांश, कामाक्षा, दिव्या, अभय, दीक्षा, दिशा चंदेल, परीक्षित ठाकुर, श्रेया शर्मा, सारण्य, दिशा मनकोटिया, अंकित, आकृति ठाकुर, इशिता, शिवांशी, ओसीन, पीयूष वशिष्ठ, साक्षी, शंभवी, भव्या, क्षमा ठाकुर, इशिता, अभिवंदन चंदेल, श्रेया शर्मा, प्रियांशु चंदेल, केशव, सुचिता ठाकुर, अनुष्का, श्रुति, रक्षित, शिवांश, शौर्य संख्यान, खुशबू, रिद्धि, आकृति, हार्दिक, अंशिका ठाकुर, श्रेया, पलक, भूमिका, दिव्यांशी, ऊर्जा ठाकुर, वंश, अलीशा शर्मा, समृद्धि ठाकुर, ऋषि कटोच, साहिल शर्मा, सृजन, ऋतिक ठाकुर, आर्य शर्मा, नंदिनी धीमान, कृतेन, अक्षय कुमार, रिदम शर्मा, आयुष, समृद्धि, अलिश को टैबलेट देकर सम्मानित किया गया।

परवेश चंदेल ने कहा कि स्कूल के छात्र पढ़ाई के साथ स्कूल में आयोजित होने वाली सभी गतिविधियों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेते हैं। इससे बच्चों में प्रतिस्पर्धा की रुचि बढ़ती है। यही कारण है कि बच्चे सभी प्रतिस्पर्धायों में परचम लहरा रहे हैं।

## ऊर्जा नीति में हो सुधार

**बिलासपुर ।** झंडूता के विधायक जीतराम कटवाल ने हिमाचल की ऊर्जा नीति में सुधार की वकालत की है। हिमाचल को ग्रीन एनर्जी स्टेट बनाने के लिए प्रदूषण रहित ऊर्जा को बढ़ावा देना सही है, लेकिन हाइड्रो एनर्जी को नजरअंदाज करना ठीक नहीं है।

अनंत ज्ञान
क्लासीफाइड
विज्ञापन के लिए संपर्क करें
98168-75517

सूचना

**मैं राकेश कुमार** पुत्र मनशा राम गांव दधोलकलां डाकघर दधोल तहसील भराड़ी जिला बिलासपुर का दसवीं का प्रमाण पत्र संख्या 1681091563 व एनसीसी का प्रमाण पत्र तारीख 11-12-2023 को दधोल से लदरौर जाते समय गुम हो गया है। सभी नोट करें। अतः नई प्रति प्राप्त की जा सके।

# डॉक्टर विंटर वेकेशन पर, मरीजों को ऑपरेशन की दी जा रही लंबी डेट

## आईजीएमसी में दवाइयों पर निर्भर मरीज; ओपीडी में भीड़ के बीच खा रहे धक्के, लाइनों में खड़े होकर आ जाते हैं चक्कर, हार्ट व कैंसर के बुजुर्ग ओपीडी के बाहर लड़ रहे जिंदगी की जंग

**रविंद्र जस्टा, शिमला**

आईजीएमसी में डॉक्टरों की वेकेशन के चलते मरीजों को अब ऑपरेशन के लिए लंबी डेट मिल रही हैं। यहां डॉक्टरों का आधा स्टाफ छुट्टी पर चल रहा है। ऐसे में जो डॉक्टर मौजूदा समय में ड्यूटी कर रहे हैं, उनसे ओपीडी के मरीजों को भी बड़ी मुश्किल से संभाला जा रहा है।

यह दिक्कतें अब करीब दो माह तक चलनी हैं, क्योंकि डॉक्टर दो चरणों में छुट्टी पर जा रहे हैं। पहले चरण में डॉक्टर चले गए हैं, जैसे ही ये डॉक्टर वापस आएंगे, तो उसके बाद दूसरे चरण के डॉक्टर छुट्टी पर जाएंगे। यहां पर सबसे ज्यादा दिक्कतें तो इन दिनों यूरोलॉजी विभाग में आ रही हैं। इस विभाग में मरीजों को बिना लेजर वाले पथरी के ऑपरेशन के लिए चार से पांच महीने की डेट दी जा रही है। स्थिति ऐसी बन चुकी है कि एक तरफ पथरी के मरीजों में बढ़ोतरी हो रही है, वहीं दूसरी ओर ऑपरेशन करवाने मुश्किल हो गए हैं। डॉक्टर भी मरीजों को ऑपरेशन की वजाए दवाइयां ही लिख रहे हैं। यहां पर पथरी ही नहीं ऑर्थो व अन्य ऑपरेशन करवाने भी मुश्किल हैं। वहीं ओपीडी की हालत को देखकर मरीजों के होश उड़ जाते हैं। मेडिसिन सहित अन्य ओपीडी में बुजुर्ग व गंभीर मरीजों के लिए इलाज करवाने की अलग से कोई सुविधा नहीं है।

हार्ट व कैंसर के बुजुर्ग मरीज को ओपीडी के बाहर जिंदगी की जंग लड़ रहे हैं। इसके अलावा पहले जब मरीज अस्पताल में पहुंचता है, तो उसका दिमाग पर्ची बनाने में उड़ जाता है। मरीज सुबह सात बजे पर्ची काउंटर के पास खड़े हो जाते हैं और तीन घंटे लाइन में खड़े होकर पर्ची बनाने में लग जाते हैं। उसके बाद जब वे ओपीडी में डॉक्टर के पास अपना इलाज करवाने जाते हैं, तो उनका पूरा दिन ओपीडी में कट जाता है। भीड़ के कारण यहां हार्ट के कुछ मरीजों को चक्कर आते हैं। (अनंत ज्ञान)



आईजीएमसी में डॉक्टरों के विंटर वेकेशन पर जाने की वजह से मरीज बाहर लाइनों में खड़े हुए।

### टेस्ट करवाने के चौथे दिन बाद मिल रही रिपोर्ट

मरीज को कभी भी समय से रिपोर्ट नहीं मिलती है। टेस्ट होने के बाद रिपोर्ट तीसरे या चौथे दिन मिलती है। फिर टेस्ट रिपोर्ट चेक करवाने के लिए मरीज को ओपीडी में एक दिन और धक्के खाने पड़ते हैं। उसके बाद ही डॉक्टर दवाइयां लिखते हैं। ऐसी स्थिति में तब तक मरीज दोगुना बीमार हो जाते हैं। प्रशासन जागता हुआ नजर नहीं आ रहा है और सरकार भी कोई एक्शन नहीं ले रही है।

### निजी लैब की रिपोर्ट नहीं मानते डॉक्टर

कुछ डॉक्टर निजी लैब की रिपोर्ट नहीं मानते हैं। डॉक्टरों के मरीजों को सीधे निर्देश हैं कि आईजीएमसी लैब से ही टेस्ट करवाएं जाएं। अगर मरीज आईजीएमसी की लैब में टेस्ट करवाते हैं, तो समय से रिपोर्ट नहीं मिलती है, जिसके चलते मरीज और ज्यादा परेशानी झेलने में मजबूर हो जाता है।

### लेजर ऑपरेशन से संतुष्ट नहीं मरीज

आईजीएमसी में बिना चीर फाड़ के लेजर से भी ऑपरेशन होते हैं, लेकिन उससे मरीज बिलकुल भी संतुष्ट नहीं हैं। इसका मुख्य कारण यह है कि मरीज को इससे दोबारा पथरी की शिकायत हो रही है। ऐसे में मरीज अब चीर फाड़ वाले ही पथरी के ऑपरेशन करवा रहे हैं। लेजर वाले ऑपरेशन के लिए प्रशासन लाखों रुपए की लिथियो थेरेपी मशीन स्थापित कर रहा है।

### खान-पान ठीक न होने से बढ़ रहे पथरी के मरीज

डॉक्टरों की मानें तो खान-पान ठीक न होने से पथरी के मरीजों में बढ़ोतरी हो रही है। इन दिनों लोग घर की वजाए बाहर की चीजों का ज्यादा सेवन कर रहे हैं। ऐसे में इससे बीमारियों को लोग खुला न्योता दे रहे हैं। जंग फूड भी लोगों को कम करने की आवश्यकता है। तभी इस बीमारी से छुटकारा मिल सकता है।



आईजीएमसी के बाहर घूमते हुए तीमारदार।

### किडनी ट्रांसप्लांट वाले मरीज हो रहे पीजीआई रेफर

यूरोलॉजी विभाग की हालत इतनी गंभीर हो गई है कि किडनी ट्रांसप्लांट वाले मरीजों को पीजीआई रेफर किया जा रहा है। प्रशासन कभी डॉक्टरों की कमी के लिए रोता है, तो कभी सामान की कमी हो जाती है। यूरोलॉजी में डॉक्टरों की कमी है और उनसे जब पथरी के ऑपरेशन नहीं हो रहे हैं, तो किडनी ट्रांसप्लांट कैसे हो सकते हैं।



इन दिनों डॉक्टरों का आधा स्टाफ जरूर छुट्टी पर गया है, लेकिन मरीजों को ऑपरेशन के लिए ज्यादा लंबी डेट नहीं दी जा रही है। कई बार मरीजों की भीड़ ज्यादा हो जाती है, जिसके चलते मरीजों को लंबी डेट मिलती हैं। मरीजों को ज्यादा दिक्कत नहीं आने दी जाती है।

**डॉक्टर सीता ठाकुर, प्रिंसिपल आईजीएमसी।**

# विंटर कार्निवाल पर लग रहे स्टॉल का व्यापार मंडल ने किया विरोध

## फूड स्टॉल में हिमाचल व्यंजन के अलावा अन्य खाद्य पदार्थों को बेचने की दी है अनुमति

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

राजधानी के रिज मैदान पर विंटर कार्निवाल पर लग रहे स्टॉल का व्यापार मंडल ने बुधवार को विरोध किया। अब स्थिति ऐसी बन चुकी है कि एक तरफ इन दिनों वींटर कार्निवाल को लेकर तैयारियां जोरों से चल रही हैं। वहीं, दूसरी ओर विंटर कार्निवाल में लग रहे स्टॉल को व्यापार मंडल हटाने को कह रहा है। प्रदेश की संस्कृति और खान-पान आकर्षण का केंद्र बनने वाला है। वहीं, निगम और जिला प्रशासन ने बाहरी राज्यों के खाद्य पदार्थों को बेचने की अनुमति दी है, जिसका लक्कड़ बाजार व्यापार मंडल ने कड़ा विरोध किया है।

व्यापार मंडल का कहना है कि लक्कड़ बाजार पर्यटकों पर ही निर्भर होता है, लेकिन कार्निवाल में वही सामान बेचा जा रहा है, जो लक्कड़ बाजार के व्यापारी बेचते हैं। ऐसे में इस विंटर सीजन में विंटर कार्निवाल के कारण लक्कड़ बाजार के कारोबारियों को भारी नुकसान पहुंचने वाला है। कारोबारियों का कहना है कि विंटर कार्निवल यदि हिमाचल की संस्कृति और व्यंजनों को दिखाने के लिए किया जा रहा है, तो उसमें हिमाचल से जुड़ी चिजें ही बेची जाएं, लेकिन इस कार्निवाल में तो बाहरी राज्यों के लोग मेला लगाकर सामान बेच रहे हैं। भले ही निगम को इन व्यापारियों से अच्छी इन्कम मिलेगी, लेकिन उससे दो गुना घाटा लक्कड़ बाजार के कारोबारियों को होने वाला है, जिसकी भरपाई भी नहीं हो सकती है। गर्मियों में भी शिमला पर्यटक घूमने नहीं आए थे, वहीं बरसात में कोहराम के बाद तो पर्यटकों का आना भी बंद ही हो गया था, जिससे शिमला के कारोबारियों को नुकसान हुआ है। ऐसे में अब विंटर सीजन आ गया है और अभी पर्यटकों का आना शुरू ही हुआ है ऐसे में निगम और प्रशासन ने यहां पर एक नए कार्यक्रम को लांच कर दिया है, जो कारोबारियों के लिए गले की फांस बन रहा है।



रिज मैदान के पदमदेव कांप्लेक्स में लगाए गए स्टॉल पर घूमते हुए लोग।

### विधायक, मेयर ने स्टॉल लगाने पर लगाई थी रोक

पदम देव कांप्लेक्स पर स्टॉल न लगाने पर पहले भी कारोबारियों ने निगम और प्रदेश सरकार से गुहार लगाई थी कि यहां पर स्टॉल न लगाएं, यदि लगाने हो तो यहां पर वह सामान बेचा जाए, जो यहां के कारोबारी नहीं बेचते हैं, लेकिन अब इन बातों को भूलकर मेयर और विधायक स्वयं ही यहां पर स्टॉल लगा रहे हैं, जिससे कारोबारी भड़क गए हैं। कारोबारियों का कहना है कि विधायक और मेयर अपने ही वादों को नजर अंदाज कर कारोबारियों का नुकसान कर रहे हैं। इससे साफ होता है कि विधायक और मेयर अपने फायदे के लिए झुठे आश्वासन करते हैं। जो कारोबारियों के लिए गले की फांस बन गया है।

### कारोबारियों के लिए बनाए जा रहे स्टॉल

विंटर कार्निवाल में शहर के कारोबारियों के लिए भी स्टॉल का निर्माण किया जा रहा है, लेकिन कारोबारी इसका विरोध कर रहे हैं। उनका कहना है कि उनकी दुकानों की पहचान ही खत्म हो जाएगी, उससे उन्हें कोई फायदा ही नहीं है। इसके अलावा जो स्टॉल यहां पर लगे हैं वह पहले से वही सामान बेच रहे हैं, जो कारोबारी बेच रहे हैं।

### कारोबारियों से हो रहा धोखा

लक्कड़ बाजार एसोसिएशन के अध्यक्ष अनील गुप्ता, जनरल सेक्रेटरी रजीत गुलाटी, कोषाध्यक्ष नितिश मलहोत्रा ने बताया कि विधायक और मेयर ने वादा किया था कि यहां पर कोई भी मेला नहीं लगेगा, यदि लगाया भी गया, तो वही सामान बेचा जाएगा जो यहां के कारोबारी नहीं बेचते है। ऐसे में यह कारोबारियों के साथ धोखा किया जा रहा है। हम सभी इसका विरोध करते हैं। कारोबारियों का कहना है कि जब निगम और जिला प्रशासन ने विंटर कार्निवाल को लेकर बैठक में बुलाया था, तो उसकी पूरी जानकारी कारोबारियों को नहीं दी गई थी। यहां तक की बुधवार को जो मेला लगाया गया उसके बारे में भी कारोबारियों को नहीं बताया गया। ऐसे में यदि प्रशासन को अपनी मर्जी से ही यहां मेला लगाना था, तो कारोबारियों की बैठक बुलाने का मतलब ही क्या था।

# एनएसएस स्वयंसेवी संस्था, जिससे बच्चों का सर्वांगीण विकास संभव



डिग्री कॉलेज चायल कोटी में एनएसएस शिविर के आरंभ अवसर पर मौजूद स्वयंसेवी।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) का सात दिवसीय शिविर राजकीय महाविद्यालय चायल कोटी में आरंभ हुआ, जिसमें एनएसएस के स्वयंसेवियों की ओर से पूरा सप्ताह विभिन्न गतिविधियां की जाएंगी।

प्राचार्या डॉ. मनीषा कोहली ने शिविर का विधिवत शुभारंभ किया। एनएसएस एक ऐसी स्वयंसेवी संस्था है, जिसके माध्यम से बच्चों का सर्वांगीण विकास संभव है। इस शिविर के माध्यम से बच्चों को समाज सेवा के हर पहलुओं के बारे में व्यवहारिक जानकारी दी जाएगी। स्वयंसेवियों का आहवान किया कि वह शिविर के दौरान अर्जित ज्ञान को अपने तक सीमित न रखकर इसे अपने गांव, पड़ोस में एक व्यवहारिक रूप दे, ताकि आपके अनुभवों का लाभ समाज को मिल सके। कार्यक्रम अधिकारी डॉ. सुशील मेहता ने बताया कि शिविर के दौरान कोटी के साथ लगते गांव शरेणी को गोद लिया गया है, जिसमें सामुदायिक जागरूकता के अलावा सफाई अभियान भी चलाया जाएगा। इस दौरान ग्रामीणों को सामाजिक कुरीतियों, नशे के दुष्प्रभाव के बारे जागरूक में किया जाएगा और सकारात्मक कार्यों के लिए प्रोत्साहित किया जाएगा। शिविर के दौरान प्रतिदिन प्रभात फेरी निकाली जाएगा। उसके उपरांत विभिन्न विषयों पर विशेषज्ञों के भाषण रखे जाएंगे। स्वयंसेवियों को विभिन्न सामुदायिक मुद्दों की जानकारी दी जाएगी।

# अपना ही दोस्त निकला हत्यारा

**शिमला।** शिमला के शिवपुरी कब्रिस्तान में युवक के मर्डर मामले की गुत्थी पुलिस ने सुलझा ली है। इस मामले में अपना ही दोस्त हथियारा निकला और पुरानी रंजिश के चलते हत्या की है। पुलिस के मुताबिक 15 दिसंबर को पहले दो दोस्तों ने साथ बैठकर शराब पी और फिर पुरानी रंजिश के चलते एक ने दूसरे की हत्या कर दी। पुलिस ने इस मामले में कृष्णानगर निवासी अभिषेक (26) पुत्र स्व. कृष्ण कुमार को गिरफ्तार किया है।

इसे अदालत में पेश किया, जहां से आरोपी को पुलिस रिमांड पर भेजा है। जांच टीम ने मौके से पत्थर, मिट्टी, कपड़े, बोतलें, गिलास और खून के सैंपल फोरेंसिक जांच के लिए जुन्गा भेजे हैं। अब वैज्ञानिक अपराध के साक्ष्य की जांच और विश्लेषण करने के बाद की मौत के असली तथ्य सामने आएंगे। फिलहाल छोटा शिमला थाना पुलिस ने कार्रवाई शुरू कर दी है। एएसपी सुनील नेगी ने बताया कि हत्या मामले में एक युवक को गिरफ्तार किया है। आपको बता दें सात दिसंबर को कनलोग में शिवपुरी कब्रिस्तान में खून से लथपथ हालत में एक शव मिला था। प्रताप सिंह ने इसकी पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलने पर डीएसपी अमित ठाकुर के साथ एफएसएल की टीम ने मौके से फिंगर प्रिंट लिए हैं। इसके बाद 18 दिसंबर को शव की शिनाख्त आसिम (22) पुत्र क्वारधान निवासी रांची झारखंड निवासी के तौर पर हुई है।

# सफाई कर्मचारियों की कमी से समय पर नहीं उठ रहा कूड़ा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

**नगर निगम की कार्यप्रणाली पर लोगों ने उठाए सवाल**

नगर निगम में सफाई कर्मचारियों की कमी के चलते अब वार्डों से समय पर कूड़ा नहीं उठ रहे हैं। ऐसे में अब निगम की कार्यप्रणाली पर सवाल उठने शुरू हो गए हैं।

वार्डों से समय पर कूड़ा न उठाने पर लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। हैरानी की बात है कि वार्ड में जहां पांच सफाई कर्मचारियों की जरूरत है। वहां पर एक या दो से निगम काम चलाने को मजबूर हैं। हालांकि सैहब सोसायटी में सफाई कर्मचारियों के खाली पद भरे जा रहे हैं, लेकिन वह भी नगर के लिए प्रयाप्त नहीं हैं। निगम के पास बजट के कम होने के कारण भी वह अतिरिक्त सफाई कर्मचारी नहीं रख पा रहे हैं। हालांकि मेयर सुरेंद्र चौहान का कहना है कि शहर में सफाई कर्मचारियों के रिक्त पदों को जल्द भरने का कार्य प्राथमिकता से किया जाएगा। इन पदों को भरने के लिए मेयर ने प्रदेश सरकार से भी मदद मांगी है। बात यह भी सामने आई है कि सैहब कर्मचारियों को समय पर वेतन नहीं मिलता है।

कई सैहब कर्मचारी अकसर आयुक्त कार्यालय और स्वास्थ्य अधिकारी के पास शिकायत लेकर पहुंच रहे हैं, लेकिन अधिकारियों का कहना होता है कि उन्होंने वेतन की फाइल पास कर दी है। यहां तक की सैहब कर्मचारियों का कहना है कि सोसायटी देरी से वेतन देती है। ऐसे में सैहब कर्मचारियों ने नगर निगम से मांग भी की है कि नगर निगम उन्हें रेगुलर करें, ताकि उनका वेतन निगम से आए न की सैहब सोसायटी से। शहर के कई वार्डों में सफाई व्यवस्था ठप होने लगी है।

# आशा लाडली फाउंडेशन की अध्यक्ष नियुक्त

**शिमला।** लाडली फाउंडेशन की जिला अध्यक्ष संतोष शर्मा ने राज्य अध्यक्ष शालू अख्तर की सहमति से आशा कंवर को लाडली फाउंडेशन ग्रामीण- शिमला लाडली फाउंडेशन की ब्लॉक अध्यक्ष नियुक्त किया है। ग्रामीण शिमला की प्रमुख समाज सेविका आशा कंवर कई वर्षों से प्रमुख सामाजिक संस्था रेनबो स्टार क्लब, सर्वधर्म समभाव राष्ट्रीय मंच व लाडली फाउंडेशन के साथ मिलकर सामाजिक कुरीतियों को जड़ से उखाड़ने के लिए हमेशा कटिबद्ध रही है।



महिला सशक्तिकरण, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान, कन्या भ्रूण हत्या की रोकथाम जैसे कार्यों में उन्होंने सक्रिय भूमिका निभाई है।

# महिलाओं में मासिक धर्म आना एक नेचुरल प्रक्रिया: मनोज कुमार

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

महिलाओं में मासिक धर्म आना एक नेचुरल प्रक्रिया है, जिस प्रकार ग्रामीण क्षेत्रों में मासिक धर्म के दौरान महिलाओं के साथ व्यवहार किया जाता है वह तर्कसंगत नहीं है।

यह बात सिविल अस्पताल जुन्गा के प्रभारी चिकित्सक डॉ. मनोज कुमार ने स्वास्थ्य विभाग की ओर से जुन्गा में आयोजित जागरूकता शिविर के दौरान कही। अतीत में महिलाओं को मासिक धर्म आने पर घर में प्रवेश करना वर्जित होता था और उन्हें गोशालाओं में रहने को मजबूर होना पड़ता था। डॉ. मनोज ने बताया कि हमारे धार्मिक शास्त्रों में नारी को देवी की संज्ञा दी गई है। धार्मिक वेदों के अनुसार मासिक धर्म के दौरान तीन दिन तक महिला को आराम करने की सलाह दी गई है, क्योंकि मासिक धर्म आने पर महिलाओं में काफी रक्त स्त्राव होता है, अर्थात् तीन दिन में करीब 500 एमएल रक्त स्त्राव होता है, जिससे महिलाओं के शरीर में कमजोरी आती है इस उद्देश्य से वेदों में मासिक धर्म आने पर आराम करने की सलाह दी गई थी। वर्तमान परिप्रेक्ष्य में विशेषकर ग्रामीण परिवेश में मासिक धर्म के दौरान महिलाओं को घर पर खाना बनाने और किसी वस्तु को स्पर्श करने की अनुमति नहीं होती है। यह नियम करीब चार दिन तक लागू रहते हैं। इस दौरान महिलाओं को अलग कमरे में सोना पड़ता है।



जुन्गा में स्वास्थ्य विभाग की ओर से आयोजित कार्यशाला में मौजूद लोग।

### अस्पृश्यता जैसा व्यवहार नहीं करना चाहिए

कार्यालय में आए लोगों से आग्रह किया कि मासिक धर्म के दौरान महिलाओं के साथ अस्पृश्यता जैसा व्यवहार नहीं करना चाहिए, अपितु मासिक धर्म आने से महिला अशुद्ध नहीं होती है। यह एक नेचुरल प्रक्रिया है, जिसके तहत 10 वर्ष के उपरांत किसी भी किशोरी को मासिक धर्म आ सकते हैं। बेटियों को इस बारे जानकारी देने के लिए शिक्षण संस्थानों में विभाग की ओर से विशेष शिविर लगाए जाते हैं।

# युवा स्वयंसेवियों को पोवारी में सर्च और रेस्क्यू की ट्रेनिंग दी



जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण युवा स्वयंसेवियों को सर्च एंड रेस्क्यू की ट्रेनिंग देते हुए।

**अनंत ज्ञान, रिकांगपिओ**

जिला किन्नौर के तीन ब्लॉकों में इन दिनों जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण की ओर से युवा स्वयंसेवियों की ट्रेनिंग करवाई जा रही है।

इन दिनों यह ट्रेनिंग कल्पा ब्लॉक में करवाई जा रही हैं, जबकि निचार व पूह ब्लॉक में यह ट्रेनिंग पहले करवाई जा चुकी है। कल्पा ब्लॉक के पोवारी, मेंबर, और बारंग पंचायत के युवा स्वयंसेवियों को पोवारी में सर्च एंड रेस्क्यू का ट्रेनिंग दी गई। इससे पूर्व फस्ट एड के ट्रेनिंग डॉक्टर नेहा नेगी ने युवा स्वयंसेवियों को जानकारी दी। प्रशिक्षण एवं क्षमता निर्माण सह-समन्वयक नरेंद्र कायथ ने कहा कि किन्नौर के तीन ब्लॉकों में जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण की ओर से युवा स्वयसेवियों की ट्रेनिंग करवाई जा रही है। स्वयंसेवियों को ट्रेनिंग देने का मुख्य उद्देश्य है कि आपदा के समय स्थानीय स्वयंसेवी लोगों को राहत प्रदान कर सकें। तीन दिनों तक दी जा रही ट्रेनिंग के पहले दिन मेडिकल अधिकारियों की ओर से मेडिकल फस्ट एड दूसरे दिन होमगार्ड के जवानों की ओर से सर्च एंड रेस्क्यू तथा तीसरे दिन फायर सेफ्टी की ट्रेनिंग दी जाती है तथा यह अभियान 27 दिसंबर तक चलेगा।

**आयोजन** स्पीलो पंचायत में कृषि विभाग की आतमा परियोजना पूह की ओर से किसान मेले का किया आयोजन

# मेले में छह पंचायतों के 100 किसानों ने लिया भाग

**अनंत ज्ञान, रिकांगपिओ**

किन्नौर जिले के पूह विकास खंड की स्पीलो पंचायत में कृषि विभाग के आतमा परियोजना पूह की ओर से एकदिवसीय किसान मेले का आयोजन किया गया, जिसमें कानम, लाबरंग, जंगी, नेसंग, स्पीलो व लिप्पा पंचायत के 100 किसानों ने भाग लिया। किसान मेले में अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी पूह विनय मोदी व पूर्व पंचायत समिति अध्यक्ष पूह नरेश कुमार बतौर मुख्यातिथि उपस्थित रहे।

इस अवसर पर जिला कृषि अधिकारी ओपी बंसल ने उपस्थित किसानों को विभाग के माध्यम से चलाई जा रही विभिन्न किसान हितैषी नीतियों व योजनाओं से अवगत करवाया। जिले में मुख्यमंत्री खेत संरक्षण योजना के तहत बाड़बंदी के लिए राशि को 50 प्रतिशत से बढ़ाकर 70 प्रतिशत किया गया है। राज्य कृषि यंत्रीकरण योजना के तहत कृषि अभियंत्रिकी को बढ़ावा देने के लिए ब्रश कटर, चारा कटर, सोर स्प्रे पंप, बीज भंडार बिन इत्यादि 50 प्रतिशत के अनुदान पर उपलब्ध करवाया जा रहा है तथा मुख्यमंत्री कृषि संवर्धन योजना के तहत किसानों को अनाजों, दालों, तिलहन व चारा फसलों के बीजों को विक्रय करने पर 50 प्रतिशत अनुदान प्रदान किया जा रहा है।

इसके अलावा बागवानी विभाग व पशुपालन विभाग के अधिकारियों ने भी संबंधित विभागों के माध्यम से चलाई जा रही योजनाओं से उपस्थित लोगों को अवगत करवाया। इस अवसर पर कृषि विकास अधिकारी राजेंद्र चौधरी, भू-संरक्षण अधिकारी राजेश धीमान, खंड तकनीकी अधिकारी पूह जय नेगी, कृषि विभाग (आतमा) से डॉ. जय नेगी व अरूण किशोर उपस्थित रहे।







किन्नौर जिले के पूह विकास खंड की स्पीलो पंचायत में कृषि विभाग के आतमा परियोजना पूह की ओर से एक दिवसीय किसान मेले के आयोजन पर मौजूद लोग।

# सीपीआईएम ने स्मार्ट प्री पेड मीटर योजना को वापस लेने की उठाई मांग

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

बिजली के निजीकण, स्मार्ट प्री पेड मीटर नीति व बिजली विधेयक 2022 के खिलाफ सीपीआईएम जिला कमेटी शिमला ने कालीबाड़ी हॉल शिमला में एक अधिवेशन का आयोजन किया। पार्टी ने निर्णय लिया कि केंद्र सरकार की इस योजना के खिलाफ जनता को आंदोलन हेतु लामबंद किया जाएगा।

पार्टी 15 जनवरी तक शहर के सभी वार्डों में जनसंवाद करेगी। अधिवेशन का उद्घाटन विजेंद्र मेहरा, समापन संजय चैहान व मंच संचालन जगत राम ने किया। वक्ताओं ने स्मार्ट प्री पेड मीटर योजना को वापस लेने की मांग की। उन्होंने बिजली के निजीकरण पर लगाम लगाने की मांग की। उन्होंने बिजली विधेयक 2022 को निरस्त करने की मांग की। केंद्र की मोदी सरकार बिजली क्षेत्र को निजी कंपनियों को बेचने पर आमदा है। बिजली विधेयक 2022 इसी का नतीजा है। केंद्र सरकार बिजली क्षेत्र में स्मार्ट प्री पेड मीटर लगाने का फैसला कर चुकी है। इस तरह बिजली बोर्ड का स्वयं निजीकरण शुरू हो जाएगा। प्री पेड बिजली स्मार्ट मीटर लगने से मोबाइल फोन की तरह पैसे खत्म होने पर स्मार्ट मीटर काम करना बंद कर देगा व घर में बिजली आपूर्ति बाधित हो जाएगी। स्मार्ट मीटर का रेट बहुत ज्यादा है, जिसकी कीमत ग्राहकों से ही वसूली जाएगी। मीटर की लाइफ भी अधिकतम सात से आठ वर्ष होगी।



सीपीआईएम कालीबाड़ी हॉल शिमला में अधिवेशन के आयोजन पर मौजूद लोग।

# प्रशासन की दो टूक : ओल्ड डीसी ऑफिस से कोटला नाला तक ही बनेगा फुटपाथ

## लोगों को मिलेगी राहत, अतिक्रमण हटाने के साथ होगा निर्माण, नगर निगम बनाएगा एस्टीमेट

**आर मोहन चौहान, सोलन**

जिला मुख्यालय सोलन में अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई के बीच प्रशासन ने बड़ा निर्णय लिया है। डीसी सोलन ने संबधित विभागों को निर्देश दिए हैं कि ओल्ड डीसी चौक से कोटला नाला तक कंट्रोल विड्थ के साथ अतिक्रमण किए गए हिस्से में फुटपाथ का निर्माण किया जाए। इसके लिए पीडब्लयूडी और नगर निगम को आपसी समन्वय बनाकर जल्द निर्माण कार्य शुरू करवाने के निर्देश दिए।

इसके तहत रोड साइड ड्रेनेज को भी कवर किया जाएगा, ताकि पैदल चलने में लोगों को सुगमता हो सके। शुरुआती अनुमान के मुताबिक इस कार्य में करीब एक करोड़ रुपए की लागत आएगी।

फुटपाथ बनने से यहां भविष्य में अतिक्रमण की संभावना भी नहीं रहेगी, साथ ही नालियां कवर होने से शहर साफ-सुथरा नजर आएगा। सोलन की एसडीएम कविता ठाकुर का कहना है कि दुकानों के सामने कंट्रोल बोर्ड विथ में किए गए अतिक्रमण को हटाकर यहां फुटपाथ का निर्माण किया जाएगा। अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई लगभग पूरी हो गई है। जिन स्थानों पर किन्हीं लोगों को संदेह है, वहां पर दोबारा से निशानदेही होगी।


सोलन का राजगढ़ रोड जहां ओल्ड डीसी ऑफिस से कोटलानाला तक

**पैदल चलना जोखिम भरा :** जिला प्रशासन की तरफ से की गई कार्रवाई के बाद स्थानीय लोगों की जरूरत को देखते हुए यह कदम उठाया गया है। इसके अलावा सरकारी जमीन में किए गए अतिक्रमण को भी अब स्वयं भवन मालिक को हटाना होगा।

आमतौर पर पुराना डीसी ऑफिस से कोटला नाना तक अतिक्रमण के चलते पैदल यात्रियों को वाहनों के रश में जान जोखिम में डालकर चलना पड़ता है। इससे खासकर स्कूली बच्चों और बुजुर्गों को हमेशा दुर्घटना का खतरा रहता है। सड़क एक तरफ फुटपाथ बनने से लोगों को काफी हद तक निजात मिल जाएगी। अतिक्रमण हटने से रोज लगने वाले जाम से भी मुक्ति मिलेगी। (अनंत ज्ञान)

### अब नहीं चलेगा पीला पंजा

व्यापार मंडल के आग्रह के बाद अब प्रशासन की टीम सिर्फ निशानदेही करेगी। यानी अब अतिक्रमण पर प्रशासन का पीला पंजा नहीं चलेगा। प्रशासन ने फिलहाल जेसीबी की मदद से गिराए गए अतिक्रमण का कार्य रोक दिया है। दुकानदार व भवन मालिक को स्वयं अतिक्रमण हटाने का समय दिया गया है, यदि तय सीमा के अंदर अतिक्रमण नहीं हटाया तो फिर से जेसीबी की मदद से अतिक्रमण को हटाने की कार्रवाई होगी। प्रशासन की तरफ से की गई अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई से स्थानीय लोग सराहना कर रहे हैं। लोगों का कहना है कि यह कार्रवाई पहले हो जानी चाहिए थी।

# मजबूत लोकतंत्र सबकी भागीदारी : डीसी


मतदाता सूचियों के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण-2024 की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते सोलन के डीसी मनमोहन शर्मा।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, सोलन**


जिला निर्वाचन अधिकारी (उपायुक्त) सोलन की अध्यक्षता में मतदाता सूचियों के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण-2024 की समीक्षा व आगामी लोकसभा निर्वाचन-2024 की प्रारंभिक तैयारियों के संबंध में जिला के समस्त निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों (एसडीएम) के साथ उपायुक्त कार्यालय सोलन के सभागार कक्ष में बैठक का आयोजन किया गया।

बैठक में जिला निर्वाचन अधिकारी (उपायुक्त) सोलन मनमोहन शर्मा ने मतदाता सूचियों के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण-2023 में प्राप्त मतदाता सूचियों में नाम दर्ज करने/ अपमार्जित करने हेतु प्राप्त दावों व आक्षेपों की समीक्षा की। उन्होंने समस्त निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों (एसडीएम) को इन दावों व आक्षेपों का निपटारा निर्धारित तिथि 26 दिसंबर तक करने के निर्देश दिए।

उन्होंने लोक सभा निर्वाचन-2024 की प्रारंभिक तैयारियों में सेक्टर अफसरों की बैठक, नोडल अधिकारियों की बैठक, ईवीएम जागरूकता अभियान की निगरानी, स्वीप कोर कमेटी बनाने, सभा निर्वाचन क्षेत्र स्तर का मास्टर प्लान तैयार करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर अतिरिक्त उपायुक्त सोलन अजय यादव, निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों (एसडीएम) नालागढ़ दिव्यांशु सिंघल, एसडीएम. कंडाघाट सिद्धार्थ आचार्य, एसडीएम अर्की यादवेंद्र पाल, एसडीएम सोलन कविता ठाकुर, एसडीएम कसौली गौरव महाजन, जिला राजस्व अधिकारी नीरजा शर्मा, तहसीलदार (निर्वाचन) राजेश शर्मा, जिला के समस्त तहसीलदार नायब तहसीलदार तथा नायब तहसीलदार (निर्वाचन) दीवान सिंह ठाकुर उपस्थित रहे।

## न्यूज ब्रीफ

### ग्रीन हाट के बनने से आर्थिकी होगी मजबूत


जाहिर खान

**पांवटा साहिब।** माजरा कांग्रेस जोन अध्यक्ष जाहिर खान, अशरफ अली, शराफत अली, और आरिफ अली सहित कई लोगों ने ग्रीन हाट को प्रोत्साहित करने के लिए मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू का आभार जताया। उन्होंने कहा कि सिरमौर विकास में लगातार आगे बढ़ रहा है। करोड़ों की लागत से बनने वाले ग्रीन हाट का शिलान्यास किया गया है। इससे रोजगार बढ़ने के अलावा आर्थिकी भी मजबूत होगी। इससे पारंपरिक व्यंजनों को बढ़ावा मिलेगा।

### आज बिजली आपूर्ति रहेगी बाधित

**सोलन।** हिमाचल प्रदेश बिजली बोर्ड से प्राप्त जानकारी के अनुसार 21 दिसंबर को आवश्यक रखरखाव के दृष्टिगत जटोली फीडर के अंतर्गत आने वाले कुछ क्षेत्रों में बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी। यह जानकारी विद्युत मंडल सोलन के अतिरिक्त अधीक्षण अभियंता ने दी। उन्होंने कहा कि 21 दिसंबर को प्रातः 10 से सायं पांच बजे तक कोठों, बावरा, कुडला तथा आसपास के क्षेत्रों में बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी। उन्होंने कहा कि मौसम खराब होने की स्थिति तथा अन्य कारणों से उपरोक्त तिथि एवं समय में बदलाव किया जा सकता है। उन्होंने उपभोक्ताओं से सहयोग की अपील की है।

### सड़क सुरक्षा क्लब ने छात्रों का किया सम्मान


सम्मानित होने वाले बच्चे प्रो. दिनेश के साथ।

**रेणुका जी।** राजकीय महाविद्यालय रेणुका जी के सड़क सुरक्षा क्लब ने विभिन्न गतिविधियों में भाग लेने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया। महाविद्यालय के सड़क सुरक्षा क्लब के संयोजक प्रो. दिनेश कुमार ने बताया कि सड़क सुरक्षा गतिविधियों और अंतरराष्ट्रीय रेणुका मेले में तथा आसपास लोगों को जागरूक करने वाले 16 विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। इनमें मनीष, लविश, अंजना, प्रीति चौहान, रेशमा कुमारी, रेखा, लता, पूनम, प्रिया, श्वेता, अमित, सिद्धांत, भूमिका, आशिमा कुमारी, मनीषा एवं मनीता शामिल हैं। महाविद्यालय के कार्यकारी प्राचार्या प्रोफेसर नीलम कुमारी ने सभी विद्यार्थियों को मोमेंटो देकर सम्मानित किया।

# दुकानदारों को स्वयं अतिक्रमण हटाने की छूट, नहीं तो होगी कार्रवाई

**पंकज शर्मा, सोलन**

प्रशासन ने अतिक्रमण की मुहिम को जारी रखते हुए बुधवार को कोटला नाला में अधिग्रहण हटाने की निशानदेही की। इस दौरान दुकानदारों को स्वयं अतिक्रमण हटाने की छूट दी गई। जिला प्रशासन ने अतिक्रमण हटाने की मुहिम को जारी रखते सड़क की कंट्रोल विड्थ मापी और इसमें किए गए अतिक्रमण को लेकर निशानदेही की।

इस दौरान दुकानदारों को स्वयं अतिक्रमण हटाने की छूट दी गई, पर ऐसा न करने पर फिर से जेसीबी की मदद से अतिक्रमण हटाया जाएगा।

हालांकि व्यापार मंडल के आग्रह पर प्रशासन ने फिलहाल जेसीबी से अतिक्रमण हटाना की कार्रवाई रोक दी है। आने वाले दिनों में भी कोटला नाला में अधिग्रहण हटाने की निशानदेही होगी। प्रशासनिक निशानदेही से स्थानीय दुकानदारों में हड़कंप मचा हुआ है। कोटला नाला में काफी मात्रा में अतिक्रमण पाया गया है। लोगों ने अपनी दुकानों के सामने अवैध रूप से अतिक्रमण किया है।

कई जगह रास्तों में भी निर्माण कार्य किया गया है। प्रशासन ने सभी प्रकार के अतिक्रमण को हटाने की मोहलत दी है। इसके बाद शासन अपने स्तर पर अतिक्रमण हटाएगा। एसडीएम कविता ठाकुर ने कहा कि अतिक्रमण हटाने की मुहिम अभी जारी रहेगी। दुकानदारों ने अपने स्तर पर अतिक्रमण हटाने की बात मानी है। (अनंत ज्ञान)

**सोलन में प्रशासन की टीम ने की निशानदेही**

# 100 मीटर दौड़ में अक्षय ने सबको पछाड़ा

## संस्कृत महाविद्यालय सोलन में दो दिवसीय वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता आयोजित

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, सोलन**

राजकीय संस्कृत महाविद्यालय सोलन में दो दिवसीय वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता के शुभारंभ मौके पर एसबीआई सोलन के प्रबंधन अधिकारी आरएल कौशिक ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की, जबकि परमिंद्र सिंह ने कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित हुए।

वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का शुभारंभ मुख्यातिथि ने दीप प्रज्वलित कर किया, तत्पश्चात महाविद्यालय की छात्राओं ने स्वागत गीत की शानदार प्रस्तुति दी। महाविद्यालय के प्राचार्य नरेश चंद ने मुख्यातिथि का स्वागत किया और कार्यक्रम में भाग लेने पर आभार व्यक्त किया। इसके बाद महाविद्यालय परिसर में वार्षिक खेलकूद क्रीड़ा का विधिवत रूप से शुभारंभ हुआ। प्रथम दिन बालिकाओं की कबड्डी प्रतियोगिता करवाई गई। इसमें शास्त्री अंतिम वर्ष तथा शास्त्री द्वितीय वर्ष के बीच रोमांचक मुकाबले हुए। इसमें शास्त्री द्वितीय वर्ष की छात्राओं ने प्रतिद्वंदी टीम को पराजित कर कबड्डी स्पर्धा में जीत दर्ज की।


वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता में हिस्सा लेते खिलाड़ी।

इसके बाद प्रा. शास्त्री प्रथम वर्ष तथा प्रा. शास्त्री द्वितीय वर्ष के मध्य प्रतियोगिता हुई, इसमें प्रा. शास्त्री प्रथम वर्ष विजयी रही। कबड्डी का अंतिम मुकाबला शास्त्री द्वितीय वर्ष और प्रा. शास्त्री प्रथम वर्ष के मध्य खेला गया। इस मुकाबले में शास्त्री द्वितीय वर्ष ने जीत दर्ज कर ट्रॉफी अपने नाम की।

इसी तरह लड़कों की एथलेटिक्स स्पर्धा में भी विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। 100 मीटर दौड़ में प्रथम स्थान अंतिम वर्ष के छात्र अक्षय प्रथम व द्वितीय स्थान साहिल शास्त्री प्रथम वर्ष ने प्राप्त किया, जबकि तृतीय स्थान राहुल प्रा. शास्त्री ने प्राप्त किया। इसी तरह 200 मीटर की दौड़ में प्रथम स्थान अक्षय शास्त्री अंतिम वर्ष, द्वितीय स्थान साहिल प्रथम वर्ष, तृतीय स्थान रजनीश और नितेश शास्त्री द्वितीय वर्ष ने हासिल किया।

लड़कों की शॉटपुट प्रतियोगिता में प्रथम स्थान राहुल शास्त्री तृतीय वर्ष, द्वितीय स्थान अक्षय अंतिम वर्ष, तृतीय स्थान रजत प्रा. शास्त्री द्वितीय वर्ष ने प्राप्त किया। डिस्कस थ्रो स्पर्धा में अक्षय शास्त्री तृतीय वर्ष ने प्रथम, नितेश शास्त्री द्वितीय वर्ष ने द्वितीय, अंशुल प्रा. शास्त्री द्वितीय वर्ष तृतीय स्थान पर रहे।

गर्ल्स चेस में इश्किा कक्षा प्रा. शास्त्री ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। कैरम बोर्ड में प्रीति व मोनिका ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। इसी तरह लड़कों की कैरम बोर्ड स्पर्धा में लोकेंद्र और शिवांश ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि लड़कों की चेस प्रतियोगिता में अमन ने प्रथम स्थान प्राप्त किया।

# शिक्षक संघों को विश्वास में ले सरकार

## प्रवक्ताओं को प्राइमरी की कक्षाओं में भेजने संबंधी समयसारिणी का किया विरोध

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, सोलन**

हिमाचल प्रदेश प्रवक्ता संघ जिला सोलन इकाई ने सरकार एवं शिक्षा विभाग की ओर से क्लस्टर सिस्टम के तहत कई जिलों में प्रधानाचार्यों की ओर से मनमानी निर्णय पर विरोध दर्ज किया है।

प्रवक्ता संघ के जिला अध्यक्ष चंद्रदेव ठाकुर, जिला महासचिव भगत राम जगोता, वरिष्ठ उपाध्यक्ष भूपेंद्र कुमार शर्मा तथा रविंद्र कुमार वर्मा, कोषाध्यक्ष जगदीश कुमार ठाकुर, उपाध्यक्ष हेमंत कुमार शर्मा और सोहन लाल, संगठन मंत्री जय लाल जलपाईक, शोभा शर्मा, सचिव शोभा शर्मा, बीना वर्मा तथा समस्त जिला कार्यकारिणी के पदाधिकारी ने कुछ जिलों में प्रधानाचार्यों की ओर से प्रवक्ताओं को प्राइमरी की कक्षाओं में भेजने संबंधी समयसारिणी बनाने का विरोध किया है। जिला अध्यक्ष चंद्रदेव ठाकुर ने कहा कि प्रवक्ता संघ क्लस्टर सिस्टम के विरोध में नहीं है, परंतु प्रवक्ताओं को निचली कक्षाओं में भेजना उन्हें तर्कसंगत नहीं लग रहा है।


हिमाचल प्रदेश प्रवक्ता संघ जिला सोलन इकाई की बैठक में मौजूद सदस्य।

प्रवक्ताओं की नियुक्ति जमा एक एवं जमा दो कक्षाओं के लिए की गई है न की निचली कक्षाओं के लिए। शिक्षा विभाग और सरकार को क्लस्टर सिस्टम को सही ढंग से लागू करने के लिए सभी शिक्षक संघों को विश्वास में लेकर ही निर्णय लिया जाना चाहिए। सरकार के द्वारा एवं विभाग के द्वारा जो आदेश किये जा रहे हैं उसमें विद्यालय प्रमुखों के द्वारा ऐसी समयसारिणी तैयार की जा रही है जिसमें प्रवक्ताओं को उनकी कक्षाओं के साथ-साथ प्राथमिक कक्षाओं में भेजने की बात कहीं जा रही है जो तर्कसंगत एवं न्याय संगत नहीं है।

सरकार की ओर से नई शिक्षा नीति लागू करने का प्रवक्ता संघ स्वागत करता है, परंतु इसके लिए इसे सही ढंग से लागू करने की आवश्यकता है। प्रवक्ताओं को निचली कक्षाओं में भेजना उच्च शिक्षा के साथ खिलवाड़ करने जैसा है। वास्तव में प्रवक्ताओं की नियुक्ति जमा एक और जमा दो कक्षाओं के लिए होती है, जिसका उन्हें विशेष अनुभव होता है। ऐसी स्थिति में उन्हें निचली कक्षा में भेजने का प्रयोग उच्च शिक्षा प्रणाली को पूरी तरह से प्रभावित कर सकता है।

शिक्षा के क्षेत्र में नए-नए प्रयोग और बनी व्यवस्था को तोड़ने से हमारी शिक्षा प्रणाली प्रभावित हो सकती है क्योंकि हर वर्ग के शिक्षकों को लगाने से पहले उनके लिए अलग-अलग तरह के नियम बनाए जाते हैं और उन्हीं नियमों के तहत यह सभी अपना-अपना कार्य करते हैं। अतः सरकार और शिक्षा विभाग को नई शिक्षा नीति को लागू करने के लिए सभी संघों को विश्वास में लेकर ही निर्णय लिए जाने चाहिए।

# दून प्रेस क्लब की बैठक में हुआ नई कार्यकारिणी का चुनाव


दून प्रेस क्लब की नई कार्यकारिणी जिसका बैठक में चयन किया गया।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, पावंटा साहिब**

दून प्रेस क्लब की बैठक रॉकवुड होटल में की गई। बैठक पूर्व अध्यक्ष संजीव शर्मा की अध्यक्षता में आयोजित हुई।

इसमें पूर्व अध्यक्ष संजीव शर्मा का कार्यकाल पूरा होने पर नए अध्यक्ष एवं कार्यकारिणी का चुनाव किया गया। श्यामलाल पुंडीर और कुलदीप सिंह गतवाल को चुनाव आयुक्त बनाया गया। चुनाव आयुक्त व सभी सदस्यों ने दिनेश ठाकुर को सर्वसम्मति से अध्यक्ष चुना।

नरेंद्र सैनी क्लब के वरिष्ठ उपाध्यक्ष, मुकेश रमोल उपाध्यक्ष, भीम सिंह महासचिव, मनजीत सिंह को कोषाध्यक्ष, अच्छर तेजवान और सुनील तोमर को मीडिया प्रभारी, चुना गया। इस दौरान क्लब के अन्य सदस्य भी मौजूद रहे।

**आयोजन** | **गुरु नानक मिशन पब्लिक स्कूल में वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह का आयोजन**

# सालभर उपलब्धियां हासिल करने वाले छात्र सम्मानित

**अनंत ज्ञान, पांवटा साहिब**

पांवटा साहिब के गुरु नानक मिशन पब्लिक स्कूल में वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में शहर के कई गणमान्य लोगों ने शिरकत की। कार्यक्रम में जियोन लाइफ साइंसेज कंपनी के एमडी सुरेश गर्ग ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की और दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का आगाज किया। इसके बाद स्थानीय विद्यार्थियों ने स्वागत गीत गाया। विद्यार्थियों ने एकाएक सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी। इसमें भारत के रंग, तनाव मुक्त बच्चे, माइम शो, पहाड़ों की गूंज, दहेज एक अभिशाप नाटक आदि पेश किया।

इसके बाद पढ़ाई में बेहतरीन प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कार वितरित किए गए। बता दें कि स्कूल की ओर से साल भर में विभिन्न गतिविधियों में बेहतरीन प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों सहित खिलाड़ियों को पुरस्कृत किया गया।


गुरु नानक मिशन पब्लिक स्कूल में वार्षिक पारितोषिक समारोह में उपस्थित अभिभावक।

सांस्कृतिक कार्यक्रमों में मोबाइल की लत, भारतीय त्योहार, सूफियाना सफर, दुर्गा के नौ रूप, पंजाबी विरसा और मिशन चंद्रयान, गणेश स्तुति और स्वच्छ भारत हरित भारत आदि मुख्य आकर्षण रहा।

स्कूल प्रबंधन ने स्कूल ट्रस्ट के सदस्यों और पूर्व छात्रों को भी सम्मानित किया। खास तौर पर उन छात्रों को जो इसी स्कूल से निकले हैं और अब जिनका स्कूल को विशेष सहयोग मिलता है। इसमें सरदार सर्वजीत सिंह, डॉ. अवनीत सिंह लांबा, स्वाति गर्ग, स्मृति वर्मा आदि शामिल हैं।

स्कूल के प्रधानाचार्य गुरविंदर चावला ने वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत की गई। इस दौरान उन्होंने स्कूल की उपलब्धियों को प्रस्तुत किया। उन्होंने कहा कि स्कूल प्रबंधन का यह प्रयास है कि बेहतर से बेहतर सुविधाएं विद्यार्थियों को दी जाएं। शिक्षा के साथ-साथ खेलकूद गतिविधियों में भी स्कूल आगे बढ़ रहा है। मुख्य अतिथि सुरेश गर्ग ने कहा कि शिक्षा एक मंदिर है, यह इस स्कूल ने सार्थक किया है। यहां हजारों विद्यार्थी पढ़ते हैं और उन्हें गुणवत्ता युक्त शिक्षा दी जाती है।

एक विद्यार्थी का सर्वांगीण विकास क्या होता है, इस स्कूल ने यह सार्थक किया है। उन्होंने स्कूल प्रबंधन और विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दीं। इस दौरान स्कूल निदेशक जीएस सैनी, जीएस भल्ला अध्यक्ष, वरिष्ठ उपाध्यक्ष जेएस साहनी सहित सभी अध्यापक विद्यार्थी और उनके परिजन मौजूद रहे। राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम का समापन किया गया।

# जागरूकता से ही हम सब आग से होने वाले नुकसान से बच सकेंगे

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, सोलन**

गोल्डन वैली स्कूल बद्दी के प्रांगण में अग्निशमन विभाग की ओर से आग से सुरक्षा को लेकर जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। स्कूल की प्रिंसिपल रुचि दुबे ने बताया कि शिविर में अग्निशमन विभाग बद्दी के पदाधिकारी जोगिंद्र कुमार एवं उनके दल के अन्य सदस्यों ने बच्चों को जागरूक किया।

अग्निशमन विभाग के अधिकारियों ने स्कूल के शिक्षकों व बच्चों को सिखाया कि विभिन्न प्रकार से अगर हम कभी आग में फंस जाएं तो किस प्रकार हम अपना बचाव करें। उन्होंने यह भी बताया कि घर में प्रयोग होने वाले सिलेंडर से निकलने वाली गैस में आग लगने पर उसे कैसे नियंत्रित किया जाए। शिविर के अंत में छात्रों को बताया गया कि पानी से भीगे हुए कपड़े को गैस सिलेंडर पर रखकर उससे कैसे आग बुझाई जा सकती है।


छात्रों को जागरूक करते अग्निशमन विभाग के अधिकारी।

**गोल्डन वैली पब्लिक स्कूल में अग्निशमन विभाग ने लगाया जागरूकता शिविर**

इस अवसर पर स्कूल प्रबंधक भजन सिंह ने कहा कि आपदा से निपटने के लिए सबसे पहले जागरूकता आवश्यक है और जागरूकता से ही हम आग से होने वाले नुकसान से बच सकेंगे।

इस मौके पर स्कूल प्रधानाचार्य रुचि दुबे, सतीश, अंजना कुमारी, परविंद्र कौर, कुलश्रेष्ठ ठाकुर, प्रवीण, शालिग्राम, गुरदयाल, ओम प्रकाश, लत्तू, लवली, स्तुति अन्य शिक्षक गण व सभी छात्र मौजूद रहे।

इस बार खिलाड़ियों पर पैसों की खूब बारिश; कुल 230 करोड़ रुपए खर्च, 31 मार्च से होगा आगाज और मई के अंत तक चलेंगे मैच

# आईपीएल–2024 की नीलामी खत्म, 72 खिलाड़ियों की बदली किस्मत

एजेंसी, नई दिल्ली

**आईपीएल**-2024 के लिए टीमें तैयार हो चुकी हैं। देश और विदेशी टीमों के खिलाड़ियों को करोड़ों की कीमत में खरीदा गया है। इस बार आईपीएल-2024 मिनी ऑक्शन में खिलाड़ियों पर पैसों की खूब बारिश हुई है। ऑक्शन में 10 टीमों ने मिलकर 72 खिलाड़ियों को अपनी टीम में शामिल किया और कुल 230 करोड़ रुपए खर्च किए। ऑक्शन में सीएसके ने छह, दिल्ली कैपिटल्स ने नौ, गुजरात टाइटंस ने आठ, कोलकाता नाइट राइडर्स ने 10, लखनऊ ने छह, मुंबई इंडियंस ने आठ, पंजाब किंग्स ने ऑक्शन में आठ खिलाड़ियों को खरीदा है। वहीं, राजस्थान रॉयल्स ने ऑक्शन में पांच, सनराइजर्स हैदराबाद ने छह खिलाड़ियों को अपनी टीम में शामिल किया।

रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने ऑक्शन में कुल छह खिलाड़ी को खरीदकर अपनी टीम में शामिल करने में सफल रहे। आईपीएल 2024 का आगाज 31 मार्च से होगा, जो मई महीने के अंत तक चलेगा। हालांकि, अभी तक इसकी आधिकारिक घोषणा नहीं हुई है। दरअसल, अगले साल जून में टी20 वर्ल्ड कप 2024 खेला जाना है। ऐसे में बीसीसीआई वर्ल्ड कप से पहले आईपीएल खत्म करना चाहेगी।

## मुंबई इंडियंस

रोहित शर्मा, डेवाल्ड ब्रेविस, सूर्य कुमार यादव, ईशान किशन, तिलक वर्मा, टिम डेविड, विष्णु विनोद, अर्जुन तेंदुलकर, हार्दिक पांड्या (कप्तान) (ट्रेडेड), शम्स मुलानी, नेहल वढेरा, जसप्रीत बुमराह, कुमार कार्तिकेय, पीयूष चावला, आकाश मधवाल, जेसन बेहरेनडॉर्फ, रोमारियो शेफर्ड गेराल्ड कोएत्जी, दिलशान मदुशंका, श्रेयस गोपाल, नुवान तुषारा, नमन धीर, अंशुल कंबोज, मोहम्मद नबी और शिवालिक शर्मा।

**खरीदे खिलाड़ी** : मुंबई इंडियंस ने गेराल्ड कोएत्जी (5 करोड़), दिलशान मदुशंका (4.60 करोड़), श्रेयस गोपाल (20 लाख), नमन धीर (20 लाख), अंशुल कंबोज (20 लाख), नुवान तुषारा (4.80 करोड़), मोहम्मद नबी (1.50 करोड़), शिवालिक शर्मा (20 लाख) में खरीदकर अपनी टीम में शामिल किया है।

## गुजरात टाइटंस

शुभमन गिल (कप्तान), डेविड मिलर, मैथ्यू वेड, ऋद्धिमान साहा, केन विलियमसन, अभिनव मनोहर, बी साई सुदर्शन, दर्शन नालकंडे, विजय शंकर, जयंत यादव, राहुल तेवतिया, मोहम्मद शमी, नूर अहमद, आर साई किशोर, राशिद खान, जोशुआ लिटिल, मोहित शर्मा, अजमतुल्लाह उमरजई, उमेश यादव, शाहरुख खान, सुशांत मिश्रा, कार्तिक त्यागी, मानव सुथार, स्पेंसर जॉनसन और रॉबिन मिन्ज।

**खरीदे खिलाड़ी:** स्पेंसर जॉनसन ऑस्ट्रेलिया 10 करोड़, शाहरुख खान भारत 7.40 करोड़, उमेश यादव भारत 5.8 करोड़, रॉबिन मिंज भारत 3.6 करोड़, सुशांत मिश्रा भारत 2.2 करोड़, कार्तिक त्यागी भारत 60 लाख, अजमतुल्ला उमरजई अफगानिस्तान 50 लाख, मानव सुथार भारत 20 लाख में खरीदकर टीम में शामिल किया है।

## ये हैं आईपीएल–2024 की दस टीमें



## कोलकाता नाइट राइडर्स

नीतीश राणा, रिंकू सिंह, रहमानुल्लाह गुरबाज, श्रेयस अय्यर (कप्तान), जेसन रॉय, सुनील नरेन, सुयश शर्मा, अनुकूल रॉय, आंद्रे रसेल, वेंकटेश अय्यर, हर्षित राणा, वैभव अरोड़ा, वरुण चक्रवर्ती, केएस भरत, चेतन सकारिया, मिचेल स्टार्क, अंगकृष रघुवंशी, रमनदीप सिंह, शेरफेन रदरफोर्ड, मनीष पांडे, मुजीब उर रहमान, गस एटकिंसन और साकिब हुसैन।

**खरीदे खिलाड़ी** : आईपीएल ऑक्शन में केकेआर ने स्टार्क के अलावा मिचेल स्टार्क (24.75 करोड़), मुजीब उर रहमान (2 करोड़), गस अटकिंसन (एक करोड़), चेतन सकारिया (50 लाख), रमनदीप सिंह (20 लाख), श्रीकर भरत (50 लाख), शेर्फन रदरफोर्ड (1.50 करोड़), अंकिश रघुवंशी (20 लाख), मनीष पांडे (50 लाख) और साकिब हुसैन (20 लाख) को खरीदकर अपनी टीम में शामिल किया है।

**दिल्ली कैपिटल्स** : ऋषभ पंत (कप्तान), प्रवीण दुबे, डेविड वॉर्नर, विक्की ओस्तवाल, पृथ्वी शॉ, एनरिक नॉर्खिया, अभिषेक पोरेल, कुलदीप यादव, अक्षर पटेल, लुंगी एनगिडी, ललित यादव, खलील अहमद, मिचेल मार्श, ईशांत शर्मा, यश ढुल, मुकेश कुमार, हैरी ब्रूक, ट्रिस्टन स्टब्स, रिकी भुई, कुमार कुशाग्र, रसिक डार, झाय रिचर्ड्सन, सुमित कुमार, शाई होप और स्वास्तिक चिकारा।

**खरीदे खिलाड़ी** : दिल्ली ने स्वास्तिक चिकारा (20 लाख), शाई होप (75 लाख), सुमित कुमार (एक करोड़), झाय रिचर्ड्सन (5 करोड़), रसिख सलाम (20 लाख रुपरु), कुमार कुशाग्र (7.20 करोड़), रिकी भुई (20 लाख रुपए), ट्रस्टर्न स्टब्स (50 लाख) और हैरी ब्रूक (4 करोड़) में खरीदकर अपनी टीम में शामिल किया है।

**लखनऊ सुपर जाइंट्स** : केएल राहुल (कप्तान), क्विंटन डि कॉक, निकोलस पूरन, आयुष बदोनी, काइल मेयर्स, मार्कस स्टॉयनिस, दीपक हुडा, रवि बिश्नोई, नवीन-उल-हक, कुणाल पंड्या, युद्धवीर सिंह, प्रेरक मांकड़, यश ठकुर, अमित मिश्रा, मार्क वुड, मयंक यादव, मोहसिन खान, देवदत्त पडिक्कल (ट्रेडेड), शिवम मावी, अर्शिन कुलकर्णी, एम सिद्धार्थ, एश्टन टर्नर, डेविड विली और मोहम्मद अरशद खान।

**खरीदे खिलाड़ी** : शिवम मावी (6.4 करोड़), अर्शिन कुलकर्णी 20 लाख, एम. सिद्धार्थ 2.4 करोड़, एश्टन टर्नर एक करोड़, डेविड विली दो करोड़, मो. अरशद खान 20 लाख में खरीदकर अपनी टीम में शामिल किया।

**पंजाब किंग्स** : शिखर धवन (कप्तान), मैथ्यू शॉर्ट, प्रभसिमरन सिंह (विकेटकीपर), जितेश शर्मा (विकेटकीपर), सिकंदर रजा, ऋषि धवन, लियाम लिविंगस्टोन, अथर्व तावडे, अर्शदीप सिंह, नाथन एलिस, सैम करेन, कागिसो रबाडा, हरप्रीत बरार, राहुल चाहर, हरप्रीत भाटिया, विद्वत कवरप्पा, शिवम सिंह, हर्षल पटेल, क्रिस वोक्स, आशुतोष शर्मा, विश्वनाथ प्रताप सिंह, शशांक सिंह, तनय त्यागराजन, प्रिंस चौधरी और रिली रॉसो।

**खरीदे खिलाड़ी:** हर्षल पटेल भारत 11.75 करोड़, रिले रुसो दक्षिण अफ्रीका 8 करोड़, क्रिस वोक्स इंग्लैंड 4.2 करोड़, तनय त्यागराजन भारत 20 लाख, प्रिंस चौधरी भारत 20 लाख, विश्वनाथ प्रताप सिंह भारत 20 लाख, शशांक सिंह भारत 20 लाख और आशुतोष शर्मा भारत 20 लाख रुपए।

## चेन्नई सुपर किंग्स

एमएस धोनी (कप्तान/विकेटकीपर), मोईन अली, दीपक चाहर, डेवोन कॉनवे (विकेटकीपर), तुषार देशपांडे, शिवम दुबे, ऋतुराज गायकवाड़, राजवर्धन हैंगरगेकर, रवींद्र जडेजा, अजय मंडल, मुकेश चौधरी, मथीशा पथिराना, अजिंक्य रहाणे, शेख रशीद, मिचेल सैंटनर, सिमरजीत सिंह, निशांत सिंधु, प्रशांत सोलंकी, महेश थीक्षाना, रचिन रवींद्र, शार्दुल ठाकुर, डेरिल मिशेल, समीर रिजवी, मुस्ताफि जुर रहमान और अवनीश राव अरावली।

**खरीदे खिलाड़ी** : रचिन रवींद्र (1.80 करोड़), शार्दुल ठाकुर (4 करोड़), डेरिल मिशेल (14 करोड़), समीर रिजवी (8.40 करोड़), मुस्तफिजुर रहमान (दो करोड़), अवनीश राव अरावली (20 लाख)।

## राजस्थान रॉयल्स

**संजू सैमसन** (कप्तान/विकेटकीपर), जोस बटलर, शिमरोन हेटमायर, यशस्वी जयसवाल, ध्रुव जुरेल, रियान पराग, डेनोवन फरेरा, कुणाल राठौड़, रविचंद्रन अश्विन, कुलदीप सेन, नवदीप सैनी, प्रसिद्ध कृष्णा, संदीप शर्मा, ट्रेंट बोल्ट, युजवेंद्र चहल, एडम जम्पा, आवेश खान (ट्रेडेड), रोवमैन पॉवेल, शुभम दुबे, टॉम कोहलर-कैडमोर, आबिद मुश्ताक और नांद्रे बर्गर।

**खरीदे खिलाड़ी:** रोवमैन पॉवेल वेस्टइंडीज 7.4 करोड़, शुभम दुबे भारत 5.80 करोड़, नांद्रे बर्गर साउथ अफ्रीका 50 लाख, टॉम कोहलर-कैडमोर इंग्लैंड 40 लाख और आबिद मुश्ताक भारत 20 लाख।

## रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर

फाफ डु प्लेसी (कप्तान), ग्लेन मैक्सवेल, विराट कोहली, रजत पाटीदार, अनुज रावत, दिनेश कार्तिक, सुयश प्रभुदेसाई, विल जैक्स, महिपाल लोमरोर, कर्ण शर्मा, मनोज भंडागे, मयंक डागर (ट्रेडेड), विशक विजय कुमार, आकाश दीप, मोहम्मद सिराज, रीस टॉपले, हिमांशु शर्मा, राजन कुमार, कैमरून ग्रीन (ट्रेडेड), अल्जारी जोसेफ, यश दयाल, टॉम कुरेन, लॉकी फर्ग्यूसन, स्वप्निल सिंह और सौरव चौहान।

**खरीदे खिलाड़ी** : अल्जारी जोसेफ वेस्टइंडीज 11.5 करोड़, यश दयाल भारत पांच करोड़, लॉकी फर्ग्यूसन न्यूजीलैंड दो करोड़ रुपए, टॉम कुरेन इंग्लैंड 1.5 करोड़, सौरव चौहान भारत 20 लाख और स्वप्निल सिंह भारत 20 लाख।

## सनराइजर्स हैदराबाद

**अब्दुल** समद, अभिषेक शर्मा, ऐडन मार्कराम (कप्तान), मार्को यानसेन, राहुल त्रिपाठी, वॉशिंगटन सुंदर, ग्लेन फि लिप्स, सनवीर सिंह, हेनरिक क्लासेन, भुवनेश्वर कुमार, मयंक अग्रवाल, टी नटराजन, अनमोलप्रीत सिंह, मयंक मार्कंडेय, उपेंद्र सिंह यादव, उमरान मलिक, नीतीश कुमार रेड्डी, फजलहक फारुकी, शाहबाज अहमद (ट्रेडेड), ट्रैविस हेड, वानिंदु हसरंगा, पैट कमिंस, जयदेव उनादकट, आकाश सिंह और जे सुब्रमण्यन।

**खरीदे खिलाड़ी** : पैट कमिंस ऑस्ट्रेलिया 20.5 करोड़, ट्रेविस हेड ऑस्ट्रेलिया 6.8 करोड़, जयदेव उनादकट भारत 1.6 करोड़, वानिंदु हसरंगा श्रीलंका 1.5 करोड़, जे. सुब्रमण्यन भारत 20 लाख और आकाश सिंह भारत 20 लाख में खरीदा।

# भारतीय तेज गेंदबाज शमी समेत 26 खिलाड़ियों को अर्जुन पुरस्कार



एजेंसी, नई दिल्ली

**साल** 2023 के लिए भारतीय खेल पुरस्कारों की घोषणा हो गई है। बैडमिंटन के दो खिलाड़ियों को खेल के क्षेत्र में दिए जाने वाले भारत के सबसे बड़े पुरस्कार 'खेल रत्न' के लिए चुना गया है। सात्विक साईराज रंकी रेड्डी और चिराग शेट्टी को यह बड़ा अवॉर्ड मिलने जा रहा है। वहीं, मोहम्मद शमी को अर्जुन अवॉर्ड से नवाजा जाएगा। शमी उन 26 खिलाड़ियों की सूची में शामिल हैं, जिन्हें इस साल के अर्जुन पुरस्कार के लिए चुना गया है। इस लिस्ट में पैरा तीरंदाज शीतल देवी का नाम भी शामिल है।

सात्विक साईराज रंकी रेड्डी और चिराग शेट्टी ने इस साल बैडमिंटन के क्षेत्र में भारत का परचम पूरी दुनिया में लहराया था। हांगझू में खेले गए एशियन गेम्स में इस जोड़ी ने भारत को ऐतिहासिक जीत दिलाई थी। उधर, मोहम्मद शमी ने वर्ल्ड कप 2023 में धमाकेदार प्रदर्शन किया था। वह इस वर्ल्ड कप में सबसे ज्यादा विकेट चटकाने वाले गेंदबाज रहे थे।

▶ बैडमिंटन खिलाड़ी सात्विक और चिराग को मिलेगा खेल रत्न अवॉर्ड



### नौ जनवरी को मिलेगा सम्मान

इस बार नौ जनवरी 2024 को राष्ट्रपति भवन में खेल मंत्रालय की ओर से आयोजित कार्यक्रम में यह खेल अवॉर्ड दिए जाएंगे।

### 19 अलग-अलग खेलों के 28 खिलाड़ियों को दो खेल अवॉर्ड

तीरंदाजी, बॉक्सिंग, रेसलिंग से लेकर पैरा ऑर्चरी और ब्लाइंड क्रिकेट तक कुल 19 अलग-अलग खेलों के 28 खिलाड़ियों को दो भारतीय खेल अवॉर्ड के लिए फाइनल किया गया है।

### इन खिलाड़ियों को मिलेगा अवॉर्ड

**खेल रत्न** : चिराग शेट्टी (बैडमिंटन) और सात्विकसाईराज रंकी रेड्डी (बैडमिंटन)

**अर्जुन अवॉर्ड:** ओजस प्रवीण देवताले (तीरंदाजी), अदिति गोपीचंद स्वामी (तीरंदाजी), श्रीशंकर (एथलेटिक्स), पारुल चौधरी (एथलेटिक्स), मोहम्मद हुसामुद्दीन (बॉक्सर), आर वैशाली (शतरंज), मोहम्मद शमी (क्रिकेट), अनुश अग्रवाल (घुड़सवारी), दिव्यकृति सिंह (घुड़सवारी ड्रेसेज), दीक्षा डागर (गोल्फ), कृष्ण बहादुर पाठक (हॉकी), सुशीला चानु (हॉकी), पवन कुमार (कबड्डी), रितु नेगी (कबड्डी), नसरीन (खो-खो), पिंकी (लॉन बॉल्स), ऐश्वर्या प्रताप सिंह तोमर (शूटिंग), ईशा सिंह (शूटिंग), हरिंदर पाल सिंह (स्क्वैश), अयहिका मुखर्जी (टेबल टेनिस), सुनील कुमार (रेसलिंग), अंतिम (रेसलिंग), रोशीबिना देवी (वुशु), शीतल देवी (पैरा ऑर्चरी), अजय कुमार (ब्लाइंड क्रिकेट), प्राची यादव (पैरा कैनोइंग)।

## दिल्ली कैपिटल्स ने बनाई मजबूत टीम : पोंटिंग



**दुबई।** जेएसडब्ल्यू-जीएमआर के सह-स्वामित्व वाली दिल्ली कैपिटल्स ने मंगलवार को दुबई में आईपीएल मिनी-नीलामी 2024 में अपनी टीम में रोमांचक बदलाव किए। फ्रेंचाइजी ने हार्ड-हिटिंग हैरी ब्रुक को चार करोड़ में, ऑस्ट्रेलियाई तेज गेंदबाज झाय रिचर्डसन को पांच करोड़ में और वेस्ट इंडीज के विकेटकीपर-बल्लेबाज शाई होप को 75 लाख में खरीदा। दिल्ली कैपिटल्स ने अनकैप्ड भारतीय विकेटकीपर-बल्लेबाज कुमार कुशाग्र को भी 7.2 करोड़ में खरीदा। वहीं, दिल्ली कैपिटल्स टीम के बारे में पूछे जाने पर हेड कोच रिकी पोंटिंग ने कहा, हमने वे सभी कमियां भर दीं जो हम चाहते थे और मुझे लगा कि हमने नीलामी तालिका में बहुत अच्छा काम किया है। मैं हैरी ब्रुक के साथ काम करने को लेकर उत्साहित हूं। वह इस समय सबसे प्रतिभाशाली अंतरराष्ट्रीय क्रिकेटरों में से एक है। इस साल की नीलामी में वह हमारी नंबर एक प्राथमिकता थे और हम उसे बड़ी कीमत पर हासिल करने में कामयाब रहे। दिल्ली कैपिटल्स के लिए मजबूत टीम बनाई गई है।

## आईपीएल में छत्तीसगढ़ के तीन खिलाड़ी शामिल

**रायपुर।** आईपीएल में छत्तीसगढ़ के तीन खिलाड़ियों हरप्रीत सिंह,शशांक सिंह और अजय मंडल का चयन किया गया है। पंजाब किंग्स ने हरप्रीत सिंह भाटिया को 40 लाख में रिटेन किया है, वहीं शशांक सिंह को 20 लाख में और अजय मंडल को चेन्नई ने 20 लाख में रिटेन किया है। राजनांदगांव के अजय मंडल चेन्नई सुपर किंग्स से खेलते नजर आएंगे। पिछले साल हुए ऑक्शन चेन्नई ने अजय को उनके बेस प्राइज पर खरीदा था। रणजी ट्रॉफी में अजय ने इस साल जबरदस्त प्रदर्शन किया है। वहीं, हरप्रीत सिंह भाटिया और शशांक सिंह पंजाब की टीम से खेलते नजर आएंगे। आईपीएल के पिछले सीजन में पंजाब की टीम से खेलते हुए अपने धुंआधार बैटिंग से प्रदेश के हरप्रीत भाटिया ने सभी को प्रभावित किया था। छत्तीसगढ़ के लिए घरेलू क्रिकेट खेलने वाले हरप्रीत सिंह भाटिया ने 2010 में कोलकाता नाइटराइडर्स के लिए आइपीएल में प्रवेश किया था।

# बांग्लादेशी बल्लेबाज सौम्य सरकार ने तोड़ा सचिन का 14 साल पुराना रिकॉर्ड

एजेंसी, नेल्सन

बांग्लादेश के सलामी बल्लेबाज सौम्य सरकार ने बुधवार को नेल्सन में न्यूजीलैंड के खिलाफ दूसरे वनडे मैच के दौरान महान क्रिकेटर सचिन तेंदुलकर का 14 साल पुराना रिकॉर्ड तोड़ दिया है। सौम्य ने 151 गेंदों पर 111.92 की स्ट्राइक रेट से 169 रन की पारी खेली।

बाएं हाथ के बल्लेबाज ने पहली पारी में कीवी गेंदबाजी के खिलाफ 22 चौके और दो छक्के लगाए। न्यूजीलैंड के खिलाफ 30 वर्षीय खिलाड़ी की पारी ने न्यूजीलैंड में एकदिवसीय मैचों में सर्वाधिक रनों के सचिन तेंदुलकर के रिकॉर्ड को तोड़ दिया। 2009 में 'मास्टर ब्लास्टर' ने क्राइस्ट चर्च में कीवी टीम के खिलाफ नाबाद 163 रन की पारी खेली थी। उन्होंने एकदिवसीय प्रारूप में किसी विदेशी मैदान पर बांग्लादेशी क्रिकेटर की ओर से सर्वाधिक रन का भी रिकॉर्ड बनाया।

▶ 2009 में सचिन ने कीवी के खिलाफ बनाए थे 163 रन

▶ सौम्य सरकार ने 169 रन बनाकर तोड़ा रिकॉर्ड



### न्यूजीलैंड ने जीता मैच

मैच की बात करें तो सैक्सटन ओवल में न्यूजीलैंड ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। सौम्य सरकार (151 गेंदों पर 169 रन) और विकेटकीपर मुश्फिकुर रहीम (57 गेंदों पर 45 रन) की बेहतरीन पारियों की बदौलत 'बंगाल टाइगर्स ने 291 रन बनाए। दूसरी ओर, न्यूजीलैंड के लिए जैकब डफी और विलियम ओ'रूर्के ने अपने-अपने स्पैल में तीन-तीन विकेट हासिल किए, इनके अलावा एडम मिल्ने, जोश क्लार्कसन और आदित्य अशोक ने एक-एक विकेट लिया। जवाब में न्यूजीलैंड ने 46.2 ओवर में तीन विकेट पर 296 रन बनाकर मैच जीत लिया। न्यूजीलैंड के लिए विल यंग (89) और हेनरी निकोल्स (95) ने बेहतरीन अर्धशतकीय पारी खेली। इन दोनों के अलावा रचिन रविंद्र ने 45, कप्तान टॉम लैथम ने नाबाद 34 और टॉम ब्लंडेल ने नाबाद 24 रन बनाए। बांग्लादेश के लिए हसन महमूद ने दो और शोरफुल इस्लाम ने एक विकेट लिया।

**उपलब्धि** चीन में आयोजित एशियन गेम्स में गोल्ड लाने वाली हिमाचल की बेटी और हरियाणा की बहू को मिलेगा सम्मान

# कबड्डी में भारत को स्वर्णिम करने वाली कैप्टन को अर्जुन अवॉर्ड

प्रीति चौहान, पांवटा साहिब

**इस** साल चीन के हांगझोऊ में आयोजित 19वें एशियन गेम्स में भारतीय महिला कबड्डी टीम ने शानदार प्रदर्शन कर गोल्ड मेडल देश की झोली में डाला था। इस टीम का नेतृत्व हिमाचल प्रदेश के सिरमौर जिले के गिरिपार क्षेत्र के शिलाई की रितु नेगी ने किया था। रितु नेगी की कप्तानी में भारतीय महिला कबड्डी टीम के लिए यह ऐतिहासिक उपलब्धि रही। इसी उपलब्धि पर गिरिपार की बेटी का अर्जुन अवॉर्ड के लिए चयन हुआ है।

देश के लिए ही नहीं हिमाचल प्रदेश के लिए यह बड़ी उपलब्धि है। इस खबर से हिमाचल व जिला सिरमौर के साथ खासतौर से गिरिपार क्षेत्र में खुशी की लहर है। वहीं, हरियाणा में भी अपनी पुत्रवधू की इस उपलब्धि खुशी का माहौल है। (अनंत ज्ञान)



### शिलाई के शिरोग गांव की रहने वाली हैं रितु

इस साल चीन के हांगझोऊ में आयोजित एशियन गेम्स में सिरमौर जिले के शिलाई क्षेत्र के शिरोग गांव की रितु नेगी की नेतृत्व में भारतीय कबड्डी टीम ने हिस्सा लिया था और अपने शानदार प्रदर्शन के बलबूते पर गोल्ड भारत की झोली में डाला था। पहाड़ की इस बेटी के नेतृत्व में भारतीय महिला कबड्डी टीम का यह ऐतिहासिक प्रदर्शन था। एशियन गेम्स में भारतीय महिला कबड्डी टीम को गोल्ड दिलाने में न केवल रितु नेगी बल्कि हिमाचल की पांच बेटियों का योगदान रहा था, जिनमें शिलाई के शिरोग गांव की रितु नगे के अलावा, पुष्पा राणा, द्रविल गांव की सुषमा शर्मा और बिलासपुर जिले की की निधि शर्मा व सोलन की ज्योति शामिल थीं।

### गिरिपार की बेटी की अंतरराष्ट्रीय फलक पर चमक

भारतीय महिला कबड्डी टीम की कप्तान रितु नेगी की हरियाणा के स्टार कबड्डी खिलाड़ी रोहित गुलिया के साथ शादी हुई है। वह हिमाचल की बेटी और हरियाणा की पुत्रवधू हैं। रितु नेगी ने गिरिपार जैसे दुर्गम क्षेत्र से निकलकर अंतरराष्ट्रीय फलक पर अपना नाम रोशन किया है। कबड्डी के खेल में उपलब्धियां हासिल करने की उनकी लंबी फेहरिस्त है। इंडोनेशिया के जकार्ता में रजत पदक जीतना करियर का शानदार पड़ाव रहा है। इस साल चीन में आयोजित 19वें एशियन गेम्स में गोल्ड जीतकर भारत का परचम अंतरराष्ट्रीय फलक पर फहराने वाली रितु को अर्जुन अवॉर्ड से सम्मानित किया जा रहा है, जो हिमाचल ही नहीं बल्कि देश के लिए बड़ी उपलब्धि है।

### जूनियर महिला एशियन गेम्स में भी दिला चुकीं गोल्ड मेडल

**रितु नेगी** बतौर डिफेंडर खेलती हैं। वर्तमान में वह रेलवे में नौकरी कर रही हैं। पिछले करीब एक दशक से वह भारतीय महिला कबड्डी टीम का हिस्सा रही हैं। भारत को गोल्ड मेडल दिलाने के बाद दिल्ली से लेकर हरियाणा व हिमाचल में रितु नेगी का जोरदार स्वागत हुआ था। इससे पहले रितु 2011 में जूनियर महिला एशियन गेम्स में बतौर कप्तान भारत को गोल्ड मेडल दिला चुकी हैं। साल 2018 में जकाताज़ में खेले गए एशियन गेम्स में बतौर रेडर खेलते हुए सिल्वर मेडल दिलाया। नेपाल में 2019 में खेली गई एशियन गेम्स में गोल्ड मेडल जीतने वाली टीम में प्लेइंग-7 में रहीं। रितु ने कबड् डी का प्रशिक्षण बिलासपुर स्थित होस्टल से लिया। साल 2014 से वह प्रदेश से बाहर हैं और रेलवे की ओर से खेलती आ रही हैं।

### डिप्टी सीएम मुकेश अग्निहोत्री ने दी बधाई



हिमाचल प्रदेश के डिप्टी सीएम मुकेश अग्निहोत्री ने रितु नेगी का इस अवॉर्ड के लिए चयन होने पर उन्हें बधाई दी। उन्होंने अपने फेसबुक पर लिखा की हिमाचल की बेटी का अर्जुन अवॉर्ड के लिए चयन होना प्रदेश के लिए गौरव की बात है।

# कोपा अमेरिका 2024 से पहले मैत्री मैच खेलेंगे ब्राजील और मैक्सिको



एजेंसी, रियो डी जनेरियो

**ब्राजीलियाई** फुटबाल परिसंघ (सीबीएफ) ने कहा कि ब्राजील और मैक्सिको संयुक्त राज्य अमेरिका में एक दोस्ताना मैच के साथ 2024 कोपा अमेरिका के लिए अपनी तैयारियों को बेहतर बनाएंगे। सीबीएफ के एक बयान के अनुसार, मैच आठ जून को निर्धारित किया गया है। हालांकि, अभी स्थान की घोषणा नहीं की गई है।

20 जून से 14 जुलाई तक 14 अमेरिकी शहरों में खेले जाने वाले कोपा अमेरिका में 16 टीमें हिस्सा लेंगी। ब्राजील को अपना अभियान 24 जून को होंडुरास और कोस्टा रिका के बीच प्लेऑफ के विजेताओं के खिलाफ शुरू करना है। पांच बार की विश्व चैंपियन ग्रुप चरण में पराग्वे और कोलंबिया से भी भिड़ेगी। मैक्सिको टूर्नामेंट का पहला मैच 22 जून को जमैका के खिलाफ खेलेगा और बाद में ग्रुप चरण में इक्वाडोर और वेनेजुएला से भिड़ेगा। ब्राजील और मैक्सिको आखिरी बार रूस में 2018 विश्व कप के राउंड ऑफ 16 में मिले थे, जिसमें ब्राजील ने 2-0 से जीत दर्ज की थी।

वर्ल्ड न्यूज

## शाहरुख की 'डंकी' ने एडवांस बुकिंग में की जबरदस्त कमाई

**मुंबई।** साल 2023 बॉलीवुड के बादशाह शाहरुख खान के लिए बेहद फायदेमंद साबित हुआ। उन्होंने पूरा बॉक्स ऑफिस हिलाकर रख दिया। पहले फिल्म 'पठान' फिर 'जवान' ने दर्शकों का दिल जीत लिया और अब उनकी साल में तीसरी फिल्म 'डंकी' 21 दिसंबर को रिलीज हो रही है। रिलीज के इस हफ्ते से पहले ही 'डंकी' की एडवांस बुकिंग शुरू हो गई है। इस फिल्म ने एडवांस बुकिंग से भी जबरदस्त कमाई कर ली है। राजकुमार हिरानी की निर्देशित फिल्म 'डंकी' ने पहले दिन एडवांस बुकिंग से आठ करोड़ से ज्यादा की कमाई की है।

## आईएस समूह के आतंकवादियों ने की दस लोगों की हत्या

**कंपाला।** युगांडा के पश्चिमी जिले कामवेंज में इस्लामिक स्टेट समूह से जुड़े आतंकवादियों ने हमला कर कम से कम दस लोगों की हत्या कर दी है। युगांडा की सेना ने मंगलवार को यह जानकारी दी। युगांडा पीपुल्स डिफेंस फोर्सेज के प्रवक्ता ब्रिगेडियर जनरल फेलिक्स कुलायिगये ने कहा कि एलाइड डेमोक्रेटिक फोर्सेज नामक संगठन के आतंकवादियों ने मंगलवार सुबह गांव पर हमला किया। आम लोगों पर हमले यह ताजा हमला है, जिसके लिए एडीएफ को जिम्मेदार ठहराया गया है। एडीएफ की स्थापना युगांडा के मुसलमानों द्वारा 1990 के दशक की शुरुआत में की गई थी।

## इसराइली सेना के अनुरोध पर गूगल ने बंद किया 'लाइव ट्रैफिक' फीचर

**यरुशलम।** इसराइल-हमास के बीच जारी युद्ध के बीच गूगल ने इसराइली सेना के अनुरोध पर लाइव ट्रैफिक फीचर को बंद कर दिया है जिसके कारण लोगों को गूगल नेविगेशन ऐप को यूज करने में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। गूगल ने इसराइल में लाइव ट्रैफिक कंडिशन के फीचर को बंद कर दिया है। इसराइली सैनिकों का कहना है कि गूगल नेविगेशन ऐप्स जैसे गूगल मैप्स के जरिए इजराइली सेना की गतिविधियों और संचालन को ट्रैक किया जा सकता है। युद्धविराम की मांग के बीच गाजा पट्टी पर इसराइल के हमले जारी हैं।

## इंटेल इस साल पांचवें राउंड में 235 कर्मचारियों की करेगा छंटनी

**सैन फ्रांसिस्को।** चिप जायंट इंटेल इस साल नौकरी में कटौती के पांचवें राउंड में 235 कर्मचारियों की छंटनी कर रहा है और 2024 में कंपनी में और ज्यादा कर्मचारियों की छंटनी करेगा। कंपनी ने कहा कि वह फॉल्सम (सैक्रामेंटो काउंटी) में अपने रिसर्च एंड डेवलपमेंट फैसिलिटी में 235 कर्मचारियों को नौकरी से निकालने की योजना बना रही है। छंटनी 31 दिसंबर से शुरू होने वाली है और दो सप्ताह तक चलेगी। कंपनी के एक प्रवक्ता के हवाले से कहा गया, 'इंटेल कंपनी भर में कुछ बिजनेस और फंक्शन-स्पेसिफिक वर्कप्लेस कटौती सहित लागत कम करते हुए अपनी रणनीति में तेजी लाने के लिए काम कर रही है।'

# पाकिस्तान के संकट के लिए भारत या अमेरिका नहीं हम खुद जिम्मेदार

### शरीफ ने कहा- हमने खुद अपने पैरों पर कुल्हाड़ी मारी

**एजेंसी, लाहौर**

पाकिस्तान की बदहाली, आर्थिक और नकदी संकट पर पूर्व प्रधानमंत्री नवाज शरीफ का बड़ा बयान सामने आया है। जिसमें उन्होंने देश के वर्तमान हालात के लिए भारत या अमेरिका को नहीं देश की नीतियों को जिम्मेदार ठहराया है। पूर्व पीएम नवाज शरीफ ने देश के संकटों के लिए शक्तिशाली सैन्य प्रतिष्ठान पर परोक्ष निशाना साधते हुए मंगलवार को कहा कि नकदी संकट से जूझ रहे देश की परेशानियों के लिए न तो भारत



जिम्मेदार है और न ही अमेरिका, बल्कि 'हमने अपने पैरों पर खुद कुल्हाड़ी मारी' है।

चौथी बार पाकिस्तान के प्रधानमंत्री पद के दावेदार 73 वर्षीय शरीफ ने पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज के टिकट के दावेदारों के साथ बातचीत के दौरान कहा कि उन्हें तीन बार 1993, 1999 और 2017 में सत्ता से बेदखल किया गया था।

शरीफ ने कहा, "आज पाकिस्तान जिस स्थिति में है, उसके लिए भारत, अमेरिका या अफगानिस्तान जिम्मेदार नहीं है। असलियत में तो हमने अपने पैरों पर स्वयं कुल्हाड़ी मारी है... उन्होंने (सेना ने) 2018 के चुनावों में धांधली करके इस देश पर एक चयनित (सरकार) थोप दी, जिसके कारण आम जनता परेशान हुई और अर्थव्यवस्था की स्थिति खराब हो गई।"

### कमजोर ग्लोबल संकेतों के चलते सेंसेक्स 931 अंक टूटा, बाजार में कोहराम की स्थिति

# शेयर बाजार गिरा, 9.32 लाख करोड़ डूबे

**एजेंसी, मुंबई**

शेयर बाजार में बुधवार को भारी गिरावट आई। कमजोर ग्लोबल संकेतों के चलते सेंसेक्स 931 अंक टूट गया। कई सालों में यह पहली बार हुआ, जब सेंसेक्स के सभी 30 शेयर लाल निशान में रहे। इसके चलते बाजार में कोहराम की स्थिति मच गई और निवेशकों के एक दिन में ही करीब 9.32 लाख करोड़ रुपए डूब गए।

बीएसई के मिडकैप और स्मॉलकैप इंडेक्स तो तीन फीसदी से भी ज्यादा टूटकर बंद हुए। सभी सेक्टोरल इंडेक्स भी लाल निशान में बंद हुए। सबसे अधिक गिरावट पावर, यूटिलिटी, टेलीकॉम और सर्विसेज सेक्टर के शेयरों में देखने को मिला। कोविड के




नए वैरिएंट के डर से शेयर बाजार क्रैश हो गया। बांबे स्टॉक एक्सचेंज का प्रमुख सूचकांक सेंसेक्स 930.88 अंकों की गिरावट के साथ 70,506.31 अंकों पर बंद हुआ, जबकि आज के रिकॉर्ड हाई से सेंसेक्स में 1,406.7 अंकों की गिरावट देखने को मिली। जबकि बुधवार सुबह सेंसेक्स में तेजी देखने को मिली थी और सेंसेक्स 71,647.66 अंकों पर ओपन हुआ था और देखते ही देखते 71,913.07 अंकों के साथ नए लाइफ टाइम हाई पर पहुंच गया। उसके बाद देश के अलग-अलग हिस्सों से कोविड के नए वैरिएंट की खबरें आनी शुरू हुई और बाजार निवेशकों ने मुनाफावसूली शुरू कर दी। जिसकी वजह से शेयर बाजार में बड़ी गिरावट आ गई।

### निफ्टी भी हुआ धड़ाम

**नेशनल** स्टॉक एक्सचेंज का प्रमुख सूचकांक निफ्टी 50 में भी 300 से ज्यादा अंकों की गिरावट देखने को मिली। निफ्टी 21,593 अंकों के साथ रिकॉर्ड हाई पर पहुंच गया था, लेकिन अपने रिकॉर्ड हाई से निफ्टी 442.85 अंकों तक नीचे आ गया। सुबह निफ्टी 21,543.50 अंकों पर ओपन हुआ था, जबकि कारोबारी सत्र के दौरान निफ्टी 21,087.35 अंकों के साथ नीचे की ओर चला गया। जानकारों की मानें तो निफ्टी में और गिरावट देखने को मिल सकती है। 26 अक्तूबर के बाद शेयर बाजार में सबसे बड़ी गिरावट देखने को मिली है।

# 143 निलंबित सांसदों ने संसद भवन परिसर में किया प्रदर्शन

### संसद में हुई सुरक्षा चूक के मुद्दे पर गृह मंत्री से दोनों सदनों में बयान की मांग

**एजेंसी, नई दिल्ली**

संसद के दोनों सदनों से निलंबित किए गए सांसदों ने बुधवार को संसद भवन परिसर में विरोध प्रदर्शन किया। बुधवार सुबह विपक्षी दलों के घटक दलों के सांसदों ने राज्यसभा में नेता प्रतिपक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के साथ संसद भवन परिसर में उनके दफ्तर में बैठक की। उसके बाद परिसर स्थित गांधी प्रतिमा के सामने सभी निलंबित सांसदों ने प्रदर्शन किया।

कांग्रेस की ओर से जारी बयान में कहा गया कि संसद से विपक्षी सांसदों का निलंबन ठीक नहीं है। यह मोदी सरकार की लोकतंत्र विरोधी सोच दिखाता है। हमारी यही मांग है कि गृह मंत्री संसद सुरक्षा में हुई चूक के मुद्दे पर दोनों सदनों में बयान दें। उल्लेखनीय है




कि संसद में हुई सुरक्षा चूक के मुद्दे पर विपक्ष मांग कर रही है कि संसद के दोनों सदन में गृह मंत्री जवाब दें। इस मांग को लेकर दोनों सदन में विपक्ष के कुछ सांसदों ने असंसदीय आचरण अपनाया था। जिसके बाद दोनों सदनों से विपक्ष के 141 सांसदों को निलंबित कर दिया गया था। इस निलंबन के विरोध में आज कांग्रेस अध्यक्ष खड़गे के नेतृत्व में सांसदों ने प्रदर्शन किया। इस दौरान कांग्रेस की वरिष्ठ नेता सोनिया गांधी, राहुल गांधी सहित अन्य नेता उपस्थित रहे।

वहीं लोकसभा ने कदाचार के लिए बुधवार को दो विपक्षी सांसदों थॉमस चाजिकादान और एएम आरिफ को शीतकालीन सत्र की शेष अवधि के लिए निलंबित कर दिया। इसके साथ ही संसद के दोनों सदनों से निलंबित सदस्यों की संख्या 143 हो गई है।

### उपराष्ट्रपति अपमान मामला : भाजपा की महिला सांसदों ने किया प्रदर्शन

**नई दिल्ली।** उपराष्ट्रपति के अपमान के विरोध में भारतीय जनता पार्टी की महिला सांसदों ने संसद भवन में गांधी प्रतिमा के सामने बुधवार को विरोध प्रदर्शन किया। महिला सांसदों ने कहा कि जिस तरह से टीएमसी सांसद कल्याण बनर्जी और कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने उपराष्ट्रपति को अपमानित किया है। वह निंदनीय है। हम मांग करते है कि राहुल गांधी और कल्याण बनर्जी माफी मांगें। उल्लेखनीय है कि टीएमसी सांसद कल्याण बनर्जी ने कल संसद भवन परिसर में उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ की नकल उतार उनका मजाक बनाया था।



### रूस और यूक्रेन युद्ध मामला

## जेलेंस्की को अमेरिका पर है भरोसा, फिर मांगी मदद

**कीव।** रूस और यूक्रेन के बीच जारी युद्ध के बीच राष्ट्रपति वोलोडिमिर जेलेंस्की ने अमेरिका पर सबसे अधिक भरोसा जताते हुए मदद की गुहार लगाई है। जेलेंस्की ने मदद की गुहार ऐसे समय लगाई, जब अमेरिका यूक्रेन की मदद में कटौती कर रहा है।

अमेरिका ने हमेशा यूक्रेन का साथ दिया है चाहे वह सैन्य मदद हो या फिर आर्थिक सहायता। हालांकि, इस समय अमेरिका की ओर से यूक्रेन की दी जा रही मदद में कटौती की गई है। हालांकि, यूक्रेन को उम्मीद है कि अमेरिका यूक्रेन के साथ हमेशा खड़ा रहेगा यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोडिमिर जेलेंस्की ने मंगलवार को कहा कि उन्हें विश्वास है कि रूस से लड़ने के लिए अमेरिका द्वारा यूक्रेन को सैन्य और आर्थिक मदद मिलती रहेगी और यूएस वित्तपोषण रोककर उनके देश के साथ विश्वासघात नहीं करेगा।

जेलेंस्की ने कीव में एक टेलीविजन प्रेस वार्ता के दौरान कहा,



मुझे यकीन है कि रूस के खिलाफ युद्ध में अमेरिका हमें धोखा नहीं देगा। उन्होंने कहा कि अमेरिका को पता होना चाहिए कि हम उससे मिलने वाली सहायता का इंतजार कर रहे हैं।

बता दें कि कुछ दिनों पहले यूक्रेन और इसराइल के लिए 106 अरब डॉलर की आपातकालीन सहायता के लिए व्हाइट हाउस के अनुरोध को बुधवार को रिपब्लिकन सीनेटरों ने ठुकरा दिया। कन्जर्वेटिव ने पैकेज के हिस्से के रूप में आव्रजन सुधारों की मांग को खारिज कर दिया। रूस के खिलाफ लड़ने के लिए यूक्रेन के पास हथियार की कमी हो गई है। धीरे-धीरे यूक्रेनी सैनिकों को हौसले पस्त हो रहे हैं।

## दलाई लामा ने बोधगया में तीन दिवसीय अंतरराष्ट्रीय संघ फोरम का किया उद्घाटन

**एजेंसी, बोधगया ( बिहार )**

बौद्ध धर्म के विद्वानों की उपस्थिति में तिब्बती धर्म गुरु दलाई लामा ने बुधवार को परंपराओं को जोड़ने, आधुनिकता को अपनाने, आज की दुनिया में बुद्ध की शिक्षा पर एक संवाद विषय पर तीन दिवसीय अंतरराष्ट्रीय संघ फोरम-2023 का उद्घाटन किया। बिहार के बोधगया में आयोजित फोरम में 33 देशों के बौद्ध धर्म गुरु जो विभिन्न वादों के विद्वान हैं शामिल हुए।

इस कार्यक्रम में भारत, थाईलैंड, म्यांमार, बांग्लादेश, कंबोडिया, लाओस, श्रीलंका, तिब्बत, भूटान, नेपाल, वियतनाम, ताइवान, रूस, मंगोलिया, जापान और कोरिया सहित 33 देशों के 2,500 से ज्यादा बौद्ध विद्वान शामिल हुए। मंच पर आमंत्रित लोगों में शामिल अरुणाचल के मुख्यमंत्री पेमा खांडू ने कहा कि उन्हें दुनिया भर के बौद्ध विद्वानों की ऐतिहासिक बैठक में भाग लेने के लिए अंतरराष्ट्रीय संघ मंच के आयोजकों द्वारा आमंत्रित किए जाने पर सौभाग्य महसूस हुआ है। मंच

**33** देशों के बौद्ध धर्म से जुड़े विद्वान बोधगया में आयोजित फोरम में हुए शामिल



के लिए सैकड़ों बौद्ध नेता और भिक्षु बोधगया में जुटे हैं।


कार्यक्रम के पहले तीन दिनों में भिक्षुओं, ननों और भिक्खु विद्वानों के बीच चर्चा में बौद्ध धर्म की गहन शिक्षाओं पर चर्चा होगी। चर्चाओं के बाद मंच के समापन के अंतिम दिन बोधगया के प्रतिष्ठित महाबोधि मंदिर में प्रार्थना सभा होगी। इससे पहले दिसंबर में भारत सहित दुनिया भर से लगभग 5,000 भिक्षु और नन दो से 12 दिसंबर तक 18 वें अंतरराष्ट्रीय टिपिटका जप कार्यक्रम के लिए बोधगया में एकत्र हुए थे।

तीन दिवसीय इस फोरम में वक्ताओं में भिक्षु प्रो. गेशे नवांग सामतेन, भिक्षु यांगतेन रिनपोछे, प्रो. भिक्षु रालुवे पदमश्री थेरो, प्रो. भिक्षु चाव हवाई, प्रो. नाकाओ शिहोउ, कारलो लक्किस, बोधगया वटपा के महासचिव भिक्षु डॉ. रत्नेश्वर चकमा, भिक्षु वांगचुक दोरजे नेगी सहित कुल 46 वक्ताओं द्वारा तीन दिनों तक बौद्ध धर्म, पाली और संस्कृत भाषाओं की परंपराओं की आधुनिकता पर चर्चा करेंगे। सम्मेलन का मुख्य उद्देश्य जटिल पहलुओं पर बातचीत को बढ़ावा देना और 21वीं सदी में बौद्ध धर्म की विकसित भूमिका का पता लगाना है। साथ ही बौद्ध धर्म की गहन शिक्षाओं पर चर्चा होगी। कार्यक्रम का समापन 23 दिसंबर को महाबोधि मंदिर परिसर में विश्व शांति प्रार्थना के साथ होगा।

# अंकिता को उम्मीद थी कि सुशांत मेरी जिंदगी में वापस आएंगे

**एजेंसी, मुंबई**

एक्ट्रेस अंकिता लोखंडे एक बार फिर अपने एक बयान से चर्चा में हैं। अंकिता ने कहा, मैंने सुशांत से अपने ब्रेकअप के बारे में किसी को नहीं बताया था, क्योंकि मुझे उम्मीद थी कि वह मेरी जिंदगी में वापस आएंगे। अंकिता लोखंडे ने कहा,मैंने सोचा था कि हम दोबारा साथ होंगे। हमारे बीच सब कुछ ठीक हो जाएगा। लेकिन, जब ऐसी बातें पब्लिक डोमेन और मीडिया में



आ जाती हैं, तो वह रिश्ता भी दोबारा स्थापित नहीं हो पाता। इसलिए मैंने इस बारे में किसी से बात नहीं की। मीडिया से बात करते हुए मैं भी कहती थी कि हम साथ हैं। हम डेट कर रहे हैं, लेकिन कहीं न कहीं मुझे दुख हो रहा था कि मेरे साथ ऐसा क्यों हो रहा है, मेरा रिश्ता इस तरह कैसे टूट गया। ब्रेकअप मेरे लिए कभी आसान नहीं रहा। मेरी तरह मुनव्वर को भी जुदाई का डर सताता होगा।

अंकिता लोखंडे कभी भी सुशांत सिंह राजपूत से अलग नहीं होना चाहती थीं। ईशा के प्रति अपनी भावनाएं व्यक्त करते हुए अंकिता लोखंडे ने कहा, हम सात साल तक साथ रहे। मैं चाहती थी कि सुशांत दोबारा घर आएं। जब वह मेरी जिंदगी से चले गए तो मैं पूरी तरह टूट गई थी। विक्की की वजह से ही मैं इन सब से बाहर निकल पाई हूं। विक्की ने लोगों के बहुत ताने सुने हैं, लेकिन उन्होंने हमेशा मेरा साथ दिया है।



**हम सात साल तक साथ रहे। मैं चाहती थी कि सुशांत दोबारा घर आएं**

## सर्राफा बाजार में रौनक, सोना 63 हजार के पार



**नई दिल्ली।** घरेलू सर्राफा बाजार में आज एक बार फिर तेजी नजर आ रही है। देश के ज्यादातर सर्राफा बाजारों में आज 22 और 24 कैरेट सोने के भाव में 350 से 400 रुपए प्रति दस ग्राम की बढ़त बनी हुई है। आज की तेजी के कारण एक बार फिर 24 कैरेट सोना 63 हजार रुपए प्रति दस ग्राम के स्तर को पार कर गया है। चांदी की कीमत में भी आज तेजी का रुख है। दिल्ली के सर्राफा बाजार में चांदी एक हजार रुपए की मजबूती के साथ 78,500 रुपए प्रति किलोग्राम के स्तर तक पहुंच कर कारोबार कर रही है।

राजधानी दिल्ली में आज 24 कैरेट सोना 63,150 रुपए प्रति दस ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है, जबकि 22 कैरेट सोने की कीमत 57,900 रुपए प्रति दस ग्राम दर्ज की गई। इसी तरह मुंबई में 24 कैरेट सोना 63,000 रुपए प्रति दस ग्राम और 22 कैरेट सोना 57,750 रुपए प्रति दस ग्राम के स्तर पर बिक रहा है।

## अगले पांच वर्षों में अमेरिका के बराबर होगा भारत का रोड इंफ्रास्ट्रक्चर : गडकरी

**तिरुवनंतपुरम।** अगले पांच वर्षों के रोड इंफ्रास्ट्रक्चर के लक्ष्य को लेकर सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने कहा कि महानगरों में भीड़ कम करने और यात्रा के समय और सड़क दुर्घटनाओं को कम करने के अलावा हमने अपने सड़क बुनियादी ढांचे को अमेरिका के बराबर बनाने का महत्वाकांक्षी लक्ष्य रखा है।



पिछले नौ वर्षों में देश की सड़कों को सुरक्षित और स्मार्ट बनाने के मिशन मोड में गडकरी ने कहा कि उनके मंत्रालय ने 50 लाख करोड़ रुपए से अधिक की परियोजनाओं के लिए काम सौंपा है। मौजूदा नीतियों में सुधार करके अनुबंधों को मंजूरी देने की प्रक्रिया को भी आसान बनाया है। उन्होंने मनोरमा ईयरबुक 2024 में प्रकाशित एक साक्षात्कार में कहा, 'किसी भी ठेकेदार को ठेका स्वीकृत कराने के लिए मेरे पास आने की जरूरत नहीं है। हम निर्णय लेने में पारदर्शी, समयबद्ध परिणामोन्मुख और गुणवत्ता के प्रति जागरूक और तेज हैं। हम अच्छे काम को प्रोत्साहित करते हैं और यही कारण है कि हमारे पास सात विश्व रिकॉर्ड हैं। यह मंत्रालय की बड़ी उपलब्धि है।' गडकरी ने कहा कि मुझे विश्वास है कि पांच साल बाद हमारा सड़क बुनियादी ढांचा अमेरिका के बराबर हो जाएगा। ऑटोमोबाइल क्षेत्र में भारत को नंबर एक बनाने को लेकर उन्होंने कहा कि भारत का ऑटोमोबाइल उद्योग हाल ही में जापान को पीछे छोड़कर चीन और अमेरिका के बाद तीसरे स्थान पर पहुंच गया है।

## व्यापार अड़चनों को कम करने पर भारत और न्यूजीलैंड ने की चर्चा

**एजेंसी, नई दिल्ली**

भारत और न्यूजीलैंड के बीच आर्थिक संबंधों को बढ़ावा देने के लिए केंद्रीय वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने न्यूजीलैंड के व्यापार मंत्री टोड मैक्ले के साथ द्विपक्षीय बैठक की। बैठक में व्यापार अड़चनों को कम करने और निवेशक-अनुकूल माहौल बनाने के उपायों पर चर्चा की गई।

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय ने बुधवार को बताया कि केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल और न्यूजीलैंड के उनके समकक्ष टोड मैक्ले की अध्यक्षता में 19 दिसंबर को यहां एक बैठक हुई। इस दौरान दोनों मंत्रियों ने सहयोगात्मक दृष्टिकोण के तहत दोनों देशों के बीच जुड़ाव बढ़ाने की आवश्यकता पर जोर दिया। इसके साथ ही बैठक में आर्थिक संबंधों को बढ़ावा



देने और निवेशक-अनुकूल माहौल बनाने के उपायों पर चर्चा की गई। मंत्रालय के मुताबिक पीयूष गोयल और टोड मैक्ले ने व्यापार सुविधा के महत्व को पहचाना और व्यापार प्रक्रियाओं को सुव्यवस्थित करने, अड़चनों को कम करने और दोनों देशों के कारोबार क्षेत्रों और निवेशकों के लिए अधिक अनुकूल माहौल को बढ़ावा देने के उपायों पर बातचीत की। इसके अलावा दोनों मंत्रियों ने कृषि, वानिकी, फार्मा, संपर्क, शिक्षा और पर्यटन क्षेत्र में संबंधों को मजबूत करने पर भी जोर दिया।

**बयान** पहली बार गुरपतवंत सिंह पन्नू केस पर बोले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, हम जिम्मेदारी लेते हैं और जांच करेंगे

# कुछ घटनाएं भारत-अमेरिका रिश्तों को बेपटरी नहीं कर सकतीं

**एजेंसी, नई दिल्ली**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पहली बार आतंकी गुरपतवंत सिंह पन्नू की हत्या की साजिश के मामले पर बयान दिया है। फाइनेंशियल टाइम्स की रिपोर्ट के मुताबिक पीएम मोदी का कहना है कि कुछ घटनाएं अमेरिका-भारत रिश्तों को बेपटरी नहीं कर सकतीं हैं।

उन्होंने कहा- अगर हमारे देश का कोई नागरिक दूसरे देश में अच्छा या बुरा काम करता है तो हम जिम्मेदारी लेते हैं। हम इस बारे में बताया गया है तो हम जांच करने के लिए तैयार हैं। हम कानून का पालन करते हैं। दरअसल, अमेरिकी सरकार ने आरोप लगाया था कि न्यूयॉर्क में पन्नू पर जानलेवा हमले की साजिश रची गई थी। इसमें भारत का हाथ था।



इस साजिश को नाकाम कर दिया गया। हालांकि, यह नहीं बताया गया कि हमला किस दिन होने वाला था। जून 2023 में पीएम नरेंद्र मोदी के अमेरिका दौरे के बाद ही अमेरिकी अधिकारियों ने भारत के सामने यह मुद्दा उठाया था। इस बात का खुलासा 22 नवंबर 2023 को पब्लिश हुई फाइनेंशियल टाइम्स की रिपोर्ट में हुआ था।

### कुछ घटनाओं को डिपलोमैटिक रिलेशन्स से न जोड़ा जाए

**मोदी** ने कहा- अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता की आड़ में ये तत्व डराने-धमकाने और हिंसा भड़काने में लगे हुए हैं। भारत विदेशों में स्थित कुछ चरमपंथी समूहों की गतिविधियों के बारे में चिंतित है। अमेरिका के साथ हमारे रिश्ते काफी मजूबत हैं। सुरक्षा और आतंकवाद विरोधी सहयोग हमारी साझेदारी का एक मुख्य आधार रहा है। कुछ घटनाओं को दोनों देशों के डिपलोमैटिक रिलेशन्स से जोड़कर नहीं देखा जाना चाहिए।



तस्वीर में विदेश मंत्री एस जयशंकर (दाएं) और विदेश मंत्रालय के स्पोक्स पर्सन अरिंदम बागची की है। भारत सरकार ने इस पूरे मामले की जांच के लिए हाई लेवल कमेटी बनाई है। जांच के नतीजों के आधार पर कार्रवाई की जाएगी।

### पन्नू केस रिश्तों को खतरे में डाल सकता है

16 दिसंबर 2023 को पांच भारतवंशी सांसद एमी बेरा, प्रमिला जयपाल, रो खन्ना, राजा कृष्णमूर्ति और श्री थानेदार ने कहा था- पन्नू की हत्या की साजिश मामले में जांच नहीं हुई तो भारत और अमेरिका के रिश्ते खतरे में पड़ सकते हैं। यह बेहद गंभीर मामला है।

### निखिल गुप्ता पर पन्नू की हत्या की साजिश का आरोप

अमेरिका में खालिस्तानी आतंकी गुरपतवंत सिंह पन्नू की हत्या की साजिश रचने के मामले में 29 नवंबर को न्यूयॉर्क पुलिस की चार्जशीट सामने आई थी। इसमें भारतीय नागरिक निखिल गुप्ता पर पन्नू की हत्या की साजिश का आरोप है। इसमें लिखा है- भारत के एक पूर्व सीआरपीएफ अफसर ने उसे पन्नू की हत्या की प्लानिंग करने को कहा था।



प्रकाशक एवं मुद्रक विशाल धीमान द्वारा फोकस हिमाचल मीडिया प्रा. लि. के लिए बायोसर्ट इंटरनेशनल प्रा. लि. प्लॉट नंबर 8, फेज-2 इंडस्ट्रियल एरिया, नगरोटा बगवां, जिला कांगड़ा (हि.प्र.), पिन नंबर-176047 से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक समरजीत, समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन के लिए पीआरबी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। आरएनआई संदर्भ संख्या-HPIN01099, ई-मेल : anantgyaanmedia@gmail.com, फोन नंबर : 01892-299098, 98168-75517